SHRI BIPINPAL DAS: Dr. Sinha, please be honourable and decent. We are not discussing the Home Ministry of the Congress Government. Whatever they might or might not have done, you have appointed Shah Commission and other commissions. You will say whatever you like; others say whatever they like; let the commissions give the judgment and the guilty will be punished. But what do you say about your Home Ministry? Let us talk about the Home Ministry of the Janata Government. Everyday we see reports of incidents of torture against Harijans. And why? Who gave the courage to the oppressors of Belchi Harijans? Of course, Choudhuri Sahib said that on the basis of reports received from Bihar the Belchi incident was a quarrel between two gangs of criminals. But what does the MPs' Committee say—the MPs' Committee of which Mr. Ramdhan was also a member, one of the secretaries of the Parliamentary Party of the Janata? You know what the Committee has said. But my point is: Who has encouraged these forces? Why atrocities against Harijans and minorities particularly Harijans? Who has given the courage to these forces? Please note this is my assessment and conclusion, this is the assessment and conclusion of the Congress Party-it is those social forces and interests whose sole representatives and whose supreme leader sits in the chair of the Home Ministry today. It is those forces who have encouraged these people to butcher the Harijans. If the Home Minister's conscience is clear, if he thinks I am using very harsh words—I am using them because I feel very strongly; I come from a place where there is no such feeling as Harijans and non-Harijans, Muslims and non-Muslims, and so on, where we have a different kind of society; having been brought up in that place I feel very strongly when minorities and weaker sections and Harijans are tortured like this—if the Home Minister has any conscience left in him, if he is true to his conscience, why does he not accept the proposition made by Kamalapati-

ji? Let there be a commission of inquiry to go into the entire case of *atrocities against Harijans*. What is wrong in it? You can appoint so many commissions. Whenever you talk of law and order, you talk of a police commission. Everywhere there is a commission. Even school children nowadays say that Home Minister today is Mr. Commission Singh. For everything there is a commission. If everything can be done under an inquiry commission, why is the Home Minister hesitating to appoint an inquiry commission to go into the atrocities against Harijans and worker sections of the society? I do not understand why, if his conscience is clear. If he stands for truth and if he stands on solid ground, let there be a Commission and let us find out the truth. Or, let us all be falsified. But he has rejected that proposition. He has declined to accept it because, again, he is an honourable man.

Sir, I must come to an end now. I won't go into the Hindi affair. It is a matter of shame and discrimination. Leave aside other people who try to impose Hindi on non-Hindi speaking areas in this country. Leave aside other people. But the Home Minister himself—he knows English very well, much better than I do or anybody else does—knowing English so well, refused the other day to answer a question in English put in him by a new friend from Karnataka who does not understand a word of Hindi. Is that the way to respect the citizens of this great country? Is it the way to respect people who, in spite of their best efforts, do not know Hindi? All right. I leave it at that.

Now I am coming to the most serious development and this I hope Chaudhuri Saheb will take serious note of. The most serious development that has taken place in the last four months of Janata rule is that the unity and integrity of the nation is being increasingly threatened. When I say this, I say it with full sense of responsibility. After all, the Janata Party has emerged only as a regional party. In spite of all the shouting and clamour against Indira Gandhi, the Janata Party has emerged only as a regional party, I am sorry to say. You have lost West Bengal, you have lost Tamil Nadu, you have lost Pondicherry and you have lost Goa. Even as a regional party, it is not a party in the true sense of the term, because no less a person than Babuji said that it is only a conglomeration of groups. Even J. P. said yesterday that Janata Party is yet to become a party in the true sense of the term. And this is the cause of danger to the unity and integrity of the nation. If the Centre is ruled by a party which is only a regional party and which is divided within on grounds of policies, programmes and ideals, if such a party rules here, this country's unity and integrity can be threatened any time, any moment. This is my contention. When the so-called *party—I still say 'so-called party'*— which is divided . . .

SHRI LOKANATH MISRA (Orissa): You were the Deputy Minister for External Affairs and I hope you know the history of many of the countries...

SHRI BIPINPAL DAS: I have understood your point.

SHRI LOKANATH MISRA: You know that France has been ruled by coalition Governments...

SHRI BIPINPAL DAS: We are not discussing France.

SHRI LOKANATH MISRA: If your contention, that the Janata Party has not become a party at all, is true...

AN HON. MEMBER: Shri Jagjivan Ram said so.

SHRI LOKANATH MISRA: If it is your contention...

SHRI BIPINPAL DAS: I have understood your point. Let me answer it. India's history, India's social

[Shri Bipinpal Das]

conditions today, India's political background, India's economic situation and everything is different from France, Britain or America. You cannot compare this country with any other country. This was the mistake committed by the Communists at one time and the supporters of monopolists. One tried to compare India with Russia and the other compared India with America... (*Interruptions*). I am not yielding. I must come to a close now. If the so-called party which is divided sharply among themselves on questions of policy and programme and whose groups come to clashes every day and which, as a whole, has emerged only as a regional party confined to the Northern belt, remains at the helm of affairs at the Centre, then national integration faces a grave threat.

Men like Chaudhuri Charan Singh may not be worried about it, because he is not known to have had, at any time, any commitment to the ideals of nationalism, since, after all, he was only a State leader or a district leader and he has never been a national leader. But we the Members of Parliament are feeling very strongly today about it and we are seriously concerned about it. We want a strong Centre and a strong Government at the Centre which could keep the country together by virtue of its influence with and support of the people throughout the country. But, today, Sir, the situation has become very grave because of a weak and internally divided regional party or a conglomeration of groups, to use the words of Babu Jagjivan Ram, having come to the power of the Centre.

I would like to sound a note of warning: Do not try to tamper with the sensitive areas of the North-Eastern Region of the country and also Kashmir. With great difficulty and through patience and perseverance, the Congress succeeded in bringing these areas into the national mainstream, thereby strengthening the national unity and integrity. But the power-intoxicated Janata Party and the Janata Government are trying to flirt with the fissiparous tendencies in these areas. I tell you, you are playing with fire and, if you carry on like this, the country will be on the road to disaster. You do not know these areas. I beg of you, in the interest of Indian unity, in the interest of India's integrity and in the interest of this great country, not to flirt with the fissiparous tendencies in these sensitive areas. Otherwise, you will take this country to disaster.

[The Vice-Chairman, (Shri U. K. Lakshmana Gowda) in the Chair.]

Sir, the Congress will continue to fight for its ideals, for its policies and for its programmes. Do not think that the Congress is dead or demoralised. The Congress is not dead. It is very much alive and kicking and the last Assembly elections have shown that. Your vote has gone down by twenty per cent; but our vote has gone up and not gone down. We will continue to fight for our policies, for our programmes and for our ideals and we will not give up our fight and we shall not also allow you to rest in peace. That also I may assure you. The Congress has not—Chaudhuri Saheb, please note—lost its teeth. Now, Sir, I hope that the Home Minister will correctly interpret the meaning of this sentence. "The Congress has not lost its teeth". Otherwise, he may say, when I say that the Congress has not lost its teeth, that it is trying to show its false teeth. No; that is not the case.

SHRI N. P. CHAUDHARI (Madhya Pradesh): Sir, the Home Minister is going away now. Is he staging a walk-out? What will happen to the debate?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA): There are other Ministers here now.

SHRI BIPINPAL DAS: Sir, it is a great misfortune and it is indeed a

great tragedy that in this country we have today one as our Home Minister—I note that he is not here just now, but I would request Advaniji to convey these words to him—we have today one as our Home Minister who has not cared to see with his own eyes how this great country looks like whose knowledge about the present day India is derived from the notes and briefs of the bureaucrats, whose range of vision has never crossed the boundaries of U.P., if not the district of Meerut, whose so-called philosphy and ideology have been based entirely on the interests of only one class, that is, the kulaks, whose mental make-up has been shaped by nothing but crude power politics and whose entire political career—I am very sorry to say this—has been guided and motivated by one single factor that is casteism..... (*Interruptions*) ....I am very sorry to say this. But I must tell you this in the interest of truth. I can end, Sir, only by saying a prayer to God.

> Oh, God, save us, save this country from the hands of one who has put on a cap which is much larger than his head!
>
> (*Interruptions*)

श्री श्रीकान्त वर्मा (मध्य प्रदेश) : उप-सभाध्यक्ष महोदय, मार्च के तीसरे हफ्ते में एक महत्वपूर्ण घटना घटी । एक पर्दा गिरा और दूसरा पर्दा उठा और इस बदले हुए रंगमंच पर चौधरी चरण सिह जी ने हेमलेट की तरह यह कहते हुए प्रवेश किया कि—

There are more things in heaven and on earth than are dreamt of

जिस तरह से हेमलेट को अपने पिता का प्रेत नज़र आता था, कुछ उसी तरह गृह मन्त्री महोदय को अभी हाल के अतीत के प्रेत नज़र आते ह । मैं इमरजेंसी का समर्थक पहले भी नहीं था और अब भी नहीं हूं और वह अपने विवेक से, उसमें कोई सन्देह नहीं, सब लोग जानते हैं । लेकिन केवल इमरजेंसी में ही ज्यादतियां नहीं हुई हैं और जैसा कि श्री विपिन पाल दास जी ने कहा, इमरजेंसी में जो भी ज्यादतियां हुई है उनके लिए बहस के और भी फौरम है । फिलहाल पिछले चार-पांच महीनों में क्या हुआ है ? क्या ये ज्यादतियां इमरजेंसी से किसी कदर कम है ? क्या केवल फार्म बदला है या सब्सटेंस भी बदला है ? क्या केवल सरकार बदली है या कि नीतियां भी बदली हैं ? या केवल नीतियां बदली हैं कि दावे भी बदले है ? महानुभाव, आप भी उतने ही मार्टल हैं, आप भी उतने ही नश्वर हैं जितनी कि कांग्रेस पार्टी । तो केवल राजनीति कहिये, आप साफ साफ कहिये कि हम राजनीति में विश्वास करते हैं, आपसे किसी को शिकायत नहीं होगी । लेकिन आप बड़े बड़े दावे करते हैं । आप कहते हैं कि आप वह सब नहीं करेंगे जो कांग्रेस पार्टी ने किया । कांग्रेस पार्टी ने बहुत से काम मजबूरी से किये, लेकिन आप ये काम मजबूरी से नही, अपनी इच्छा से कर रहे हैं । उसी मजबूरी की वजह से आप यहां आये हैं । आपने चुनाव जाति के आधार पर लड़ा । यह पहला चुनाव हिन्दुस्तान में हुआ जो जाति को लक्ष्य बना कर उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और मध्य प्रदेश, यानि जहां जहां भूतपूर्व भारतीय लोक दल की शाखाएं थी, वहां वहां जातिवाद को आधार बना कर चुनाव लड़ा गया । परसों चौधरी चरण सिंह जी ने अपने वक्तव्य में मनुस्मृति का हवाला दिया और बार बार यह कहा कि सैकड़ों वर्षो से हरिजनों पर अत्याचार होते आ रहे हैं । लेकिन हाल में जो अत्याचार हुए वह पुरानी परम्पराओं में ही नहीं पैदा हुए हैं, लेकिन उनके लिए कुछ राजनीतिक परिस्थितियां पैदा की गई हैं क्योंकि कांग्रेस हरिजनों और मुसलमानों के वोटों से जीतती थी और क्योंकि उस वर्ग के प्रति उस वर्ग के मन में प्रतिहिसा थी, जो जनता पार्टी के समर्थक हैं और जो जनता पार्टी में सबसे बड़ा घटक भारतीय लोकदल के समर्थक हैं, इसलिए उस दल ने चुनाव के बाद उससे बदला लेने का सिलसिला आरम्भ किया है । बेलची की घटना और खुद चौधरी चरण सिंह के पड़ौस में हुई घटना, मध्य प्रदेश में दिल्ली में हुई

[श्री श्रीकांत वर्मा]

घटनायें---तालिका बहुत लम्बी है, ये घटनायें आकस्मिक नहीं हैं, यह नहीं है कि कुछ सवर्णों को बैठे बैठे गुस्सा आ जाता है और वह हरिजनों को सताने लग जाते हैं, इसके पीछे एक सुनियोजित योजना है और वह यह है कि हरिजनों, मुसलमानों और कमजोर वर्गों को जबरदस्ती जनता पार्टी के फोल्ड में लाया जाए । अगर वह जनता पार्टी का समर्थन नहीं करता और जनता पार्टी के प्रणेता चौधरी साहब के कदमों पर आंखें मूंद कर चलने को तैयार नहीं, तो सताया जाएगा । हो सकता है चौधरी साहब को इस बात की खबर न हो, इसलिये वह वहां जाएं और जाकर देखें कि उनके इलाके के आसपास क्या हो रहा है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, बहुत कमीशन चौधरी साहब ने बैठाये Commissions in the left of him, commissions in the right of him, commissions in front of him and commissions at the back of him. लेकिन उन्होंने अभी चार रोज पहले एक कमीशन हरिजनों पर हो रहे अत्याचारों पर बैठाने से इंकार कर दिया । आखिरकार क्यों ? क्योंकि चौधरी साहब का इतिहास नया नही है, बहुत पुराना है । हरिजनों, स्त्रियों और उन तमाम चीजों से, जिनसे कि समाज बना है, चौधरी साहब को आज से नहीं बहुत पहले से घृणा है । यही घृणा बहुत से रूपो में अभिव्यक्त हो रही है । आज से 6 महीने पहले आपको मुसलमानों ने वोट दिये थे । मैं भी आगरा गया था । मुझ से मुसलमानों ने कहा था कि हम जनसंघ को वोट देने को तैयार हैं, लेकिन कांग्रेस को वोट देने को तैयार नहीं हैं । अब क्या हो रहा है ? इन 6 महीनों में वे ही आगरा के मुसलमान शोर मचा रहे हैं । आज ही के समाचार पत्रों में देखिये कि मुसलमान यह अनुभव कर रहे हैं कि उनमें भयानक असुरक्षा ने घर कर लिया है । यह चीज क्यों हो रही है, वे क्यों पछता रहे हैं ? जरा अपने दिल पर हाथ रख कर सोचिए । अगर आप अपने दिल पर हाथ रख कर नही सोचेंगे और यह अनुभव करेंगे कि जो कुछ भी उस ओर से कहा जा रहा है वह केवल एक बहस है तो आपका भी वही हाल होगा जो आपके पूववर्तियों का हुआ है । जरा दिल पर हाथ रख कर सोचिए ।

श्री एन० पी० चौधरी : दिल ही नहीं है ।

श्री श्रीकान्त वर्मा : दिल तो है, लेकिन वह दिल पत्थर का है क्योंकि वह पिघलता नहीं । देश मे पिछले पांच महीनों में कितने क्राइम्स हुए हैं चौधरी साहब तो गृह मन्त्री होने के नाते बड़े आंकड़े इकट्ठे कर सकते हैं । आंकड़े इकटठे करने के हमारे पास कोई साधन नही । लेकिन हम नंगी आंखों से देखते हैं, थोड़ा सा पता लगा लेते हैं कि क्राइम्स कहां हो रहे हैं, कैसे हो रहे हैं । आज तक आप नहीं पता लगा सके कि सुन्दर डाकू के सहयोगी दिन-दहाड़े कचहरी से किस तरह से निकल भागे ? आप अभी तक यह नहीं पता लगा सके कि कर्नल आनन्द ने आत्म हत्या की थी या नहीं । आपने कहा है कि आपने इसे जांच के लिये भेज दिया है । लेकिन मुझे कुछ लोगों ने यह बताया है कि अभी भी सी० बी० आई० के पास यह मामला नहीं गया है । अभी तक यह इंटैलिजेंस के हाथ में ही है ।

दिल्ली में जहरीली शराब पीकर कई लोग मर गये । लेकिन आपकी पुलिस कुछ नहीं कर सकी । पुलिस को दोष देना मैं समझता हूं फिजूल है क्योंकि आपने गुण्डों को और डकैतों को हीरो बना दिया है और पुलिस को उनके हाथों में छोड़ दिया है । आज डकैत और गुडे पुलिस हो गये हैं और पुलिस वाले गुंडे और डकैत माने जा रहे हैं । मैं पुलिस का बहुत विरोधी रहा हूं क्योकि वे ज्यादतियां करते हैं, अशिक्षित हैं । कम पढ़ा-लिखा कांस्टेबुल मे ज्यादा कोई नहीं हो सकता है । मेरा कहना है यह सब अलग समस्या है, उसमें सुधार किया जा सकता है । जिस तरह से पुलिस को हीरो नहीं बनाया जा सकता है, उसी तरह से गुंडों

और डकैतों को भी हीरो नहीं बनाया जा सकता । आपने गुंडों को हीरो बनाया है और उनसे पुलिस को गालियां दिलवा कर उनको निहत्था कर दिया है । आपने उन सब को खत्म कर दिया है । आपने अफसरों के लिये भी यह कहा कि ये ज्यादतियों के लिये जिम्मेदार हैं । अब आपने कमीशन बैठाये हैं और इतिहास भी, जो आप आज कर रहे हैं, 10 साल के बाद कमीशन बैठायेगा । उसके बाद जो जांच होगी उसमें मालूम होगा कि सत्य क्या है ? इमरजेंसी में कितनी ज्यादतियां हुईं और आपने पिछले 6 महीनों में कितनी ज्यादतियां की हैं । इन चीजों की जांच तभी हो सकेगी जब 10 साल बाद कमीशन बैठेगा । मैं इतना कहूंगा कि जब भी आप दावा करते हैं कि इमरजेंसी में बडी ज्यादतियां हुई और जब मैं आपकी ज्यादतियों को देखता हूं तो मुझे वह शेर याद आता है : "हम आह भी करते हैं तो हो जाते हैं बदनाम, वो कत्ल भी करते हैं तो चर्चा नही होती" चर्चा इसलिये नहीं होती, क्योंकि प्रेस भी आपका है । पहले तो यह था कि सेंसर था अब सेंसर नही है । सेंसरशिप न होने के बावजूद भी आपने प्रेस पर इतना जोर दिया है कि प्रेस का गला घुट गया है, किसी तरह से प्रेस की आवाज बन्द हो गई है और इस तरह से आपने ज्यादातर लोगों की जबान बन्द कर दी है और लोगों का गला घोंट दिया है और उसके बाद भी आप दावा करते हैं कि आपके राज में स्वाधीनता है । भंडारी जी ने अभी स्वतन्त्रता की बात कही । मैं समझता हूं कि स्वतन्त्रता कोई सतही चीज नही होती है । स्वतन्त्रता केवल हथकड़ियां हटा देने से नहीं मिलती है । हथकड़ियां हाथों में न होते हुए भी आदमी गुलाम हो सकता है । इस देश मे बहुत पुराने समय से गुलामों की कमी नहीं रही है । गुलाम को केवल हाथो में हथकड़ियां बांध कर घसीटा ही नहीं जाता है बल्कि सड़कों पर सीना तान कर बांस के सामने उसके चरणों पर रखा जाता है । गुलाम झूठ बोल सकता है, झूठी गवाही दे सकता है, लोगों का कत्ल कर सकता है और जो भी जुल्म उसका बौस उससे करवाना चाहे वह कर सकता है ।

4 P. M.

डा० रामकृपाल सिंह : आपको इसका अच्छा अनुभव हो गया है...

(*Interruptions*)

श्री श्रीकान्त वर्मा : आज आप स्वाधीनता की बात करते है । (*Interruption*) उपसभाध्यक्ष महोदय, यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है, इसलिये मुझे इस पर बोलने का वक्त दीजिये ।

आज हमारे देश में यह स्थिति हो गई है कि छोटे-छोटे स्टेशनों पर कर्मचारियों की हत्या की जा रही है । काकोरी में असिस्टेंट स्टेशन मास्टर की हत्या कर दी गई है । यह कोई स्टेट सबजेक्ट नही है । रेलवे का विभाग केन्द्रीय सरकार के अन्तर्गत आता है । रेलवे में जो कुछ हो रहा है, उसकी जिम्मेदारी आपकी है । आप इसका स्पष्ट जवाब दीजिये । काकोरी मे यह हत्या काण्ड किन परिस्थितियों में हुआ, इसको स्पष्ट किया जाना चाहिए । चौधरी चरण सिंह जी बहुत लम्बी बातें करते हैं । वे मुझे नहीं जानते है, लेकिन मैं अखबारों में काम करने वाले रिपोर्टर की हैसियत से उनको बहुत अच्छी तरह से जानता हूं । जो आदमी लम्बी-लम्बी बातें करता है वह कभी-कभी गलत बातें भी कह जाता है । राजहरा के मामले में क्या हुआ, यह किसी से छिपा हुआ नही है । वहा पर कितने ही आदमियों को गोली से उड़ा दिया गया । 11 जून को मध्य प्रदेश के समाचार-पत्रो में एक समाचार छपा कि 80 आदमियों को राजहरा में गोली से भून दिया गया । इस समाचार को देने वाला सम्वाददाता कांग्रेस का समर्थक नहीं था बल्कि जनता पार्टी का समर्थक है । मेरे पास वहां की तस्वीर है । अगर आप चाहें तो मैं आपको यह तस्वीर दिखा सकता हूं जिसमें मरी हुई एक नंगी औरत को दिखाया गया है । राजहरा में इतना बड़ा काण्ड हो

[श्री श्रीकान्त वर्मा]

गया, लेकिन फिर भी आप स्वाधीनता की बात करते हैं। आपको इस बात पर गम्भीरता पूर्वक सोचना चाहिए कि राज्यों मे जो सूचनाएं मिल रही हैं उनमें कहां तक सच्चाई है। बेलची के बारे में पहले कुछ सूचना दी गई और बाद में कुछ और सूचना दी गई।

जहां तक राजनैतिक घटनाओं का सम्बन्ध है, तमाम राज्यों में जहां पर कांग्रेस की सरकार थीं, एक दो राज्यों को छोड़ कर, उनकी विधान सभाएं भंग कर दी गई। उन दिनों आस्ट्रेलिया का एक डेलीगेशन हिन्दुस्तान में आया हुआ था। उसके एक सदस्य ने अखबारों में यह समाचार पढ़कर आश्चर्य व्यक्त किया और कहा कि इतने राज्यों की विधान सभाएं किस प्रकार से भंग कर दी गईं? यह एक अनहोनी घटना थी। कांग्रेस ने जब इस प्रकार से कभी किसी राज्य की विधान सभा भंग की तो आपने उसका हव्वा खड़ा कर दिया। आप सड़कों पर आन्दोलन करने लगे। लेकिन कांग्रेस ने सड़कों पर जलूस नहीं निकाला। कांग्रेस को इसकी आदत नहीं है। कुछ दिनों में उसकी भी आदत हो जाएगी। कांग्रेस पार्टी अपने कर्तव्यों को पूरा करना चाहती है जब कि जनता पार्टी पोलिटिक्स से प्रेरित होकर काम करती है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA): Mr. Verma, will you kindly wind up?

SHRI SHRIKANT VERMA: I will take just five minutes, Sir, with your permission. This is a very important subject and this does not come up before the House very often.

आपने दल बदल के बारे में बड़े-बड़े दावे किये। लेकिन किस तरह से दल-बदल आपने कराया, इसकी मिसाल कहीं भी दुनिया के इतिहास में नहीं मिल सकती और न आगे चल कर मिलेगी। दुनिया के तमाम देशों में चाहे तमाम असेम्बलियों में जितना भी दल-बदल हो, पर वह इतना बड़ा नहीं होगा। आपने न जाने किस तरीके से, क्या इंजीनियरिंग करके, इतना बड़ा दल-बदल कराया। ऐसा लगता है कि लोगों को आपसे बहुत कुछ सीखना पड़ेगा। इसलिए आप अपने बड़े-बड़े दावे समाप्त कीजिये। आप टालस्टाय के हीरो नहीं हैं जो कि अपने पापों का प्रायश्चित करते हैं। आप साधारण इंसान हैं। आप उत्तर प्रदेश में पैदा हुए हैं। आप भारत की धरती पर बड़े हुए हैं और भारत की धरती में जो गुण-अवगुण हैं वह आपमें भी हैं। अगर आप में वह गुण-अवगुण न होते तो आप चुनाव आयोग मे इस प्रकार चिट्ठी न...

श्री चरण सिंह : यह आप क्या बोल रहे हैं।

श्री श्रीकान्त वर्मा : मैं आपकी तारीफ कर रहा हूं। मैं कह रहा हूं कि आप भारत की धरती के हैं।

देखिये, मैं पहला वक्ता हूं जो कि कांग्रेस पार्टी की भी आलोचना कर रहा हूं और आप की भी। इसलिये आपको गौर से सुनना चाहिए। क्या परिवर्तन हुआ है। जब पांच साल पहले कांग्रेस के एक नेता ने किसी तस्कर, स्मगलर के साथ फोटो खिचवाया तो उस समय कितनी हाय-तोबा मची। न जाने कितने पत्र लिखे गये। मदरलैण्ड ने उस पर सम्पादकीय लिखा, कमेंट्स लिखे। लेकिन पिछले चार महीनों में न जाने आपके कितने नेता, मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहता, बड़े सम्मानित नेता हैं, एक तो सदन के सदस्य भी हैं, वह तस्करों के साथ अपने फोटो खिचवाते हैं। हो सकता है कि उनकी नीयत अच्छी हो। मैं इसकी बुराई नहीं करता। नीयत उनकी साफ है, इसमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन गुंडों के साथ, तस्करों के साथ फोटो खिचवाने का क्या अंजाम होगा? उसका अंजाम यह होगा कि पुलिस

वाले सिर झुका कर तस्करों के सामने से गुजरेंगे और तस्कर पुलिस वालों के सामने सीना तानकर गुजरेगा ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA): Mr. Verma, kindly wind up now. There is a large number of speakers from your party.

SHRI SHRIKANT VERMA: Sir, I will wind up just now.

SHRI KALP NATH RAI (Uttar Pradesh): Sir, please allow him to speak.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA): How can I allow him to speak for such a long time?

There are more than 20 speakers in the list.

आप स्वाधीनता की बात मत कीजिये । आप बड़े-बड़े दावे मत कीजिये, आप सादगी की बात मत कीजिये । आप मत कहिये कि मंत्री छोटे बंगलों में रह रहे हैं । आपके मन्त्री बड़े-बड़े बंगलों में रहते हैं । तीन दिन पहले . . .

श्री चरण सिंह : आप एड्रेस किस को कर रहे हैं, आपसे मैं यह पूछना चाहता हूं ?

श्री श्रीकान्त वर्मा : मैं आपको कर रहा हूं ।

(Interruptions)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA): Please address me. Order order, please.

SHRI SHRIKANT VERMA: Sir, if I address you by name, it will look very vulgar because you are too senior. So, I am not addressing you by name.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA): Anyway, you can now address yourself to winding up, please.

श्री कल्प नाथ राय : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आप चौधरी साहब से कहिये कि वह गुस्सा न हों ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA): He just mentioned that the speaker should address the Chair, that is all.

THE LEADER OF THE HOUSE (SHRI LAL K. ADVANI): Mr. Vice-Chairman, Sir, the point of order related only to a simple custom. It is the practice of the House that when you say 'you' the second person, it is always addressed to the Chair. If the Minister is to be addressed, he is always 'he' or the Minister of so and so. It is just a simple custom.

SHRI SHRIKANT VERMA: All right, I concede this point. I will now address as Chaudhari or hon. Home Minister. If you are offended by such a simple thing, then I wonder what will happen outside where so many things are said about you. Why don't you get offended there? Since I am here in the opposition you just want to gag me.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA): I think you can stop now, otherwise, a number of Congress speakers will not be able to speak. Please conclude now. I will now call the next speaker. There are even other party spokesmen.

श्री कल्पनाथ राय : वे कनक्लूड कर रहे हैं ।

श्री श्रीकान्त वर्मा : मैं केवल यह कहना चाहता हूं कि जैसा कि टी० एस० इलियट ने, इस शताब्दी के सबसे बड़े अंग्रेज कवि ने अपनी कविता में कहा है, मुझे पता नहीं कि हमारे गृह मन्त्री जी को कविता से प्रेम है या नहीं है । लेकिन वे जरा गौर से सुनें । उन्होंने अपनी कविता में लिखा है :

"In my beginning was my end"

जनता पार्टी के बारे में भी आज यही बात कही जा सकती है ।

"In the beginning was your end"

आपकी समाप्ति की शुरूआत हो चुकी है । आप उसको देखिये और इस समाप्ति के लिय बहुत हद तक हमारे गृह मन्त्री जी जिम्मेदार है । उन्होंने पिछले दिनों में जो कुछ कहा है, उससे जनता पार्टी का विघटन हो रहा है और उससे जनता पार्टी समाप्त होगी । हम नही चाहते कि जनता पार्टी की सरकार समाप्त हो । हम चाहते हैं कि 5 साल तक वह कार्य करे । 6 महीने में बदलने वाली स्थिति हम नहीं पैदा करना चाहते । कम से कम मैं यह नहीं करना चाहता लेकिन जब मैं चौधरी साहब को इस सदन में और सदन से बाहर देखता हूं तो मुझे गेटे के एक पात्र मैफिस्टोफिलिस की यह बात याद आती है :

"Here I sit like a king on this throne. Here is my sceptre, but where is the crown?"

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA): I will now call the next speaker. Please sit down, Mr. Verma.

श्री श्रीकांत वर्मा: श्रीमन् *(Interruption)* आखिर में चौधरी साहब के सामने मैंने बहुत सी अंग्रेजी की कविताए पढ़ीं । अंग्रेजी भाषा से उन्हें नफरत है, अंग्रेजी समाचार-पत्रों से उन्हें नफरत है, इसलिए हिन्दी में तुलसीदास जी का एक दोहा कहे देता हूं :

जाको प्रभु दारुण दुःख देही,
ताकी मति पहले हर लेही ।

SHRI N. P. CHAUDHARI: On a point of information, Sir. How much time you are allowing to every Member?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA): Ten to twelve minutes.

SHRI N. P. CHAUDHARI: That is not sufficient. There should be a little more time. It is such an important discussion.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA): Congress Party itself has sent in twenty names. There are six other names and the whole thing has to be over by 6 O'clock. It is not possible to allow more time. I can allow two or three minutes more. Now, Mr. Yogendra Sharma will speak.

SHRI N. P. CHAUDHARI: Sir, it is not sufficient at all.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA): Mr. Chaudhari, please sit down. You request your Whip to withdraw names and then I can allow more time.

SHRI YOGENDRA SHARMA (Bihar): As far as I know, I am the only Member from my party.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA): You can have fifteen minutes.

श्री योगेन्द्र शर्मा : मान्यवर, जनता पार्टी की सरकार ने इमरजैसी को समाप्त किया, नागरिक अधिकारों की पुनः स्थापना की, हम और हमारी पार्टी इसका हार्दिक समर्थन करते हैं । लेकिन साथ ही हमें आश्चर्य होता है कि जनता पार्टी की सरकार के नेता लोग जो खुद इमरजैंसी के जुल्मों के शिकार रह चुके हैं, मीसा के अन्तर्गत जेल की सजा काट चुके हैं, जब आज जनता पार्टी की सरकार चल रही है तो अभी तक उन्होंने मीसा को क्यों नहीं उठाया ? जिस कानून के मातहत वे जेल की सजा भुगत चुके है, उसी मीसा को अभी भी आप कायम रखे हुए है । बल्कि कायम ही नहीं रखे हुए अभी जम्मू काश्मीर में चुनाव हुए तो इन चुनावों ने आपने मीसा का इस्तेमाल किया और करीब डेढ़ हजार लोगों को मीसा में आपने गिरफ्तार किया और जेल

में डाल दिया । तो यह परिस्थिति की बहुत कटु विडम्बना है कि जिस मीसा के शिकार आप रह चुके हैं आज उस मीसा को खतम करने की बजाय आप दूसरों के खिलाफ उस का इस्तेमाल कर रहे हैं । हम आपसे यह अनुरोध करेंगे कि मीसा को तुरन्त समाप्त कर दिया जाए । भंडारीजी ने बहुत सही कहा कि सिद्धांत रूप में बिना मुकदमा चलाए किसी को जेल में नही रखना चाहिए । यहां तक भंडारी जी पहुंच गए और जब यहां तक पहुंच गए तो उन्होंने यह क्यों नही मांग की कि मीसा को समाप्त करो, मीसा ठीक इस सिद्धांत का उल्लंघन करता है । मान्यवर, जनता पार्टी की सरकार ने इमरजैंसी के दौरान जो जुल्म और ज्यादतियां हुई, उनकी जांच के लिए कमीशन नियुक्त किए हैं । हम जनता पार्टी के इस कदम का हार्दिक समर्थन करते हैं । हम आशा करते हैं कि यह कमीशन शीघ्रातिशीघ्र अपने कामों को करेंगे और जो भी दोषी पाए जाएंगे उनको उचित दंड मिलेगा । हम यह चाहते हैं कि यह काम पार्टीबाजी के आधार पर नही होना चाहिए । यह काम किसी राजनीतिक द्वेष या राजनीतिक मंशा से नहीं होना चाहिए । बल्कि इस देश के भीतर जनतंत्र की अच्छी से अच्छी परम्परा कायम करने के लिए और उसको विस्तृत और व्यापक बनाने के लिए इस उद्देश्य से होना चाहिए । अगर आज हम उद्देश्य देखते हैं तो हमको शंका होती है और वह इसलिए होती है आज भी हमारे समाज में जो कमजोर लोग है, गरीब लोग है, हरिजन लोग है, आदिवासी लोग हैं . . . जो, मान्यवर, अधिकारों से वंचित हैं, जिन पर अमानवीय पाशविक अत्याचार हुए हैं । जब उनके बारे में जांच करने की बात उठती है तो आप अस्वीकार कर देते हैं । क्या इस देश में जनतंत्र सही मानों में स्थापित हो सकता है यदि दर्जनों आदिवासी मारकर आग में जला दिये जायें ? नहीं हो सकता है । हम लोग आग्रह कर रहे हैं, बिनती कर रहे है कि आप इसका एक जांच कमीशन बहाल कीजिए । आप कहते है नहीं । आपके दो तर्क हैं । एक तर्क तो यह है कि यह वाकये बहुत दिनों से हो रहे हैं । हम लोग कहते हैं कि बहुत दिनों से तो हो रहे हैं मगर जब से जनता पार्टी का राज कायम हुआ है, तब से यह चीजें तेज हो गयी हैं । आप कहते है नहीं । इस बात का फैसला कैसे होगा ? इसी बात का फैसला करने के लिये तो जांच कमीशन की आवश्यकता है । जांच कमीशन आप बहाल कीजिए मालूम हो जायेगा कि, हां, जब से जनता पार्टी का राज कायम हुआ है तब से हरिजनों पर, आदिवासियों पर, अल्पसंख्यकों पर, निर्बलों पर, दुर्बलों पर अत्याचार हुए हैं ।

दूसरी बात यह कहते हैं कि हम लोग राजनीतिक द्वेष से ऐसी बात कह रहे हैं । हम लोग विपक्षी ह इसलिये ऐसी बात कह रहे हैं । लेकिन मान्यवर, केवल विपक्षी दल आज यह बात नहीं करता, आज जनता पार्टी के जो एलाय है, वह भी इस बात को कह रहे हैं । जनता पार्टी के एलाय हमारे देश में सी० पी० एम० हैं । सी० पी० एम० के अखबार "पीपुल्स डेमोक्रेसी" ने अपने 24 जुलाई के अंक में लिखा है :

"The Janata party leadership should not fail to note that some big notorious landlords have entered the party, and immediately after the Lok Sabha poll, in a number of villages, these notorious anti-social elements had attacked the poorer people and tried to evict them from their huts and tiny plots of land. The unfortunate trend of attack on the weaker sections by the landed gentry became intensified during the State Assembly poll and it is continuing after the elections."

यह आपके विरोधी नहीं हैं । यह आपके एलाय कहते हैं और आपके एलाय ही नहीं बल्कि आपकी पार्टी के नेता भी यह बात कहते हैं, हम औरों की बात यहां पर नहीं कहना

[श्री योगेन्द्र शर्मा]

चाहते ह . . . (*Interruption*) जगजीवन बाबू की बात तो सबको मालूम है मगर जो बात लोगों को नहीं मालूम है वह बात हम पेश करना चाहते हैं । आपकी ही पार्टी के एक नेता संसद सदस्य, श्री राम मनोहर राकेश ने अपने एक वक्तव्य में कहा कि जितनी ज्यादतियां हरिजनों व कमजोर वर्गों पर देश भर में हो रही हैं उससे कहीं ज्यादा गृह मंत्री के जिले व चुनाव क्षेत्रों में हो रही है ।

श्री कल्प नाथ राय : वह जनता पार्टी के आदमी हैं ।

श्री योगेन्द्र शर्मा : जुर्म लगातार बढ़ रहे हैं । इन ज्यादतियों के प्रकाश में आने के बाद अब पुलिस वाले अपराधियों के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज नहीं कर रहे है । आप पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर आंकड़े पेश करते हैं और आंकड़ों का यह हाल है कि आपकी पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं करती है । कहां से आपको रिपोर्ट मिलेगी कि ज्यादतियां हो रही हैं । उन्होंने अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही न करने पर क्षोभ व्यक्त किया है । तो उसको आप यह कह कर के नहीं टाल सकते हैं कि यह विरोधी दल का राजनीतिक स्वार्थ या राजनीतिक द्वेष है कि जांच कमीशन बहाल करो । हम समझते हैं कि इस देश में स्वच्छ परम्परा को कायम करने का तकाजा है कि जब इतने बड़े पैमाने पर हरिजनों के खिलाफ ज्यादतियां हो रही हैं, अत्याचारों की बातें उठ रही हैं तो इसका एक ही उपाय है कि आप एक जांच आयोग की स्थापना करें । आप कह सकते हैं कि यह ला एण्ड आर्डर का सवाल तो स्टेट का सब्जेक्ट है । लेकिन हम यह नहीं भूल सकते हैं कि हरिजनों के बारे में, आदिवासियों के बारे में कुछ संविधानिक अधिकार हैं और उन अधिकारों की रक्षा करना केन्द्रीय सरकार की जिम्मेदारी है । और इसलिए केन्द्रीय सरकार का यह विशेष कर्त्तव्य हो जाता है कि इस सिलसिले में कुछ कदम उठाएं नहीं तो आप पर दुहरे मापदण्ड का अभियोग आएगा और हम समझते हैं यह अभियोग भी आयेगा कि आप इस देश में तमाम लोगों को नागरिक अधिकार सुलभ कराने की बजाए, तमाम लोगों को जनतांत्रिक अधिकार सुलभ कराने की बजाए जो कमज़ोर हैं, सब से ज्यादा पददलित हैं, सबसे ज्यादा पीड़ित हैं, सबसे ज्यादा शोषित हैं, उनके लिए और अधिक विपत्तिपूर्ण परिस्थिति तैयार कर रहे हैं ।

इसी संबंध में मैं एक बात निवेदन करना चाहूंगा । हमारे देश में हरिजनों का एक बहुत बड़ा समुदाय जिसको अंगरेजी में "नियो बुद्धिस्ट" कहते हैं, वे हरिजन जिन्होंने बौद्ध धर्म को अपना लिया है, जब चूंकि उन्होंने बौद्ध धर्म को अपना लिया है तो सरकार कहती है हरिजनों के मुताल्लिक जो एक विशेष सुविधा देने का प्रावधान है वह आधार चला गया । इसलिए में गृह मंत्री महोदय से, जनता पार्टी की सरकार से निवेदन करूंगा कि वे हरिजनों को विशेष सुविधाएं देने के प्रश्न में धर्म के आधार पर भेद नहीं करेंगे । यह हमारे कांस्टीट्यूशन की स्पिरिट के खिलाफ है कि हम धर्म के आधार पर भेद करें, हरिजन हिन्दू रहे तब तो उसको शिक्षा के सिलसिले, में आर्थिक स्थिति में सहूलियत मिले लेकिन यदि वह बौद्ध हो जाए, ईसाई हो जाए, मुसलमान हो जाए तो उसको वह सुविधाएं बंद कर दी जाएं, यह हमारे कांस्टीट्यूशन की स्पिरिट के खिलाफ है ।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री राजनारायण) : हिन्दू मानी क्या हैं ?

श्री कल्प नाथ राय : उपसभाध्यक्ष जी, राजनारायण जी मंत्री हैं ।

श्री राजनारायण : कोई बात नहीं समझें तो मंत्री को समझाना तो चाहिये ।

(*Interruption*)

श्री योगेन्द्र शर्मा : मान्यवर, मैं कह रहा था कि हमारे देश में जो पुलिस प्रशासन है वह पुलिस प्रशासन अमीरों के पक्ष में हैं और गरीबों के विपक्ष में है । इस का एक उदाहरण मै आपको पेश करना चाहूंगा कि एक अम्बेडकर अनुसंधान संस्था है, उसने एक अध्ययन किया छोटा नागपुर में । इस अध्ययन को 'समाचार' ने प्रकाशित किया और दुर्भाग्य है कि हमारे देश के तथाकथित राष्ट्रीय अखबारों ने उसे प्रकाशित नहीं किया । उसको प्रकाशित 'जनयुग' ने किया है और उसमें कहा गया है कि अम्बेडकर समाज कल्याण एवम् शोध अनुसंधान के अनुसार छोटा नागपुर में लगभग 50 हजार आदिवासी और हरिजन बेदखली के शिकार हैं और क्या हो रहा है छोटा नागपुर में कि अवैध खनन के आरोप में आए दिन लोग पकड़े जाते हैं । पर आश्चर्य की बात है पकड़े जाने वालों में आम तौर पर गरीब आदिवासी और हरिजन ही होते हैं । इन्हीं की ज़मीन पर दूसरे लोगों ने ज़बर्दस्ती कब्जा कर लिया और वे गैर-कानूनी ढंग से ये खान का काम चलाते हैं और जब धरपकड़ होती है तो ये बेचारे हरिजन पकड़े जाते हैं और चोरी छिपे काम करने वाले, खान का काम करने वाले नहीं पकड़े जाते । यह पुलिस प्रशासन अमीर-पक्षी है और गरीब विरोधी है । हम इसके और पहलू पर नहीं जाना चाहते पर इसके एक दर्दनाक पहलू की ओर हम गृह मंत्री जी का ध्यान खींचना चाहेंगे ।

इमरजेन्सी के दौरान केरल में राजन का केस हुआ था । सारे देश में उसका तहलका मचा । हम केरल सरकार को बधाई देते हैं कि उन्होंने इसके सिलसिले में बहुत ही उचित और कठोर कदम उठाया । चार-चार बड़े पुलिस अधिकारियों को उन्होंने गिरफ्तार कर के जेल में ठूंस दिया । लेकिन आज बिहार में क्या हो रहा है ? आज उत्तर प्रदेश में क्या हो रहा है ? बिहार में सिर्फ जुलाई के महीने में पुलिस हिरासत में चार आदमी मार डाले गये । मैं उन के नाम बताना चाहता हूं । गंभीर प्रसाद शाह, छोरादामी थाना, पूर्वी चम्पारन जिला, को 3 जुलाई को मार डाला गया । इस के बाद धनपत भूमिग जो सिंहभूमि जिले का था वह पोटका पुलिस की हिरासत में मार डाला गया । इस पुलिस ज्यादती के खिलाफ जमशेदपुर के समीप तालपोखर में सैकड़ों आदिवासियों ने प्रदर्शन किया । शोभारी राय और खोमारी राय, गाव सैंहारा, थाना बसनाहा, जिला सीतामढ़ी पुलिस के द्वारा जमींदार के घर पर लाकर मार डाले गये और कहा गया कि वे पुलिस की हिरासत से भाग रहे थे । तो, तीन दिन की बात है । मुंगेर जिले के सुरेश यादव मुफस्सिल थाने की हाजत में 21–22 जुलाई को मार डाला गया । इस तरह से इस जुलाई में ही पुलिस की हिरासत में इन चार आदमियों को मार डाला गया और हुआ क्या अधिक से अधिक यह हुआ है कि उस थाने के हवलदार को मुअत्तल कर दिया गया एक तरफ केरल का उदाहरण है कि आई पी एस अफसर, डी आई जी को गिरफ्तार कर के जेल में डाल दिया गया और दूसरी तरफ इस तरह के अत्याचार यहां हो रहे हैं लेकिन उन को गिरफ्तार भी नहीं किया जाता । तो मैं चाहूंगा गृह मंत्री महोदय इस सिलसिले में कोई नीति निर्धारित करें । कोई भी व्यक्ति यदि पुलिस की हिरासत में मर जाता है तो उसकी हिरासत के लिये जो जिम्मेदार पुलिस अधिकारी है उस को तुरन्त पकड़ कर जेल में डालना चाहिए और उस पर 302 का मुकदमा चलाना चाहिए मान्यवर, हमारा जो पुलिस प्रशासन है वह औपनिवेशिक व्यवस्था का अभी भी एक अवशेष है । इस सिलसिले में भंडारी जी ने भी कहा है । मैं उस को दोहराना नहीं चाहता । 1947 से 1976 तक के सालों के बीच पुलिस फोर्स में 80 गुना बढ़ती हुई है । आजादी के बाद पुलिस फोर्स में 80 गुना बढ़ती हुई है और देखिये कि अपराधों की क्या हालत है । हम को कहने की जरूरत नही, हमारे माननीय सदस्य कह रहे थे कि आप की नाक

[श्री योगेन्द्र शर्मा]

के नीचे राजधानी में संसद सदस्यों के घरों में ही चोरियां हो रही हैं और उन के घर भी आज सुरक्षित नहीं है ।

श्री देवराव पाटील (महाराष्ट्र) : कोई इंक्वायरी भी नहीं करता ।

श्री योगेन्द्र शर्मा : तो 80 गुना पुलिस फोर्स बढ़ गया और 6 वर्षों के भीतर उनके खर्च में 110 फी सदी की बढ़ती हुई । हर साल 18 से भी ज्यादा फीसदी पुलिस का खर्च बढ़ा लेकिन उसके बाद भी अपराध बढ़ते जा रहे हैं और न पुलिस में मानवता आ रही है, न उनमें सेवा करने का भाव आ रहा है, न जनता के कल्याण की भावना है और न जनता की सहायता करने की बात है । इस दृष्टिकोण का उनमें पूर्ण अभाव है ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA): Mr. Sharma, please wind up now.

SHRI YOGENDRA SHARMA: I am the only speaker from my party.

तो मैं यह कह रहा था कि पुलिस प्रशासन में सुधार करने की आवश्यकता है । मैं इस सिलसिले में तो, तीन चीजें कहना चाहता हूं । आप पुलिस ट्रेनिंग में आमूल परिवर्तन कीजिए । अभी जो पुलिस ट्रेनिंग है उसमें जोर फायर आर्म्स पर दिया जाता है । लेकिन उसके लिये हम दूसरी चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं । ज्यादा जोर फायर आर्म्स पर नहीं होना चाहिए बल्कि जोर इस बात पर होना चाहिए कि कैसे इंवेस्टीगेशन में आधुनिकतम तरीके इस्तेमाल किये जायें । यह उन लोगों को सिखाया जाना चाहिए ताकि उनको ज्यादा मारपीट न करनी पड़े । तो इसलिये उस ट्रेनिंग में आमूल परिवर्तन करने की आवश्यकता है । पुलिस फोर्स जनता का सेवक बने, जनता का रक्षक बने, उसका भक्षक नहीं ।

दूसरी बात पुलिस की भरती के सम्बन्ध में है । हम समझते है कि यदि पुलिस फोर्स में 50 फी सदी हरिजन और आदिवासियों को भरती किया जाए तो हमको विश्वास है कि हरिजनों और आदिवासियों पर जो जुल्म होते हैं उनमें से 50 प्रतिशत की कमी हो जाएगी । क्यों नहीं आप पुलिस और आर्म्ड कांस्टेबलरी में हरिजनों और आदिवासियों को अधिक से अधिक संख्या में भरती करते हैं? वे पढ़े लिखे नहीं हैं, लेकिन उनके पास श्रम है, शारीरिक कुवत है, उनको लीजिए । हम समझते हैं कि उनकी भरती के बारे में भी आपको सोचना चाहिए ।

श्रीमन्, चुनाव के बारे में हम ज्यादा समय न लेकर एक बात कहना चाहते हैं ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA): You have already taken more time. Please wind up.

SHRI YOGENDRA SHARMA: When others have taken more time, why should I suffer?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA): Because you are the only speaker from your party, I allowed you more time.

श्री योगेन्द्र शर्मा : मैं कह रहा था कि अभी भी हमारे गांवों में जो कमजोर वर्ग के लोग हैं, खासकर हरिजन और गरीब हैं, उनको वोट नहीं देने दिया जाता । भारतीय जनतंत्र के लिए यह शर्म की बात है कि अभी भी हमारे समाज का एक बहुत बड़ा तबका बालिग मताधिकार का उपयोग करने से वंचित है । हम समझते हैं कि इस समस्या की ओर गृह मंत्रालय को जल्दी से जल्दी ध्यान देना चाहिए यदि वे सही माने में, ईमानदारी के

साथ जनतंत्र को सिर्फ अमीरों तक ही सीमित नहीं रखना चाहते हैं बल्कि समाज के गरीब से गरीब तबकों तक ले जाना चाहते हैं।

आखिर में मैं कहना चाहता हूं कि यहां पर हमें नैतिकता की बात कही जाती है। ठीक है, हमारे देश में नैतिकता की बड़ी आवश्यकता है लेकिन बात कुछ और काम कुछ। यह बात होती रहेगी तो फिर लोगों का विश्वास खत्म हो जाएगा और पता नहीं लोगों का विश्वास खत्म हो जाएगा तो फिर हमारे देश का क्या होगा। एक तरफ हमें नैतिकता की बात करते हैं और दूसरी तरफ खुलेआम दल बदलूपन सिखाते हैं। दल बदलूपन के लिए नये नये प्रलोभन, नई नई प्रेरणा देते हैं। दल बदलूपन का प्रलोभन देना जनता के साथ विश्वासघात करना है। जनता के प्रति विश्वासघात करने वाले लोग कभी भी जनतंत्र के हिमायती नहीं हो सकते हैं। तो क्या कारण है कि दल बदलूपन को रोकने के लिए कानून नहीं लाया जा रहा है? हम समझते हैं कि बहुत वर्षों से कांग्रेस के भाई लोग नहीं लाये, कहते रहे कि लायेंगे। जब उनको यह सुविधा थी कि दूसरे दलों को तोड़कर अपने दल में ले लें तो उन्होंने नहीं किया, पंडित कमलापति त्रिपाठी जी ने नहीं किया और जब आप दूसरे दलों को तोड़कर अपनी पार्टी में ले रहे हैं तो आप भी नहीं कर रहे हैं तो इस देश का क्या होगा। क्या कांग्रेस और जनता पार्टी के बीच यह देश नष्ट हो जाएगा, क्या इसमें जनतंत्र को दफना दिया जाएगा दल बदलूपन को बढ़ावा देकर? आप इस पार्लियामेंट के इस सेशन में दल-बदलूपन को खत्म करने के लिए बिल पेश कीजिए नहीं तो जनतंत्र के प्रचार की आपकी दुहाई पर लोगों को शक होगा।

माननीय, राजनारायण जी आ गये, हमको एक प्रेरणा मिल गई।

(Interruptions)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA): Mr. Rajnarain is there all right, but you may finish now.

श्री योगेन्द्र शर्मा: आखिर में हम कह रहे हैं कि चौधरी जी को व्यक्तिगत तौर पर हम चरित्रवान आदमी समझते हैं और चूंकि चरित्रवान आदमी समझते हैं, इसीलिए हमको आश्चर्य होता है कि वे ऐसे लोगों की मंडली में विचरते हैं जो इस देशके जाने माने भ्रष्टाचारी हैं। आपने अपने मंत्रिमंडल में ऐसे कई एक भ्रष्टाचारियों को ले रखा है जिनके खिलाफ कमीशन बठे हैं। क्या खन्ना कमीशन की रिपोर्ट सदन के सामने रखेंगे और क्या आप भूल सकते हैं कि खन्ना कमीशन की रिपोर्ट में बीजू पटनायक के खिलाफ क्या क्या बातें नहीं कही गई हैं? उनको आप मंत्रि-मंडल में शामिल करके अपने तौर पर, व्यक्ति-गत तौर पर चरित्रवान होते हुए भी अपनी सरकार को भ्रष्टाचार के दलदल से कैसे निकाल सकते हैं और कैसे इस देश में सदाचार का वातावरण पैदा कर सकते हैं।

श्री कल्प नाथ राय: श्री प्रकाश सिंह बादल भी हैं।

श्री योगेन्द्र शर्मा: वह तो चले गये मगर बीजू पटनायक तो हैं। बीजू पटनायक किसी की भी तरफ से बोलने के लिये खडे हो जाते हैं। कभी वह पटेल साहब की ओर से बोलने के लिये खड़े हो जाते हैं और कभी चरण सिंह साहब की तरफ से बोलने के लिये खड़े हो जाते हैं मगर भारत की जनता जानती है कि वह कौन हैं। जिस सोसाइटी में वह रहेगा, जिस भी दल में वह रहेगा, जिस भी मंत्रिमंडल में वह रहेगा वहां से भ्रष्टाचार दूर नहीं हो सकता। भारत की जनता आश्वास्त नहीं हो सकती है। इसलिये इस देश में यदि आप भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष

[श्री योगेन्द्र शर्मा]

करना चाहते हैं तो उसकी शुरुआत अपने मंत्रिमंडल से कीजिए। आपके मंत्रिमंडल में ऐसे लोग हैं जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार का इल्जाम है। जजमैंट किताब में किसी ने लिख दिया और एक जज ने दूसरे जज को कोई बात कह दी और आपने उसको हटा दिया ठीक किया। हमें कोई एतराज नहीं। लेकिन दूसरी किताब निकली है 'इन्दिराज इंडिया गेट'। इसमें उनके ऊपर भ्रष्टाचार की कई बातें कही गई हैं। क्यों नहीं आप उस आधार पर अपने सहयोगियों को मंत्रिमैडल से निकाल देते, बीजू पटनायक को क्यों नहीं आप अपने मंत्रिमंडल से निकाल देते? यह आपका जो दोहरा मापदण्ड है क्या इस दोहरे मापदण्ड को लेकर विशाल भारत को चला सकते हैं? नहीं चला सकते हैं। आपको एक मापदण्ड अपनाना चाहिए। जब तक आप दोहरा मापदण्ड अपनाते रहेंगे तब तक लोग यही समझेंगे कि आप राजनीतिक खिलवाड़ करते हैं, सत्ता की लड़ाई लड़ते हैं, जनता की भलाई के लिये कुछ नहीं करते हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA): Mr. Dhabe—not here. Mr. Shyamlal Yadav.

श्री श्याम लाल यादव (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपाध्यक्ष जी, जो विगत चुनाव हुए उनके बारे में जनता पार्टी की तरफ से बार-बार कहा गया कि वह शांतिपूर्ण क्रांति थी। मान्यवर, मैं समझता हूं यह भ्रामक योग था। सन् 67 में उत्तर भारत में कांग्रेस की सरकारें हटी राज्यों से तब भी कहा गया कि शांतिपूर्ण क्रांति थी। जब 69 में कांग्रेस का विभाजन हुआ और कांग्रेस से सिंडीकेट अलग हुआ तब भी क्रांति का नाम लिया गया। सन् 71 में जब निर्वाचन हुआ और कांग्रेस को दो-तिहाई बहुमत मिला तो उसको भी क्रांति का नाम दिया गया। मैं समझता हूं हमारे देश में जब भी निर्वाचन हुए जनता ने निर्भयतापूर्वक निष्पक्षतापूर्वक मतदान किया और जिस दल को जनता बहुमत देती है उसी की सरकार बनती है लेकिन उसे किसी क्रांति का नाम देना मैं समझता हूं केवल अपनी जीत बढ़ा-चढ़ा कर कहना मात्र है। इस चुनाव के साथ ही, मान्यवर, आपने देखा कि आस-पास के देश में जो चुनाव हुए उसमें भी सरकारें बदली। यह जनतंत्र की गरिमा है, शोभा है। यह आवश्यक है कि इस तरह का परिवर्तन हो। लेकिन उस परिवर्तन के फलस्वरूप जो पार्टी सरकार में आती है उसका कर्तव्य है कि अपनी घोषणा के अनुरूप, जनता को दिये गये वायदों के अनरूप सरकार का संचालन करे। जनता पार्टी केवल गड़े मुर्दे उखाड़ कर पिछले चार महीनों से अपने को जीवित रख रही है। मैं यह जानना चाहूंगा कि इन चार महीनों में जनता पार्टी ने आर्थिक क्षेत्र में, राजनीतिक क्षेत्र में कौन सा ऐसा कदम उठाया है जिसका देशव्यापी प्रभाव पड़ा हो और जिसको हम कह सकते हैं कि जनता पार्टी की उपलब्धियां है। केवल जनता पार्टी ने आपात घोषणा के फलस्वरूप जो स्थिति पैदा हुई थी उसकी जांच करने का काम शरू किया है। मैं समझता हूं यह तो वही है 'अति सर्वत्र वर्जयेत्'। यह पुरानी बात है। आज देश में बहुत से इंक्वायरी कमीशन बैठाये गये हैं इससे एक ऐसा वातावरण बन गया है कि हिन्दी के एक समाचार पत्र में एक कार्टून छपा है जिसमें यह है कि एक नेता जी है उनकी गृहिणी एक मरे हुए चूहे को लेकर सामने आती है और वह अपने पति से कहती है कि क्या आप इस पर इन्क्वायरी कमीशन बैठाएंगे या इसको बाहर फेंक देंगे? आज हमारे देश का मूड इस प्रकार का बन गया है। देश की यह मनो-स्थिति हो गई है। मान्यवर, सरकारें बदलती रहती हैं। दुनिया के दूसरे देशों में भी जनतंत्र है। इंगलैण्ड और अमेरिका में यह परम्परा है कि एक सरकार जब चुन कर आती है तो सत्तारूढ़ सरकार हट जाती है। लेकिन हमारे देश में आज स्थिति यह हो गई है कि केन्द्रीय सरकार किसी

एक विषय पर इन्क्वायरी कमीशन बैठाती है तो प्रदेश की सरकार उसी विषय पर दूसरा कमीशन बैठाती है । मैं पूछना चाहता हूं कि यह कौन सा जनतांत्रिक तरीका है या संविधान की किस मूल भावना के अनुसार इस प्रकार की कार्यवाहियां की जा रही है ? आज आप हमारे देश में कौन सी नई जनतांत्रिक प्रक्रियाओं का सृजन करने जा रहे है ? कर्नाटक के मामले को ही ले लीजिये । वहां के मुख्य मंत्री ने एक कमीशन बैठाया, लेकिन गृह मंत्रालय ने भी एक दूसरा कमीशन उसी काम के लिए बैठा दिया । एक तरफ तो इमरजेंसी के काल में हुए उत्पातों और उत्पीड़न की जांच करने के लिए शाह कमीशन बैठाया गया है और दूसरी तरफ प्रदेशों की सरकारें अलग-अलग कमीशन बैठा रही है । मैं समझता हूं कि इस प्रकार से कमीशन बैठाना केवल इस बात का द्योतक है कि जनता पार्टी के नेता अपनी नीतियों को कामयाब न होता हुआ देख कर इस देश की जनता को गुमराह करना चाहते है, उसको भ्रम में डालना चाहते हैं और उस भ्रम के बल पर शासन करना चाहते हैं ।

SHRI JANARDHANA REDDY: The last point which I want to mention is with regard to an administrative matter. The Home Ministry, whenever they select IAS and IPS officers, send them to certain States and they follow certain norms in the matter. I do not know the idea behind it. They say that a Punjabi posted to Andhra always looks to Chandigarh. Similarly an Andhra posted to Assam always wants to go to Vijayawada. Then what type of service can they do? Instead of hanging on to these foolish policies, let us come to reality and post the Indian Administrative Service officers to the region which they want to go. We really found that the officers who come from my own State are doing service with a sense of gratitude, and better service in that State. So, why not look at this reality and do away with this foolish thinking that the first four only can go wherever they want to go and that the rest can be imposed on some other States? Sir, I request him to reconsider this matter. I also request him not to take the Harijan atrocities as a party issue. It is not an issue which we are going

is politicalised. It is a national issue and we should be ashamed of it. I would like particularly Shri Charan Singh to move in the matter, leaving aside his past alliances.

श्री राजनारायण : श्रीमन्, मैं एक व्यक्तिगत स्पष्टीकरण करना चाहता हूं । मैं सदन में कई बार कह चुका हूं, आज फिर स्पष्ट करना चाहता हू, कि मैं किसी पर हिन्दी लादना नही चाहता और उसी तरह से मैं अपने ऊपर भी किसी को अंग्रेजी लादने देना नहीं चाहता हूं । यह हमारा व्यक्तिगत स्पष्टीकरण है ।

(Interruptions)

SHRI RABI RAY: It is a Government policy.

श्री राजनारायण : यह गवर्नमेंट की पालिसी है कि किसी पर हिन्दी मत लादो ।

श्री एन० पी० चौधरी : आपने प्रधान मंत्री से पूछ लिया है ?

श्री राजनारायण : प्रधान मंत्री बराबर कहते हैं कि हिन्दी लादी नहीं जाएगी ।

SHRI JANARDHANA REDDY: You are not supposed to speak...

श्री राजनारायण : हिन्दी जबरदस्ती किसी पर लादी नहीं जायगी । जो अंग्रेजी बोलना चाहते हैं वह अंग्रेजी में बोलें ।

SHRI JANARDHANA REDDY: Sir, I am on a point of order.

THE VICE-CHAIRMAN: (SHRI SHYAM LAL YADAV): Please take your seat. You have already spoken. You cannot go on speaking.

SHRI JANARDHANA REDDY: Sir, on a point of order. Morarjibhai clearly told everybody that a Minister cannot...

(Interruptions)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHYAM LAL YADAV): That is not a point of order. Shri Rabi Ray.

श्री रबी राय : उपसभाध्यक्ष जी, आज हम लोग सदन में गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के बारे में बहस कर रहे हैं, लेकिन आज जिस तरीके से हमारे कांग्रेस दोस्तों ने बहस को छेड़ा तो इस सिलसिले में बोलने के पहले मैं एक चीज पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । वह यह है कि आज सुबह हमारे नव-निर्वाचित राष्ट्रपति संजीव रेड्डी जी ने राष्ट्रपति के नाते शपथ ली और परसों एक इस तरह की अंतर्राष्ट्रीय घटना घटी कि श्रीलंका में, हमारे पड़ोसी राज्य में जिस तरीके से सरकारी दल भंडारनायके के दल की जिस तरह की चुनाव में हार हुई और जनसाधारण लोग कह रहे थे और मैंने भी सुना लोगों को कहते हुए कि वहां भी गाय और बछड़ा हार गया । इन दोनों के बारे में मैंने इसलिए यहां जिक्र किया कि जिस तरीके से कई दिनों से मैं देख रहा हूं चौधरी चरण सिंह के ऊपर एक सुनियोजित, प्लांड तरीके से एक साजिश कहिये, षड्यंत्र कहिये, जान-बूझकर किया जा रहा है । ऐसा भी कर रहे है कि जिसमें कि चौधरी साहब जब से सियासी जिन्दगी उनकी शुरू हुई, जो खराब चीजों में विश्वास ही नही किये हैं तो कहा जाता है कि चौधरी साहब कर रहे हैं । मैं यह इसलिए कह रहा हूं कि बिपिन बाबू जब बोल रहे थे तो मै ध्यान से सुन रहा था । आज जितने कांग्रेसी लोग बोले ये उनके मुख्य स्पोक्समैन थे । सवाल यह था कि बिपिन बाबू के सारे भाषण में उनकी एक आपत्ति थी कि आप पुरानी बात के बारे में क्यों कह रहे हो । जिस पृष्ठभूमि में चौधरी चरण सिह भारत सरकार के गृह मंत्री बने अगर उस पृष्ठभूमि के बारे में हम यहां जिक्र नहीं करेंगे तो चौधरी साहब के काम के बारे में हम कोई नाप नहीं कर सकते हैं, उनके काम के बारे में हम कोई बहस नहीं कर सकते हैं । वह बहस अधूरी

[श्री रबी राय]

रहेगी, वह बहस असम्पूर्ण रहेगी जब तक हम उनके घर में नहीं जायेंगे। मैं कह रहा हूं कि पहले से कांग्रेस सरकार के तानाशाह नेता के चलते हिन्दुस्तान रूपी घर जल रहा था और इस घर को बचाना था और घर मंत्री के नाते चौधरी चरण सिंह का शुरू से यह काम रहा कि जनता ने शांतिपूर्ण क्रान्ति करके हिन्दुस्तान में पुनः गणतंत्र को, लोकशाही को, प्रजातंत्र को स्थापित किया, उस जनता को उसके अधिकार, उसके बुनियादी अधिकार लौटा दिये जायें। यही पहला काम था। जितने दोस्त सुन रहे हैं मैं उनसे कह रहा हूं कि 20 महीनों तक जो अंधेरा छा गया था देश के ऊपर उसी का परिणाम है कि देश ने एक नया मोड़ लिया है और उसी का प्रभाव पाकिस्तान पर पड़ा, लंका पर पड़ा और वहां श्रीमती बंडारनायक की सरकार हारी। पाकिस्तान में भी आपने देखा कि इलैक्शन के बाद भुट्टो के खिलाफ बगावत शुरू हो गई। यह उसी का प्रतीक है जो हिन्दुस्तान में जनता ने लोक सभा के चुनाव मे अपनी करामात दिखाई। इस सूरत में चौधरी साहब का यह काम था कि जनता के बुनियादी अधिकारों को जनता को लौटा दे। मैं पूछना चाहता हूं कि इसमें कोई कसर चौधरी साहब ने छोड़ी? अगर उसमे कोई कसर छोडी तो वह आलोचना के पात्र बनेंगे। मैं पूछना चाहता हूं इस सिलसिले में किसी भी प्रकार से कांग्रेस दल को एतराज है? अभी पीछे लोक सभा में चौधरी साहब ने कहा था कि संविधान की धारा 352 जो है उसका फायदा उठा कर इन्दिरा गांधी ने देश के ऊपर आपात-स्थिति लागू की, तानाशाह बन गई। इस तरह के अपराध किये गये कि मानवता के खिलाफ हिन्दुस्तान की जनता के ऊपर युद्ध छेड़ा गया। उसी पृष्ठभूमि में हम लोग बात कर रहे हैं। उनकी आजादी को लौटाने के सिलसिले मे, लोगों को तसल्ली देने के सिलसिले में हम काम कर रहे हैं। यही पहला काम था जनता सरकार के करने का और इसकी जिम्मेदारी चौधरी चरण सिंह के मंत्रालय पर है। इन्होंने यह करके दिखाया।

जो तीन जांच कमेटियां बैठाई गईं वह जनता की तरफ से मांग थी और चुनाव घोषणा पत्र में भी हम लोगों ने कहा था और जनता दल ने और चौधरी साहब के मंत्रालय ने उसे पूरा किया। इसी पृष्ठभूमि में भ्रष्टाचार के उन्मूलन करने के सिलसिले का एलान हो चुका। मैं आपकी जानकारी के लिये बताना चाहता हूं कि इसी सत्र में लोकपाल नियुक्त करने के लिये विधेयक आ रहा है। मैं आप लोगों से कहना चाहता हूं कि जो पहले से संसद् सदस्य रह चुके है उन्हें मालूम होगा कि कई बार सिलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट में आ चुका था लेकिन उस पर जानबूझ कर कांग्रेस दल ने कोई कार्रवाई नहीं की और जनता दल ने जो वचन दिया था कि मंत्रियों के स्तर पर, मेम्बरों के स्तर पर, अफसरों के स्तर पर जो भ्रष्टाचार है उसको खत्म करने के लिये लोकपाल नियुक्त करने का विधेयक लाया जाएगा और यह विधेयक चौधरी साहब इसी सत्र में ला रहे हैं गृह मंत्री के नाते। इसी पृष्ठभूमि में मैं गृह मंत्री जी से यह भी अनुरोध करना चाहता हूं कि असम के कुछ विरोधी दल के उनसे मिलने के लिये आये थे और उन्होंने यह शिकायत की थी, मैमोरेंडम भी दिया था कि असम की सरकार का 22 करोड़ रुपया गोहाटी सेशन में खर्च किया गया। यह जनता का रुपया था। इस सिलसिले में जांच कमीशन बैठाने के लिये चौधरी साहब ने विचार किया होगा। यदि कोई विचार किया है तो वह सदन को बतायें कि उनका इस सिलसिले में क्या रुख है, उन्होंने क्या फैसला किया है।

मै आपको हिन्दू-मुस्लिम एकता और हरिजनों के सिलसिले में बता रहा था। आज यह साफ बात है कि चौधरी साहब के बारे

में कहा जाता है कि वह हरिजन विरोधी हैं, पिछड़ों के विरोधी हैं, यह समाज के कमजोर वर्ग के विरोधी हैं। मैं यह सोच रहा था जब यह बातें कही जा रही थीं कि चौधरी साहब के बारे में जानबूझ कर इस तरह की चीजें क्यों कही जाती हैं जब कि जनता दल का साफ रवैया है कि हिन्दुस्तान में हरिजनों के ऊपर इस तरह का अत्याचार जब होगा तो सरकार की सारी ताकत हरिजनों की रक्षा के लिये लग जाएगी। यह हम लोगों की सिर्फ नीति नहीं है हम इसे कर्म में भी लाते हैं।

मैं चौधरी साहब से यह भी जानना चाहूंगा कि चुनाव घोषणा पत्र में सिविल राइट्स के बारे में जनता पार्टी ने एलान किया था। उसमें कहा था कि हम इसकी स्थापना करेंगे तो उस बारे में क्या करने जा रहे हैं? यह होता था कि जो कमिश्नर, शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के बारे में जो रिपोर्ट आती थी उसके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं होती थी या यह कहिये कि कोई कार्रवाई हो नहीं सकती थी क्योंकि क्षमता नही थी, उसमें खामियां थीं। उन्हीं खामियों को देखते हुए जनता दल की सरकार ने यह तय किया है कि जिस तरीके से सवर्ण हिन्दुओं की तरफ से कोई बात चलती है और हरिजनों की तरफ से जो रुष्ट हैं, गुस्से में हैं उसके शिकार बन गये हैं। मैं यह कहना

6 P.M. चाहता हू कि हरिजनों के सिलसिले में और कमजोर वर्ग के सिलसिले में यह कहा गया है कि उन लोगों पर जो अत्याचार होते हैं उनकी जांच करने के लिए एक सिविल राइट्स कमीशन स्थापित किया जाएगा। मैं समझता हूं कि जनता सरकार इस वायदे को पूरा करेगी जिससे इन लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके। आपको याद होगा, सन् 1954 में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने जाति प्रथा को समाप्त करने की बात कही थी। उन्होंने यह भी कहा था कि जाति प्रथा के कारण ही कमजोर वर्ग के लोगों पर अत्याचार होते हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि सारे हिन्दू समाज को इन बातों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। आम तौर पर देखने में यही आता है कि जो सवर्ण हिन्दू हैं, जो पूंजीपति लोग हैं, वे ही कमजोर वर्ग के लोगों पर अत्याचार करते है। मैं समझता हूं कि हमारे गृह मन्त्री चौधरी चरण सिंह जी समाज से इस प्रथा को मिटाने के लिए कटिबद्ध ह और उनकी यह स्पष्ट राय है कि हरिजनों के ऊपर होने वाले अत्याचारों को समाप्त किया जाएगा। अभी यहां पर श्री जनार्दन रेड्डी और अन्य माननीय सदस्यों ने कहा कि चौधरी चरण सिंह हरिजनों के विरुद्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जब हरिजनों पर अत्याचार होते हैं तो जनता पार्टी की सरकार उनकी रक्षा नहीं कर सकती है। मैं यह स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि ये बातें राजनीति से प्रेरित होकर कही जा रही हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि जब जनता पार्टी की सरकार इस प्रकार की बातें सुनती है तो फौरन उस पर कार्यवाही करती है। हरिजनों पर जब अत्याचार होते हैं तो उसकी जिम्मेदारी राज्य सरकारों और केन्द्रीय सरकार, इन दोनों की हैं। हमारे प्रधान मन्त्री जी ने बारबार इस बात का उल्लेख किया है। उन्होंने यह भी कहा है कि 30 तारीख को जो मुख्य मंत्रियों का सम्मेलन हो रहा है उसमें हरिजनों की समस्याओं पर विचार किया जाएगा और हर मुख्य मन्त्री से इस सम्बन्ध में पाक्षिक रिपोर्ट मांगी जाएगी। सरकार इस बात के लिए बहुत प्रयत्नशील है कि हरिजनों पर होने वाले अत्याचारों को समाप्त किया जाय। मैं चौधरी साहब से यह भी अनुरोध करना चाहूंगा कि मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन साथ-साथ हिन्दुस्तान में जितनी भी स्वयंसेवी संस्थाएं हैं, जो हरिजनों के लिए काम करती हैं उनका एक सम्मेलन बुलाया जाय ताकि जो स्वयं-सेवी संस्थाएं जाति प्रथा को समाप्त करने में लगी हुई है, जो आदिवासियों के बीच में

[श्री रबी राय]

काम करती है, उनके भी सुझाव इस बारे में प्राप्त कर लिये जायें। आज जरूरत इस बात की है कि सारे देश में जो स्वयं-सेवी सस्थाए हैं और जो हरिजनों तथा आदिवासियों की भलाई के लिए काम कर रहीं है उनका सम्मेलन बुलाया जाय ताकि आगे चलकर कोई देश मे बेलची काण्ड की तरह के काण्ड न हों सकें। इस पर गृह मंत्री महोदय को अच्छी तरह से सोच समझकर विचार करना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, अभी श्री विपिन बाबू ने कहा कि इमरजेंसी में जो गलतियां हुई है उनके बारे में बार-बार जिक्र क्यों किया जाता है। हम भी उसका जिक्र नहीं करना चाहते हैं। लेकिन मैं सदन की खिदमत में यह अर्ज करना चाहता हूं कि पंजाब के भूतपूर्व मुख्य मंत्री ज्ञानी जैल सिह ने इस बारे में क्या कहा है, इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा है कि :

"There is need for a probe to ascertain which were the forces—external or internal—which helped Mr. Bansi Lal in pushing his way to the highest political level during the emergency.

Mr. Bansi Lal, whether knowingly or unknowingly, played into the hands of some forces which worked for destabilisation in the country and this aspect of the emergency needed a thorough probe.

He said those aware of the functioning of the Government during the emergency knew how Mr. Bansi Lal 'purchased' the personal staff of Central Ministers and Chief Ministers of States to keep a watch on their activities."

उपसभाध्यक्ष जी, यह जैल सिह साहब कह रहे हैं, यह कोई जनता दल के नेता नही कह रहे हैं। इसका मतलब यह है कि बहुत सी चीजे सामने आने वाली है। इस चीज के लिये विपिन बाबू जी कहेंगे कि इसलिये शाह कमीशन हम लोगों ने मुकर्रर कर दिया। इसलिये इस तरह की कोई बात नहीं होनी चाहिए। यह चार्ज नही है क्योंकि यह ऐसी चीज है जिसमें राष्ट्रीय सवाल जुड़ा हुआ है जब 20 महीनों में सरकार का सारा तन्त्र जनता के ऊपर अत्याचार करने में लगा हुआ था तो हम लोग सब लोगों को शहरी आजादी दे चुके हैं, अखबारों को आजादी है, तो यह सारी चीज सामने आयेगी और उसको कोई नही रोक पायेगा। इसका मतलब यह नही है कि शाह कमीशन जो काम कर रहा है, उसको नही करेगा। इस सिलसिले में मैं यह भी कहना चाहता हूं कि चौधरी साहब यह भी बतायें विदेशी रुपये के बारे मे। यह सवाल इसलिये उठ रहा है कि 1967 में जब चौव्हाण साहब गृह मंत्री थे तो उस वक्त 'न्यूयार्क टाइम्स' में एक खबर छपी थी कि 1967 के चुनाव मे विदेशी रुपया, सी० आई० ए० का रुपया खर्च हुआ था। इस बारे में सी० बी० आई० की इंक्वायरी हुई थी। हम लोगों ने सी० बी० आई० की रिपोर्ट को सभा पटल पर रखने की मांग की थी लेकिन चौव्हाण साहब ने इसके लिये मना कर दिया था। केवल उसका सारांश रखा था, हम लोगों को दिया था। अब मै चौधरी साहब से अनुरोध करूंगा कि सी० बी० आई० की रिपोर्ट का सारा टैक्सट इस सभा के पटल पर रखें ताकि सच्चाई का पता चल सके कि विदेशी पैसे का बोलबाल किस तरीके से दो चुनावों में हुआ था और लोगों को इस बारे में पता चल जाए।

अब मैं नक्सलाइट्स के बारे में भी कहना चाहता हूं । मैं कहना चाहता हूं कि अभी तक जिस तरीके से यहां के गृह मंत्रालय की ओर से राज्यों को जो आर्डर गया है, उसके अनुसार अभी तक कितने नक्सलाइट्स बंदी तीन सवा तीन महीने मे रिहा हुए हैं और इन्हें किस जेल मे अभी तक बन्दी रखा गया था ।

अन्त में मैं उपसभाध्यक्ष महोदय, दो मिनट लूंगा । एक बात मैं सफाई के तौर पर यह कहना चाहता हूं राष्ट्रीय एकता के बारे में । जनता दल की एक खास दृष्टि है और मैं विपिन पाल दास जी से कहना चाहता हूं कि इस बात में कोई तथ्य नहीं कि जनता दल को दक्षिण मे वोट नही मिला, इसलिये डिस-इन्टीग्रेशन का भय पैदा हो गया है । इस तर्क में कोई तथ्य नहीं है क्योंकि जनता दल की राष्ट्रीय एकता के लिये काम करने के लिए एक ठोस दृष्टि है । इस दृष्टि मे उपसभाध्यक्ष जी, मैं कहना चाहता हूं भाषा के बारे में । मैं श्री जनार्दन रेड्डी से अदब के साथ कहना चाहता हूं कि जिस तरीके से यह चीज़ सदन में बार बार लाई जाती है, मैं इस पर स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि यह बात नहीं है । हिन्दुस्तान में सिर्फ 3 प्रतिशत लोग अंग्रेजी जानते हैं, उपसभाध्यक्ष जी—वैसे ढाई प्रतिशत लोग ही हैं लेकिन मैं ज्यादा से ज्यादा कह रहा हूं— उस दिन चौधरी साहब से कहा जा रहा था कि आप अंग्रेजी क्यों नहीं बोलते । मैंने चौधरी साहब से इस बारे में पूछा नहीं । लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि जो आदमी पिछले 40 सालों से और सारी सियासी जिन्दगी हिन्दी के जरिये बिताये, उसको कहना कि अंग्रेजी बोलो, यह कहां तक उचित है ? यहां पर कहा जाता है कि हिन्दी लायी जा रही है । इस पर चिन्तन होना चाहिए हिन्दी को लादना या अंग्रेजी को लादना दोनों चीजें बुरी है । लेकिन सवाल यह है कि मातृभाषा को उठाना हमारा काम है । मातृभाषा के जरिये कोर्ट कचहरी में, खेतों में, उद्योगों में काम चलेगा तभी देश की तरक्की हो सकती है । और इसलिये मैं आज ढूंढ रहा था स्वर्गीय श्री अन्नादुराई का एक बयान जो उन्होंने जब वह तमिलनाडु के मुख्य मंत्री थे दिया था । उनका कहना था कि मैं सिर्फ तमिल नहीं चाहता हूं, मैं तो तेलगु और मलयालम आदि भाषायें भी चाहता हूं ताकि जो तमिल भाषी लोग हैं और जो इन दो भाषाओं के साथ संबंध रखते हैं, जहां नौकरी के लिये जाते हैं, वहां इन भाषाओं को जरूरत होती है । मैं यह कहना चाहता हूं कि मद्रास में किस भाषा में बोला जा सकता है । यदि वहां बाजार में चले जायें तो वहां बाजार मे साधारण आदमी हिन्दी अच्छी तरीके में बोलता है और उनका तमिल अनुवाद हुआ, उसका कोई विरोध नही किया । इसका मतलब यह नहीं कि हिन्दी लादने का सवाल है । जिसकी जो मातृभाषा हो वह बोल सकता है । इसलिए यहां सदन में हम लोगों ने बहुत कोशिश करके दक्षिण की चार भाषाओं के अनुवाद की व्यवस्था की थी । डा० लोहिया भी उस समय जिन्दा थे, तथा हमारे राष्ट्रपति है उस वक्त लोक सभा मे स्पीकर थे उन्होंने इस बात के लिए कोशिश की थी कि संविधान में जिन 15 भाषाओं का जिक्र किया गया है, सब के लिए व्यवस्था की जाए ताकि जो पार्लियामेंट के सदस्य हैं जो हिन्दी नही जानते है और न ही अंग्रेजी जानते हैं, वे किस भाषा में बोलेंगे, इस बात का भी हमको फैसला करना है । मैं चाहता हूं कि संसद का ध्यान इस बारे में जानना चाहिए अंग्रेजी जो कि एक विदेशी भाषा है, उसको लादना नहीं है । अंग्रेजी को तो मुट्ठीभर लोग जानते है । इसलिए मैं अनुरोध करूंगा कि इस विषय में संसद के लोग तथा बाहर के लोग भी सोचें कि हिन्दुस्तान मे मातृभाषा की प्रगति किस प्रकार हो ।

[श्री रबी राय]

इतना कह कर अन्त में मैं कहना चाहता हूं कि जनता दल की जो दृष्टि है, उसका जो प्रधान मंत्री है, उसके एक दो पैराग्राफ उद्धृत करना चाहता हूं ।

We have learnt from Gandhiji that there is no nobler quest than to work for justice and a better life for one's fellow brethern. He taught us, too, that dedication to the service of one's people must not be a concealed lust for power. What the people need today is a happy and contended life fully utilising the aids which science has placed and will continually place at the disposal of mankind. Life cannot be merely mechanised if the end is to be happiness and contentment. There is to be a moral and spiritual base for development along with its materialist content. Freedom from want and freedom from fear have to be secured to make that base. We have dedicated ourselves to the task of achieving these freedoms along with the right to liberty.

इतना कह कर मैं समाप्त कर रहा हूं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : श्री प्रकाशवीर शास्त्री ।

श्री योगेन्द्र शर्मा : मान्यवर, श्री रबी राय जी से हम जानना चाहते हैं कि जब वे इधर थे तो बार बार बीजू पटनायक के भ्रष्टाचार के विषय पर सवाल उठाते थे, लेकिन अब वे चुप क्यों हो गए हैं *(Interruptions)*

श्री रबी राय : वह हो चुका है । चौधरी साहब उनके बारे में बताएंगे । उनके ऊपर कोई चारजिज नहीं है, सब चारजिज से मुक्त है आप खामखाह क्यों कह रहे है ।

SHRI N. P. CHAUDHARI: Sir, the time is up. I move a closure motion that this House do adjourn now and the discussion may continue tomorrow.

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : यह तो पहले ही व्यवस्था हो चुकी है । आपको अधिकार हैं कि आप प्रस्ताव पेश कर सकते हैं । लेकिन बिजनेस एडवाइजरी कमेटी ने फैसला किया था जिससे कि हम सभी दलों के लोग सहमत थे उसके अनुसार कार्यक्रम चल रहा था । अगर आप क्लोजर मूव करेंगे तो मैं माननीय गृह मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि वे जवाब दें । *(Interruptions)*

श्री एन० पी० चौधरी : आप कब तक बैठे रहेंगे ?

श्री योगेन्द्र शर्मा : मान्यवर, व्यवस्था का प्रश्न है ।

श्री देवराव पाटील : हमारी पार्टी के और भी बहुत से बोलने वाले हैं ।

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (उत्तर प्रदेश) : यह कैसे हो सकता है ?

श्री कल्पनाथ राय : * * *
(Interruptions)

श्री योगेन्द्र शर्मा : श्रीमन्, व्यवस्था का प्रश्न है . . .

(Interruptions)

श्री कल्प नाथ राय : * * *

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : मैं दरख्वास्त करूंगा कि यह शब्द जो आपने कहे है वापिस ले लें या इनको एक्सपज किया जाए । यह मुनासिब बात नहीं है, नहीं लिखी जाएगी।

श्री योगेन्द्र शर्मा : मान्यवर, बिजनेस एडवाइजरी कमेटी ने यह तय किया था कि

*Expunged as ordered by the Chair.

आज यह चर्चा समाप्त होनी चाहिए । लेकिन व्यवस्था का प्रश्न यह है कि यदि सदन चाहे तो वह बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की रिकमेंडेशन को बदल सकता है और सदन चूंकि यह चाह रहा है कि बहुत से माननीय सदस्य इसमें बोलने जा रहे है, इसलिए समय बढ़ाया जाए । कल बढ़ाया जाय इसलिये सदन की इस राय के मुताबिक आपको चलना चाहिये । . . .

(*Interruptions*)

श्री देवराव पाटील : हम लोग भी बोलना चाहते हैं ।

श्री राजनारायण : प्वाइंट आफ आर्डर यह है कि बिजिनेस एडवाईजरी कमेटी जो समय निर्धारित करती है उसको नेता सदन यहां आकर पढ़कर सुनाते है और उसको सदन एप्रूव करती है । इसको सदन एक बार एप्रूव कर चुकी है। इसलिये फिर उसमें विचार नही हो सकता है। . . .

(*Interruptions*)

SHRI YOGENDRA SHARMA: The House is the master of its affairs... (*Interruptions*)... The House is the master of its affairs.

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव): अगर श्री चौधरी जी क्लोजर मूव करते हैं तो नियमानुसार गृह मंत्री जवाब देंगे और उससे अगर आप सहमत नहीं है, आप चाहते हैं कि बहस जारी रहे तो बहस जारी हो सकती है । उसमें मुझे आपत्ति नहीं है ।

SHRI BIPINPAL DAS: Sir, it is true that the Business Advisory Committee's decision is that this discussion should be completed today. That is quite true. But the subject-matter of the discussion is so important that many Members feel that they should take part in it. Now, there are two ways before us. Firstly, the Business Advisory Committee's decision can be overruled by the House itself if it so likes. We can also continue the debate if it is necessary and we can continue this even after six o'clock. But, if the Members are tired and if the ruling party agrees, we may continue the discussion tomorrow or on any other day. These are the two ways open to us. I do not want that the Members should be deprived of their right to speak on this very important subject.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHYAM LAL YADAV): What about the closure?

SHRI BIPINPAL DAS: I do not agree to that.

SHRI N. P. CHAUDHARI: Mr. Vice-Chairman, Sir, I had moved a closure for the day and I had also said that the discussion might be continued tomorrow. You have not heard that part. You have not heard the latter part. I have made this request and I have also moved a resolution to the effect that the discussion can be continued tomorrow.

श्री राजनारायण : क्लोजर एडीशनल नहीं होता है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव): शास्त्री जी आप बोले . . (*Interruptions*) क्लोजर नहीं पेश कर रहे हैं . . .

(*Interruptions*)

श्री चरण सिंह : क्लोजर खत्म हो गया । अब उसके बाद चलेगा क्या ।

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव): जी हां, बहस जारी रहेगी . . .

(*Interruptions*)

श्री चरण सिंह : तो ठीक है मैं बाद में जवाब दूंगा . . (*Interruptions*) दलील यह है कि यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है, सब लोग बोलना चाहते हैं या बहुत से लोग बोलना चाहते हैं तो मैं जानना चाहता हूं कि उसकी सीमा क्या होगी ?

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : जी हां थोड़े लोग है मेरे पास लिस्ट है । (*Interruption*) कृपया शांत रहिये ।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : सुविधा इसमें होती है कि हम आगे भी बैठे । हमें कोई आपत्ति नहीं है लेकिन अगर समय हो कि इस समय गृह मंत्री जी जवाब देंगे तो फिर उसमें जितने भी लोग ह उन सबमें समय को बांट लिया जायेगा । उस हिसाब से समय का विभाजन हो जायेगा . . (*Interruptions*) लेकिन यह पता हो । हमें कोई आपत्ति नहीं है । (*Interruption*) हमेशा बहस में जब फोक्स आ जाताहै । अगर समय निर्धारित हो कि इस समय गृह मंत्री जी दवाब देंगे . . . (*Interruptions*) आज हम चाहे 8 बजे तक बैठें हमें कोई आपत्ति नहीं है किसी भी प्रकार की और आखिर वह सदन तो पूरा बैठता ही है ।

श्री योगेन्द्र शर्मा : कल कर लीजिये ।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : आपको शायद जानकारी नहीं है कि जिस समय बिजिनेस एडवाईजरी कमेटी में हमने चर्चा की थी तो आज का दिन फाइनेंस बिल के लिये रखा था । फिर सुझाव आया था कि आज फाइनेंस बिल न करके कल करें । मैंने सचिवालय से राय ली और उन्होंने कहा कि गुंजायश है इस के लिए क्योंकि फाइनेंस बिल हमको कंपलीट करना है । हमारे हाथ की बात नहीं है । लोक सभा कह सकती है फाइनेन्स बिल कर लो कुछ कर लो । इस बात को ख्याल में रख कर कल हमको फाइनेन्स बिल करना है । आज हमें इस डिबेट को खत्म करना है । हम यूं भी ज्यादा समय ले रहे हैं नहीं तो 6 बजे समाप्त हो जाता है । और गृह मंत्री जी जिस समय जवाब दे सकें उसे भी साफ कर दिया जाए ।

श्री चरण सिंह : 7 बजे खत्म कर दिया जाए । मेरे मित्र 6 बज कर 55 मिनट तक बोलेंगे । मैं केवल 5 मिनट बोलूंगा क्योंकि बोलने में कोई फायदा नहीं है । न कोई सुनने को तैयार होगा और न किसी पर असर होने वाला है ।

श्री योगेन्द्र शर्मा : मान्यवर, हम लोगों ने बहुत से सवाल उठाए हैं । हम लोग उत्सुक हैं कि उनका जवाब हो और इसलिए हम लोग जानना चाहेंगे . . . .

श्री राजनारायण : यहां बहुत रेपिटिशन हो रहा है ।

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : उपसभाध्यक्ष जी, गृह मंत्रालय के साथ एक बहुत बड़ा विभाग है जिसका नाम है यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन, जिसको हिन्दी में कहते हैं संघ लोक सेवा आयोग । अभी पीछे जनता पार्टी ने जो अपना चुनाव घोषणापत्र प्रकाशित किया था उसमें इस बात के ऊपर बहुत बड़ा बल दिया है कि 85 प्रति शत भारत गांवों मे रहता है और हमारी जो योजनाएं होंगी वे ग्रामोन्मुख योजनाएं होंगी जिन से गांवों का अधिक से अधिक विकास हो सके । मैं विशेष रूप से इसलिए इस बात की चर्चा कर रहा हूं कि अभी पीछे संघ लोक सेवा आयोग ने जो अपनी रिपोर्ट प्रकाशित की है उस रिपोर्ट में लिखा है कि इस वर्ष जो हमारी केन्द्रीय सर्वेसेज़ हैं, जो अखिल भारतीय सेवाएं हैं, उस में गांवों का प्रतिशत बहुत बढ़ गया है और गावों का प्रतिशत बढ़ कर 13 दशमलव कुछ हो गया है । यह संघ लोक सेवा आयोग की गत वर्ष की रिपोर्ट है जिसका मैं आपके सामने उल्लेख कर रहा हूं । तो मैं आपके माध्यम से कहना यह चाहता हूं कि एक ओर तो आप ग्रामोन्मुख योजना बनाने जा रहे है और यह सघ लो सेवा आयोग की अपनी स्थिति है यह जो 85 प्रतिशत भारत गांवों में रहता है । उसका प्रतिशत कितना कम है । हम को इस प्रकार की योजनाएं बनानी चाहिए कि हमारी अधिकांश सर्विसेज़ में अधिकांश व्यक्ति गांवों से सरकारी नौकरियों में आए । अगर मुझ को इस तथ्य को खोलने की इजाज़त दो

जाए तो मैं आपको कहना चाहता हूं कि भारतवर्ष की जितनी अखिल भारतीय सेवाएं हैं, वह केवल 963 परिवारों में बंटी हुई है, चाहे आई० ए० एस० हो, चाहे आई० पी० एस० हो, चाहे आई० एफ० एस० हो । हो यह रहा है उपसभाध्यक्ष जी ; मेरा एक व्यक्ति किसी अखिल भारतीय सेवा में आ गया तो मेरे परिवार से ले कर दूर के रिश्तेदार भाई भतीजे भी तर जाते हैं । इस प्रकार 963 परिवारों में सर्विसेज़ बट कर ये रह गई है । मै चाहता हूं, अगर जो बात 30 वर्षों में नहीं की जा सकी तो कम से कम आगे के लिए इस दिशा में जरूर कुछ सोचना चाहिए कि ये जो अखिल भारतीय सेवाएं है या संघ लोक सेवा आयोग का दायरा है वह सिर्फ शहर तक सिमट कर नहीं रह जाएगा, उसका क्षेत्र गांवों में बटना चाहिए । इस बात को मैं विशेष रूप से सुझाव के तौर पर कहना चाहता हूं ।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे देश में सौभाग्य से या दुर्भाग्य से कहिए कि जो अंदरूनी क्षेत्र या राज्य हैं, उन में अधिकांश राज्य इस प्रकार के है जिन में जनता पार्टी की सरकार है । कुछ राज्य इस प्रकार के हैं जिन में कांग्रेस की सरकार है । लेकिन जितने हमारे सीमावर्ती प्रदेश है—. केरल हो, तमिलनाडु हो, पांडिचेरी हो, गोवा हो, कश्मीर हो, बंगाल हो, पंजाब हो, इन सब के अन्दर क्षेत्रीय दलों की सरकारें हैं । अभी कुछ इस प्रकार की घटनाएं घटी ह जिनकी ओर केवल संकेत कर के गृह मंत्रालय का ध्यान खीचना चाहता हूं कि भविष्य के लिए इस दिशा में बहुत सावधानी बरती जाए । मैं उस बात की चर्चा विस्तार से नहीं करना चाहता । जो तमिलनाडु में राज्यपाल के भाषण के ऊपर प्रधान मंत्री ने संकेत दिया और यह कहा कि इन चीजों पर पहले आपस में बैठ कर कुछ विचार विनिमय हो जाना चाहिए । मैं उस बात की चर्चा भी नहीं करना चाहता जो पश्चिमी बंगाल के मुख्य मंत्री यहां पर आए और प्रदेशीय स्वायतत्ता के नाम पर गृह मंत्री और प्रधान मंत्री से उनकी क्या बातचीत हुई । मैं उस बात की भी चर्चा नहीं करना चाहता हूं जो पंजाब के मंत्री श्री जीवन सिंह उमराव नंगल ने पंजाब को स्वायतत्ता देने के संबंध में अधिकार पूर्वक सार्वजनिक सभा में घोषणा की है कि 2 साल के अंदर पंजाब को पूर्ण स्वायतत्ता प्राप्त हो जाएगी । उस सभा के के अंदर ही श्री जगजीत सिंह जो पंजाब प्रदेश का पहले से स्वप्न देखते रहे हैं और जिन्होंने कहा है कि हम पंजाब को खालिस्तान बनाएंगे, वे भी वहां थे । लेकिन सब से गंभीर बात जिसकी मै चर्चा करता हूं वह यह है कि जम्मू और काशमीर में नेशनल कांफ्रेंस की गवर्नमेंट बनी; नेशनल कांफरेंस की गवर्नमेंट बनते ही शेख अब्दुल्ला ने सब से पहले यह कहा था कि हिन्दुस्तान की सरकार काशमीर को अपनी कालोनी मान कर नही चले, हम को एक मोहल्ला समझ कर न चले, हमारी भी अपनी एक सत्ता है, हम भी अपनी जनता की चुनी हुई सरकार है । उसी राज्य के जो उप-मुख्य मंत्री हैं, जिन्हें शेख अब्दुल्ला ने उत्तराधिकारी के तौर पर चुना है उन्होंने दूसरे दिन वक्तव्य दिया कि श्रीनगर से रावलपिडी तक की सड़क खोल दी जानी चाहिए और एक बैरियर जो लगा है उस को हटा देना चाहिए । तो यह जो सीमावर्ती राज्यो में इस प्रकार की प्रवृत्तियां धीरे-धीरे बढ़ रही हैं, ये गृह मंत्रालय के लिये नहीं , यह जनता पार्टी के लिए नही, यह कांग्रेस पार्टी के लिए नही, बल्कि पूरे देश के लिए चुनौती है । मैं यह चाहता हूं कि गृह मंत्रालय इन प्रश्नों पर गंभीरतापूर्वक

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

विचार करे और इन को सामान्य समझ कर छोड़ न दिया जाये। तीसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि गृह मंत्री श्री चरण सिंह जी का एक सिद्धांत रहा है पहले से । बीच में जब पंजाब का विभाजन हुआ और जब हरियाणा अलग बना और हरियाणा ने तेजी से विकास किया तो यदि मैं चौधरी चरण सिंह जी के भाषणों को अच्छी तरह से याद रखता हूं तो उन्होंने कई भाषणों में यह कहा था कि जितने बड़े बड़े राज्य हैं देश के उन सब का ही पुनर्गठन होना चाहिए । उत्तर प्रदेश के संबंध में विशेष रूप से अपने अनुभवों के आधार पर उन्होंने कहा था कि इस तरह का वह राज्य है कि जो अनमैनेजेबिल हो गया है और उन की प्रबंध व्यवस्था में शिथिलता आती जा रही है । मैं सोचता था कि वे उस समय एक प्रदेश के मुख्य मंत्री थे । वह शायद अपने विचारों को कार्य रूप में परिणत करने में असमर्थ रहे हों । लेकिन आज वह इस देश के गृह मंत्री हैं। अब उनकी इस संबंध में क्या राय है और अब वह इस समस्या का किस प्रकार से समाधान करना चाहते हैं। भविष्य की दृष्टि से नहीं, बल्कि जो उलझी हुई समस्यायें हैं उन का वे किस प्रकार समाधान करना चाहते हैं। अभी कुछ दिन पहले निर्णय हुआ था चंडीगढ़ के प्रश्न पर कि चंडीगढ़ पंजाब को जायगा और अबोहर और फाजिलका की तहसीलें हरियाणा को जायेंगी । लेकिन आज कितने ही वर्ष होने को आये, अब अगर वह सरकार निर्णय नहीं कर सकी तो कम से कम आप कोई निर्णय कीजिए । आखिर इन दो तहसीलों ने क्या क़सूर किया है और उन का क्यों विकास रुका हुआ है । अबोहर और फाजिलका की समस्या को जल्दी हल किया जाना चाहिये।

इसी तरह से सतलुज और व्यास के जल के बटवारे पर और उस जल से जो बिजली बनने वाली है उस संबंध में केन्द्रीय सरकार ने एक निर्णय लिया था । लेकिन उस को व्यावहारिक रूप में आज तक परिणत नहीं किया जा सका । तो इस प्रकार की जो उलझी हुई समस्यायें है उन को सुलझाने के लिए हम को दृढ़ता से कदम उठाने चाहियें और इस में हिचकने की कोई आवश्यकता नहीं होनी चाहिए ।

भाषा का प्रश्न जो यहां उठा था और अभी जिस चीज की चर्चा श्री रबी राय जी ने की, उस संबंध में मैं एक सुझाव देना चाहता हूं । यह जो त्रिभाषा फारमूला है इस संबंध में मेरी अपनी निजी राय यह है कि जो दक्षिण के लोग हैं, तमिलनाडु के, कर्नाटक के, केरल के, और वे लोग जो हिन्दी पढ़ते हैं उन के सामने समस्या यह है कि उन के भविष्य का क्या बनने वाला है। इसी तरह से जो उत्तर भारत के लोग हैं जो तैलगु, तमिल या मलयालम सीखते हैं उन के सामने समस्या है कि उन के उस भाषा सीखने का क्या उपयोग होने वाला है । मेरी अपनी निजी राय यह है कि जैसे सरकारी नौकरियों में कुछ प्रतिशत आप ने रखा है छोटे वर्गों के लिए, उसी तरह से मैं यह चाहता हूं कि अगर तमिलनाडु का आदमी कोई हिन्दी में एम० ए० की शिक्षा प्राप्त करता है' कर्नाटक का कोई व्यक्ति हिन्दी में एम० ए० करता है या केरल का कोई आदमी हिन्दी में एम० ए० करता है तो हिन्दी भाषी राज्यों की नौकरियों में उन लोगों के लिये कुछ प्रतिशत सुरक्षित होना चाहिए ताकि उन की शिक्षा का उपयोग हो सके । इसी तरह से अगर उत्तर भारत के राज्यों के निवासी तैलगु के माध्यम से, तमिल के माध्यम से या कन्नड़ के माध्यम से एम० ए० करते है तो उन राज्यों की सर्विसेज में उन के लिये कुछ

स्थान सुरक्षित रहने चाहिए । इससे राष्ट्रीय एकता भी बढ़ेगी और उस के साथ साथ भाषाओं का आदान प्रदान भी बढ़ेगा । बल्कि मैं तो इस बात को और आगे बढ़ा कर श्री रबी राय और राजनारायण जी से कहना चाहता हूं कि यह जो त्रिभाषा फारमूला है आज यह सभी समस्याओं की जड़ बना हुआ है । इस देश में द्विभाषी फारमूला होना चाहिए । एक तो संघ की राज भाषा हो और दूसरी राज्य की भाषा । उनमें ही उनका पठन-पाठन होना चाहिए । जब तक यह तीसरी भाषा रहेगी तब तक यह दोनों भाषाओं को लड़ाती रहेगी और आपस में शत्रुता पैदा कराती रहेगी । इस चीज पर और इन बातों पर गम्भीरता के साथ विचार किया जाना चाहिए ।

एक बात कानून और व्यवस्था के संबंध में कहना चाहता हूं । कानून और व्यवस्था की स्थिति आज दिल्ली, जो भारत की राजधानी है वहां भी बिगड़ती जा रही है । लेकिन आज स्थिति अन्यत्र भी यह है कि "हिन्दू" जो एक पत्र निकलता है मद्रास से, उसमें लिखा है कि कुछ स्कूल और कालिजों में वही पहले की ही प्रवृत्तियां प्रारम्भ हो गयी हैं । पटने के कुछ विद्यार्थी परीक्षा दे रहे थे । वह परीक्षा देते-देते बाहर निकल आये और जहां लड़कियां परीक्षा दे रही थीं उन्होंने वहां जा कर उन लड़कियों को मजबूर किया कि वे परीक्षा हाल से बाहर निकल आयें और फिर दोनों ने मिलकर नारे लगाये जनता पार्टी के खिलाफ; कि तुम भी चोरी कर के जीते हो तो हमें भी चोरी से परीक्षा में पास होने दो । यह उस में लिखा है । तो मैं बताना चाहता हूं कि आज स्कूल और कालिजों में इस प्रकार की प्रवृत्ति पैदा हो रही है । रेलों में फिर बिना टिकट चलने की प्रवृत्ति चालू हो गयी है । शहरों में स्त्रियों के गले की जंजीर निकाल ली जाती है । यह सारी समस्यायें रोज बढ़ती चली जा रही हैं । एक और बात जो हरिजन समस्या के संबंध में है उस ओर भी मैं आप का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं ।

मुझे खुशी है कि जनता पार्टी गांधी जी के आदर्शों की दुहाई देती है । मैं इस चीज की चर्चा नहीं करना चाहता हूं कि बेलची के अन्दर क्या हुआ, मैं इस बात की भी चर्चा नहीं करना चाहता कि भागलपुर में क्या हुआ, मध्य प्रदेश मे क्या हुआ, आंध्र प्रदेश में क्या हुआ, मैं गृह मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि मेरठ में क्या हुआ जहां इनका अपना निर्वाचन क्षेत्र है वहां की बात करता हूं । मेरठ के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ने जो रिपोर्ट उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री को भेजी है वह रिपोर्ट क्या है ? अगर सच्चाई कबूल करेंगे तो मैं आपको बताना चाहता हूं कि हरिजनों को खेतों में टट्टी फिरने के लिए नहीं जाने दिया जाता है, उनको खेतों में घास नहीं खोदने दिया जाता है और जो उनकी जीविका है वह मारी गई है। मैं गृह मंत्री के नाते आपका वक्तव्य नहीं जानना चाहता, अगर सचमुच आप गांधीवादी हैं तो आपको बड़ौत के बाजार में सत्याग्रह करके बैठ जाना चाहिए और यह कहना चाहिए कि जब तक इस क्षेत्र की समस्याओं का समाधान नहीं होगा मेरे निर्वाचन क्षेत्र में हरिजनों की समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक मैं भी बैठूंगा । किस प्रकार से यह जात-पात और हरिजन समस्या का समाधान हिन्दुस्तान में होगा । जात-पात हिन्दुस्तान के लिए बुरी है, मैं इसको हृदय से स्वीकार करता हूं । लेकिन जात-पात को दूर करेंगे वह जो एड़ी से लेकर चोटी तक जात-पात के दल-दल में फंसे हैं, जिन्होंने हिन्दुस्तान की राजनीति को जात-पात की ओर मोड़ दिया हो, जात-पात को दूर करेंगे वे ? मेरा भी अपना एक छोटा सा सामाजिक

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

संगठन है जिसमें जात-पात का कोई स्थान नहीं। मैंने जब इस चीज को अपने भाषणों में कहना प्रारम्भ किया तो सबसे पहले मैंने अपने से प्रारम्भ किया, अपना विवाह मैंने जात-पात तोड़कर किया, अपने छोटे लड़के का विवाह जात-पात को तोड़कर किया। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि जो व्यक्ति स्वयं इस दल-दल से बाहर न निकल पाये हों वह जात-पात की समस्या का क्या समाधान करेंगे? जात-पात की समस्या का समाधान करेंगे। जगजीवन राम जिन्होंने एक आदर्श उपस्थित किया है। जात-पात की समस्या का समाधान किया था चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने जिन्होंने ब्राह्मण होते हुए भी अपनी लड़की एक वैश्य को दी। जात-पांत की समस्या का समाधान किया था। महात्मा गांधी ने जिन्होंने अपने जीवन मे उसको व्यवहार करके दिखाया। जात-पात की समस्या का समाधान दिखाया है आज के प्रधान मंत्री मोरारजी देसाई ने जिन्होंने अपने पुत्र की शादी जात-पात छोड़कर की। यह जात-पात की समस्या का समाधान है। जात-पात पर भाषण देने से काम नही होगा। जात-पात को जीवन में ढालने से काम होगा। किस तरह से वह जात-पात को जीवन में ढालते हैं और किस तरह से जात-पांत से ऊपर उठते हैं, इस प्रकार से इस समस्या का समाधान हो सकता है।

मैं एक दो बातें और कहकर अपनी बात को समाप्ति की ओर ले जाना चाहता हूं। एक तो यह है कि हिन्दुस्तान मे कमीशन और जांच आयोग आज तीव्र गति से बैठते हुए चले जा रहे हैं। श्रीमन्, आप इस सदन के बहुत समय से सदस्य हैं, पर शायद आपको जानकारी होगी कि मैं सदन के उन सदस्यों मे हूं जिन्होंने आपत्कालीन स्थिति के अन्दर उसका कभी समर्थन नहीं किया। मैं हमेशा इस बात को कहता रहा कि दूसरे कानूनों से भी ये काम किये जा सकते हैं, इसके लिए इमरजेंसी लागू करने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन जिस को मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि आप जात-पात का विरोध तो करना चाहते हैं, मेरे हाथ में यह कल की इंडियन एक्सप्रैस है, उसमें आडवाणी जी को खास तौर से सुनाना चाहता हूं कि जनता पार्टी के सेक्रेटरी श्री नानाजी देशमुख ने पणजी के अन्दर एक बयान दिया है कि हमने जो 9 प्रान्तों में चीफ मिनिस्टर बनाये हैं, वह हमारे नव-रत्न हैं। हमने बिहार के अन्दर एक नाई को बनाया है, यू० पी० के अन्दर एक मिल्कमैन को बनाया है। हमने हरियाणे के अन्दर एक जाट को बनाया है। अब इस तरह के वक्तव्य जनता पार्टी के जनरल सेक्रेटरी को देने चाहिएं? यह जात-पात को मिटायेंगे, ये जात-पात को समाप्त करेंगे? ये कहते हैं कि ये हमारे नव रत्न हैं। इस प्रकार से समस्याओं का समाधान हो सकता है?

आपने आज कमीशन स्थापित किये हैं। एक नहीं 10–15 कमीशन और भी हो सकते हैं तो उनको भी बनाइये जिससे सदन के सामने सच्चाई आये। लेकिन चौधरी साहब एक बात मैं आपसे कहना चाहता हूं। आप इंदिरा गांधी को क्या सज़ा देंगे? इंदिरा गांधी को सबसे बड़ी सज़ा हिन्दुस्तान की जनता ने दे दी, इंदिरा गांधी को तो सबसे बड़ी सज़ा मतदाताओं ने दे दी। आप इंदिरा गांधी को क्या सज़ा देंगे। अगर आप यह चाहते हैं कि इन कमीशनों से, जांच आयोगों से उसके व्यक्तित्व को बिगाड़ देंगे तो मैं आपको कहना चाहता हूं कि अगर उनके व्यक्तित्व के अन्दर कुछ भी सामर्थ्य है, अगर उन्होंने प्रायश्चित किया, उन भूलों का और प्रायश्चित करके अपने को सुधारा और फिर वह सार्वजनिक क्षेत्र में आई तो आप कितने ही कमीशन, कितने ही आयोग बनाइये उनके व्यक्तित्व पर आघात नही कर सकेंगे। लेकिन मैं कहना यह चाहता हूं कि आप सच्चाई को फेस करें। अगर सच्चाई को लेकर चलोगे तो एक कमीशन बनाने के लिए सदन के हरिजन

सदस्यों और दूसरे सदस्यों ने कहा और आपके सामने यहां धरणा भी दिया, सैकड़ों कमीशन बना रहे हो, एक कमीशन इन गरीबों की सहायता के लिए भी बना देते । किस तरह से इनकी दुर्दशा होती चली जा रही है उसके ऊपर आप विचार करने के लिए तैयार नहीं हैं।

अंतिम बात जिसको कहकर मैं बैठ जाना चाहता हूं वह यह है कि कोई भी व्यक्ति सरदार पटेल बन सकता है, लेकिन सरदार पटेल बनने के लिए सरदार पटेल जैसे रचनात्मक प्रतिभा भी होनी चाहिए । सरदार पटेल कमीशन बनाकर सरदार पटेल नही बने थे, सरदार पटेल हिन्दुस्तान की 580 रियासतों को हिन्दुस्तान में विलय करके तब सरदार पटेल बने थे । अगर हिन्दुस्तान का प्रधान मंत्री बनना है तो उसके लिए उस तरह की राष्ट्रीय परिपक्वता चाहिए । उसी तरह की विनम्रता चाहिये तब जाकर कोई इस स्थान पर आ कर बैठ सकता है । गृह मंत्रालय की कुर्सी संभालने के बाद जो जिम्मेदारी होनी चाहिये, जो उत्तरदायित्व होना चाहिये उस उत्तरदायित्व को निभायें जिससे आपकी स्थिति देश में ऊंची हो सके ।

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : मंत्री जी सात बजे जवाब देंगे इसलिये माननीय सदस्यों से अनुरोध करुंगा कि वे थोड़ा-थोड़ा समय लें ।

श्री एन० पी० चौधरी : मैंने पहले कहा था कि मैं 20 मिनट से कम नहीं लूंगा । मैंने शुरू में ही यह निवेदन किया ।

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : आप अपना भाषण शुरु करिये ।

श्री एन० पी० चौधरी : सबसे पहले गृह विभाग से संबंधित जो एक ज्वलंत समस्या हमारे सामने है हरिजनों के बारे में, उस बारे में मैं पुनः आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा । यह बहुत ही दुख की बात है कि रोज अखबारों में, संसद में, विधान सभाओं में देश में कोने-कोने में हरिजनों के ऊपर हो रहे अत्याचार की बात उठाई जा रही है परन्तु हमारे गृह मंत्री के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है । दो दिन पहले की बात है इस सदन मे मांग की गई थी मैज्योरिटी की तरफ से, बहुमत में बैठे लोगों की तरफ से कि आप एक इंक्वायरी कमीशन अपाएंट कीजिए जिससे कि उन कारणों पर जांच हो सके जिन कारणों से यह हो रहा है । आप देख रहे हैं रोज-रोज हत्याएं, घर जलाना आदि-आदि होता जा रहा है । इससे लोगों में दहशत की भावना पैदा हो रही है । हरिजनों, आदिवासियों में जो एक भय का वातावरण छाया हुआ है उसमें कुछ कमी आए इस कारण से कमीशन आफ इंक्वायरी की मांग उठाई गई थी परन्तु दुख के साथ कहना पड़ता है कि हमारे कमीशन मास्टर जिन्होंने कमीशन के बल पर अपने 100 दिनो तक राज चलाया है, इस बारे में कमीशन नियुक्त करने के लिये मना कर दिया.। उस मांग को अस्वीकार कर दिया । मैं श्री रबी राय की बात सुन रहा था । जो उनका काम चल रहा है जनता पार्टी की ओर से उससे ऐसा लगता है कि अगर जनता पार्टी के किसी मन्त्री को खांसी भी आ जाएगी तो शायद उसके लिये वह कमीशन नियुक्त कर देंगे परन्तु यहां हजारों, लाखों हरिजनों, आदिवासियों के ऊपर जो अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं, उनकी हत्याएं हो रही है इसका कोई असर उनके ऊपर नहीं होने वाला है । वह इस बात के लिये कमीशन नियुक्त नहीं करने जा रहे हैं । मैं मन्त्री महोदय का ध्यान प्रधान मन्त्री के उस पत्र की ओर आकर्षित करना चाहता हूं जिसका सर्टिफिकेट उन्होंने दिया है जनता पार्टी की सरकार को । मोरारजी देसाई ने अपने पत्र में उत्तर प्रदेश और बिहार के मुख्य मन्त्रियों को जो लिखा है उसमें स्पष्ट रूप से कहा है कि यह जनता सरकार के लिये शर्म की बात है कि देश के कोने-कोने से हरिजनों के ऊपर अत्याचार हो रहे हैं,

[श्री एन० पी० चौधरी]

हत्याएं हो रही हैं । इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि इस बारे में कोई कदम नही उठाये जा रहे हैं । इतनी बड़ी चिन्ता हमारे देश के प्रधान मन्त्री ने व्यक्त की है, क्यों नही समझ में आता कि जो हमारे मन्त्री महोदय चार्ज में हैं वह क्यों नहीं इस बात को ध्यान में रखते हैं कि जो हमारी मांग है वह उचित मांग है । उनको हरिजनों के लिये एक कमीशन नियुक्त करना चाहिये । मैं पुनः उनसे अनुरोध करता हूं कि इस चीज को वह मानें, स्वीकार करें, हमें न्याय देने की कृपा करें । आप देखिये कि कितने ही मकान जलाये जा रहे हैं । इसके साथ-साथ कहीं-कहीं पर यह भी देखा जा रहा है कि हरिजनों को नक्सलाइट के नाम पर मारा जा रहा है । जिनके पास खाने को कुछ नहीं है उनकी हत्या की जाती है, यह कहा जाता है कि वह नक्सलाइट हैं, जिसके पास पहनने के लिये कपड़ा नहीं है उसको नक्सलाइट कह कर मारा जाता है । मैं पूछना चाहता हूं कि वह नक्सलाइट कैसे हो सकता है । खाने की बात का सहारा लेकर, उसकी गरीबी की मजबूरी का सहारा लेकर, इसका फायदा उठा कर उसको नक्सलाइट कहा जाता है, और उनको मारा जाता है । यह बड़े शर्म की बात है ।

एक बात मैं यह कहूंगा कि कमीशन तो आप नियुक्त करें साथ-साथ यदि आपके दिल में सच्ची श्रद्धा है, उन लोगों की समस्याओं को हल करने के लिये तनिक भी हृदय में दर्द है तो मैं आपसे निवेदन करूंगा कि जिस तरह साम्प्रदायिक दंगों को खत्म करने के लिये, उनको कम करने के लिये सामूहिक रूप से जुर्माना लागू कर दिया था उसी प्रकार से जुर्माना इसके लिये भी लागू करना पड़ेगा । जिन क्षेत्रों में ये घटनाएं होती हैं, जहां पर गरीब लोग मारे जाते हैं या उनके कान जलाये जाते हैं, उनकी तरफ विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है । हमारे विधि मन्त्री जी भी यहां पर बैठे हुए हैं । मेरा सरकार से यह निवेदन है कि जिस क्षेत्र में या जिस गांव में इस प्रकार की घटनाएं होती हैं वहां पर सामूहिक जुर्माने की प्रणाली को लागू किया जाना चाहिये जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके । इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जिस क्षेत्र में इस प्रकार की घटना होती है वहां के एस० पी० और कलेक्टर को तुरन्त ससपेन्ड किया जाना चाहिए और उनको किसी दूसरे गांव या शहर में भेज देना चाहिए ताकि इन्क्वायरी के अन्दर वे किसी प्रकार का दखल न दे सकें और निष्पक्ष रूप से इंक्वायरी हो सके । मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जब घर जलाये जाते हैं तो वे गरीब लोगों के घर जलाये जाते हैं । ऐसी दशा मे सरकार का यह फर्ज है कि वह उनके पुनर्वास की व्यवस्था करे और उनको कम्पेंसेशन दे । आप जानते हैं कि हवाई जहाज के एक्सीडेंट में या रेलवे के एक्सीडेंट में जब कोई आदमी मर जाता है तो उसके परिवार वालों को 50 हजार या इससे अधिक का मुआवजा दिया जाता है । लेकिन जब हरिजन इस प्रकार से मारे जाते हैं तो उनको कुछ भी नही दिया जाता है । मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि जब इस प्रकार से किसी हरिजन भाई या आदिवासी की हत्या की जाती है तो उसके परिवार वालों को मुआवजा दिया जाना चाहिए । मैं चाहता हूं कि यह मुआवजा कम से कम 50 हजार रुपयों का दिया जाना चाहिए ।

मैं एक निवेदन यह भी करना चाहता हूं कि केरल के अन्दर राजन के मामले में सत्ता का परिवर्तन हो गया । फरीदाबाद में एक व्यक्ति की मत्यु हो गई तो उसके लिए कमीशन एपाइन्ट हो गया । हिमाचल प्रदेश में मिस श्यामा शर्मा की घटना के ऊपर कमीशन एपाइन्ट हो गया । छोटी-छोटी घटनाओं को लेकर कमीशन एपाइन्ट किये जा रहे हैं । लेकिन सैकड़ों हरिजन मारे जाते है उनके लिए कोई कमीशन नहीं बैठाया जाता है ।

यहां पर गृह मन्त्री जी बैठ हुए है । उनसे मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि मथुरा के अन्दर इसी प्रकार की एक घटना होने वाली है जिसकी शुरूआत हो चुकी है । पिछले तीन दिनों से मैं गृहमन्त्री जी को फोन करता आ रहा हूं, लेकिन मैं उनसे भेंट नहीं कर पा रहा हूं । उनके पी० ए० को मैं अनेक बार फोन कर चुका हूं, लेकिन चौधरी साहब से भेंट करने का मौका नही मिल रहा है । लेकिन मैं उनसे कहना चाहता हूं कि मथुरा के अन्दर बेलची काण्ड की तरह का काण्ड होने वाला है । मैं चाहता हूं कि गृह मन्त्री महोदय इन बातों की ओर ध्यान देने की कृपा करें ।

मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि हरिजनों के ऊपर जो अत्याचार किये जाते हैं या जो उनके मामले होते हैं उनको टाला जाता है । नौकरियों में उनके लिए जो स्थान रिजर्व होते हैं उनको पूरी तरह से भरा नहीं जाता है । हरिजनों का नौकरियों के अन्दर जो अनुपात है वह यह है कि क्लास-3 में उनका प्रतिशत 11.31 है, क्लास-2 में 4.41 प्रतिशत है और क्लास-1 में शेड्यूल्ड कास्ट्स का प्रतिशत 3.46 है । इस प्रकार के ये आंकड़े हैं जबकि शेड्यूल्ड कास्ट के लिए 15 प्रतिशत स्थान रिजर्व होने चाहिए । मैं नहीं जानता कि इस बारे में मन्त्री महोदय क्या जवाब देते हैं, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि इस समस्या के समाधान के लिए उपाय किये जाने चाहिए । आज हरिजनों की सोशियो-इकनोमिक डेवलपमेंट की बात कही जाती है और उनके उत्थान की बात कही जाती है । लेकिन हमारे देश में कमजोर वर्ग का अभी तक कोई खास उत्थान नहीं हुआ है, बल्कि यदि मैं यह कहूं कि उन पर अत्याचार ज्यादा बढ़ गये हैं तो गलत नहीं होगा । मैं चाहता हूं कि हरिजनों के आर्थिक उत्थान के लिए कदम उठाये जाने चाहिए ।

अन्त में मैं यह कहना चाहता हूं कि पुलिस के बारे में जितना भी कहा जाये उतना कम है । आज हमारे देश में स्थिति यह है कि जिन लोगों के हाथ में ला एण्ड आर्डर है वही उसको तोड़ते हैं । कानून व्यवस्था को भूल जाते हैं, सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार इस विभाग में मिलता है । आप चाहे जहां जाइये इनके द्वारा छोटे-छोटे लोगों को पीटा जाता है, सड़कों पर उनको पीटा जाता है, इंक्वायरी के समय उन पर थर्ड डिग्री मेथर्ड का उपयोग किया जाता है । आज हमारा देश जब स्वतन्त्र है, तब भी किस तरह का व्यवहार हमारे नागरिकों के साथ किया जा रहा है । यह सब चीजें आपको देखनी चाहिए । उपसभाध्यक्ष जी मैं आपसे कहना चाहता हूं कि...

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : कृपया समाप्त कीजिये ।

श्री एन० पी० चौधरी : मैं समाप्त कर रहा हूं ।

जैसा कि यहां पर कहा जाता है, यदि इस देश में हरिजनों और आदिवासियों को आप कुछ देना चाहते हैं तो मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं और वह यह कि माननीय गृह मन्त्री महोदय पुलिस की सर्विस में आप कम से कम 50 प्रतिशत जगह हरिजनों और आदिवासियों को दें जिससे उनको रोजी रोटी का जरिया भी मिल सके और साथ ही साथ वे अपने दूसरे लोगों की सुरक्षा भी कर सकें । मैं आप से ए: यह बात कर रहा था कि...

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : अब आप समाप्त करें । मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि बैठ जाइये आपने काफी समय ले लिया ।

श्री एन० पी० चौधरी : जितना समय आप घंटी बजाने में व्यर्थ करेंगे, उतने में मैं बोल लूंगा । (Time bell rings) मुझे पांच मिनट और दिया जाये ।

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : इतना समय दिया जाना सम्भव नहीं है ।

श्री एन० पी० चौधरी : 3 या 5 मिनट का समय दिया जाय ।

उपसभाध्यक्ष (श्री श्यामलाल यादव) : एक मिनट आप बोल सकते हैं । (*Inter-ruption*) कृपया सदस्यगण शान्त रहें ।

श्री एन० पी० चौधरी : मैं गृह मन्त्री महोदय से यह कहना चाहता हूं कि देश में महंगाई किस तरह से बढ़ रही है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री श्यामलाल यादव :) आप आसन ग्रहण कीजिये ।

श्री एन० पी० चौधरी : मन्त्री महोदय के महत्व की बात है । उनको ऐसे कदम उठाने चाहिए जिससे कि व्यापारी लोग नाजायज फायदा न उठा सकें और महंगाई को कम किया जा सके ।

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : आप आसन ग्रहण कीजिये ।

श्री एन० पी० चौधरी : अधूरा भाषण रह जायेगा ।

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : श्री सयद मोहम्मद हाशमी ।

شری سید احمد هاشمی (اتر پردیش) : ڈپٹی چیرمین صاحب - وزارت داخلہ ایک ایسی وزارت ہے جس کا تعلق ملک کے شہریوں کی زندگی کے تقریباً تمام ہی شعبوں سے ہے - خصوصیت کے ساتھ جان و مال اور عزت و آبرو کا تحفظ اس کی بڑی اور اہم بنیادی ذمہ داری ہے اس لئے ملک کے ہر شہری کی نگاہیں وزارت داخلہ کی کارکردگی کی طرف لگی ہوئی ہیں- لیکن افسوس ہے کہ پچھلے چند مہینوں میں وزارت داخلہ کی کارگردگی مشتبہ ہو گئی ہے - لا اینڈ آرڈر کی طرف سے بے اطمینانی نے پورے ملک میں بےچینی اور خوفزدگی کا ماحول پیدا کو دیا ہے - چوری ڈکیتی اغوا قتل و غارتگری اور جرائم کی تعداد میں انارکی کی حد تک اضافہ ہوا ہے - یونیورسٹیوں اور کالجوں کے کیمپس میں لاقانونیت بڑھتی جا رہی ہے - اخبارات کو دیکھنے کے بعد یہ اندازہ ہوتا ہے کہ پورے ملک میں نراج پھیلا ہوا ہے - یہ تشویش اس وقت اور بڑھ جاتی ہے جب یہ دیکھا جاتا ہے کہ مجرموں کو کھلی چھوٹ ہے اور انہیں ایک طرح سے سرپرستی حاصل ہے- خود دلی اس ملک کا دارالسلطنت جرائم کا مرکز بن گیا ہے -

عام حالت یہ ہے کہ مظلوموں کی دادرسی کی بات تو الگ رہی مظلوموں کی صحیح رپورٹ ہی نہیں درج کی جاتی بلکہ بعض جگہوں پر تو سرے سے رپورٹ ہی

اور ہماری ہوم منسٹری ہے - جو واقعات کی تحقیقات کے لئے کمیشن کے قیام تک پر بنیاد نہیں ہے - ایک ڈاکو کے مرنے پر اس ملک میں کمیشن قائم ہو سکتا ہے اور بڑے سے بڑے پولیس آفیسر تک گرفتار اور ذلیل کئے جا سکتے ہیں - لیکن انسان زندہ جلا دیئے جائیں ہریجنوں کمزور اقلیتی طبقہ پر مظالم ہوں تو انہیں انصاف نہیں مل سکتا ان کے لئے ایک کمیشن نہیں قائم ہو سکتا - ابھی آج کی رپورٹ ہے کہ یو پی اسمبلی کے اندر ہے خود جنتا پارٹی کے ممبر نے الزام لگایا ہے کہ رام نگر جو گورکھپور کا ایک گاؤں ہے اس کے اندر میں بیلچی جیسا واقعہ ہوا ہے اور اس کے اندر پولیس شامل ہے - افسوس کی بات ہے ملک کے مختلف حصوں میں ہریجنوں پر مظالم بڑھتے چلے جا رہے ہیں - کمزور - پسماندہ اور اقلیتی طبقوں کے دل دہلے ہوئے ہیں - ڈلندر کا کوئی دن ایسا نہیں جاتا جس میں اس طرح کا کوئی نہ کوئی واقعہ ہمارے سامنے نہ آتا ہو لیکن ہوم منسٹری شرم ناک حد تک بے حس ہے کہ وہ مظلوموں کی دادرسی کے لئے ایک کمیشن تک کو برداشت نہیں کر سکتی البتہ ہمارے ہوم منسٹر صاحب کو اس اذیت پسندی سے دل چسپی ہے کہ وہ اس ملک کی عظیم تاریخ رکھنے والی اردو زبان کے خلاف بیان دے کر

درج نہیں کی جاتی - پچھلے مہینہ ۱۷ اور ۱۸ جون کو کوٹہ بوندی میں ایک فرقہ وارانہ جھگڑے میں بھی اسی طرح کا واقعہ سامنے آیا ہے کہ مظلوموں کی کوئی رپورٹ درج نہیں کی گئی بلکہ اقلیتی فرقہ کے پانچ چھ نوجوانوں کو گرفتار کرکے ان کی ضمانتیں بھی نہیں لی گئیں - حد یہ ہے کہ بلوائیوں کے ساتھ پولیس بھی شامل رہی اور ایک اقلیتی فرقہ کے معزز شخص کے بلواگیوں کے ہاتھوں مارے جانے کے بعد بھی پولیس کے رویہ میں کوئی تبدیلی نہیں ہوئی ہور اب تک مجرموں کو نہیں پکڑا گیا - اس کے برعکس اقلیتی فرقہ کے ایک شخص کی ضمانت ابتک نہیں ہوئی - میں نے بذریعہ خط اور تار وزیر داخلہ کو صورت حال کی اطلاع دی لیکن افسوس کے ساتھ کہنا پڑتا ہے کہ اب تک مجھے اس کی رسید بھی نہ مل سکی -

لا اینڈ آرڈر کی اس ظالمانہ چشم پوشی اور بے نیازی کے باعث فرقہ وارانہ اور ذات پات کے رجحانات کو ملک میں تقویت ملی ہور فرقہ وارانہ ذات وادی نکویت کے حادثات میں بھی اضافہ ہونے لگا ہے -

بیلچی کے مظلوم شہیدوں کے خون نا حق پر آج پورے ملک کا سر شرم سے جھک گیا ہے - لیکن غیرت کسی کو نہیں آتی تو وہ ہماری وزارت داخلہ

[شری سید احمد ہاشمی]

اور اپنی نفرت کا اظہار کرکے ملک کی اس لسانی اکائی کے دلوں پر چرکے لگائیں جس نے اس ملک کی آزادی کے لئے قربانی دی ہے - میں کہتا ہوں ہندوستان کی جنگ آزادی کی تصویر اردو کو نظر انداز کرکے کر کمل نہیں ہو سکتی - میں اعلان کرتا ہوں کہ اس اذیت پسندی اردو کا دوست بھر پور مقابلہ کرینگے اور اردو زبان اور اردو تہذیب کو اس ملک میں فنا نہیں ہونے دیں گے - اردو کی آبرو اور اس کی زندگی کے لئے ہم ہر قربانی دینے کے لئے تیار ہیں -

میں یہ بھی اعلان کرنا چاہتا ہوں کہ ہریجنوں - کمزور طبقوں اور اقلیتوں پر کسی بھی ظلم - بربریت - دہشت پسندی اور غارتگری کے خلاف پوری قوت سے آواز اٹھائینگے اور اگر ضرورت پڑی تو اس کے خلاف ہم سول نافرمانی سے بھی دریغ نہیں کرینگے -

مسٹر ڈپٹی چیرمین — مجھے افسوس ہے کہ آج سروسیز کو پالیٹیکلائز کر دیا گیا ہے سروسیز کو سیاسی بنا دیا گیا ہے اور یہی وجہ ہے کہ آج بہت بڑی تعداد میں سیکریٹریز کے تبادلے کئے جا رہے ہیں - میں نہیں سمجھتا کہ اگر ان کا جرم یہی ہے کہ انہوں نے پچھلی گورنمنٹ پچھلی حکومت کی پالیسی کے مطابق کام کیا تھا اگر ان کا یہی جرم ہے تو میں نہیں سمجھتا ہوں کہ کس جرم کی پاداش میں انہیں الگ کیا جا رہا ہے یہ طریقہ کار تو ایک ایسا رویہ ایک ایسی کنونشن بن جائیگا کہ پھر ملک کے اندر سروسیز کا کوئی احترام اور وقار نہیں رہ جائیگا اور کوئی ایمانداری سے کام نہیں کر سکتا - کیونکہ اسے اپنی بات کہنے کا خوف ہوگا کہ پتہ نہیں دوسری گورنمنٹ اگر آئیندہ آئی تو اور اس کے ساتھ اس کے ساتھ کیا انتقام لے گی - کیسا سلوک وہ کریگی - یہ انتقام کی پالیسی بڑے افسوس اور دکھ کی بات ہے - آج یہاں سینٹر کے اندر کوئی سیکریٹری سکھ نہیں ہے کوئی ہریجن سیکریٹری نہیں ہے دو ایک مسلمان تھے ان کو بھی آج یہاں سے نکالا جا رہا ہے - الزام یہ ہے کہ ان پر کوئی الزام نہیں — فضل گئے - برنی گئے اور اب بت جا رہے ہیں - آفا ریٹائر ہو رہے ہیں - ایک ہریجن اسپیشل سیکریٹری تھے اس کو بھی چھٹی دے دی گئی ہے - میں نہیں سمجھتا یہ شکل کس حد تک اس ملک کے لئے مفید ہو سکتی ہے - اس ملک کے انٹرسٹ کے اندر ہو سکتی ہے اور دل چسپ حیرت کی بات یہ

شری سید احمد هاشمی : بهر حال

میں آپ کے حکم کا پالن کرتا هوں لحاظ کرتا هوں لیکن حقیقت یه هے که هوم منسٹری کی کارکردگی ایک ایسی کارکردگی هے جس کے اوپر عام شهریوں هندوستان کے اور ملک کے شهریوں کو بهروسه نهیں رہ گیا هے کوئی اطمینان نهیں رہ گیا هے آج کسی بهی شهری کو اطمینان نهیں هے که وہ اپنے گهر زنده واپس آ سکے گا یا نهیں - نه همارے هونهار طلبا کو یه امید هے اور نه طالبات کو یه امید هے اور نه کسی شهری کو یه امید هے - میں سمجهتا هوں که یه صورت حال کسی ملک کے لئے مفید نهیں هو سکتی هے - اس پر نظر ثانی کرنی چاهئے اور صورت حال کو بدلنے کی کوشش کرنی چاهئے -

†श्री सैयद अहमद हाशमी (उत्तर प्रदेश) : वज़ारत दाखला---एक ऐसी वजारत है जिसका ताल्लुक मुल्क के शहरियों की जिन्दगी के तकरीबन तमाम ही शोबों से है । खसूसियत के साथ जान व माल और इज्जत व आबरू का तहफ्फज़ इसकी बड़ी और अहम बुनियादी जिम्मेदारी है । इसलिये मुल्क के हर शहरी की निगाहें वज़ारत दाखला की कारकर्दगी की तरफ लगी हुई हैं---लेकिन अफसोस है कि पिछले चन्द महीनों में वज़ारत दाखला की कारकर्दगी की मुश्तहैया हो गई है---ला एण्ड आर्डर की तरफ से वे इत्तमानी ने पूरे मुल्क में बेचैनी और खौफजदगी का माहौल पैदा कर दिया है । चोरी, डकैती अवान कत्ल व गारतगरी और जरायम की

†[ ] Devanagri transliteration.

هے که یه ترانسفر کسی اصول کی بنا پر نهیں کئے گئے هیں هر ایک فیصله ایڈ هاک فیصله کیا گیا هے اور ان اهم آفسروں کا تبادله هر چیز سے بے پرواه هو کر کیا گیا هے - اگر اس طریقه سے تبادلے هوتے رهے تو پهر کوئی آفیسر یا کوئی کارکن حکومت کا ایمان‌داری کے ساتهه کام نهیں کر سکتا -

میں ایک بات اور عرض کرنا چاهتا هوں که هریجن - مسلمان - سکهه عیسائی اور دوسری اقلیتیں اس ملک کی مقدس امانت هیں - ان پر چهری تیز کرکے اور ان سے نا انصافی کرکے جنتا حکومت اپنی عزت نهیں بڑها سکتی -

همیں افسوس هے که ناگالینڈ کی وہ اهم سرحدی ریاست جهاں ضرورت هے امن و امان کی اور استحکام کی لیکن آج وهاں هماری حکومت ان طاقتوں کی همت افزائی کر رهی هے -

جو وهاں پر بغاوت پهیلاتے رهے هیں جو وهاں انارکی پهیلاتے رهے هیں اور ان حالات میں همارا ملک ایسی صورت حال سے دو چار هو سکتا هے جس کے اندر امن نام کی چیز نه رہ جائے -

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : हाशमी साहब आप समाप्त करें ।

[श्री सैयद अहमद हाशमी]

तादाद में अनारकी की हद तक अज़ाफा हुआ है। यूनिवर्सिटियों और कालेजों के कैम्पसों में ला कानूनियत बढ़ती जा रही है। अखबारात को देखने के बाद यह अन्दाज़ा होता है कि पूरे मुल्क में निराज फैला हुआ है। यह तशवीश इस वक्त और बढ़ जाती है जब यह देखा जाता है कि मजमुओं को खुली छूट है और इन्हें एक तरह से सरपरस्ती हासिल है—खुददिली इस मुल्क का दारुलसल्तनत जराइम का मरकज़ बन गया है।

आम हालत यह है कि मज़लूमों की दादरसी की बात तो अलग रही मज़लूमों की सही रिपोर्ट ही नहीं दर्ज की जाती बल्कि बाज़ जगहों पर तो सिरे से रिपोर्ट ही दर्ज नहीं की जाती। पिछले महीनों 17 और 18 जून को कोटा बूंदी में एक फिरकावाराना झगड़े में भी इस तरह का वाकाह सामने आया है कि मज़लूमों की कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई बल्कि अकलीती फरका के पांच छः नौजवानों को गिरफ्तार करके इनकी जमानतें भी नहीं ली गईं। हद यह है कि बलवाइयों के साथ पुलिस भी शामिल रही और एक अकलीती फिरका के मुअज़िज़ शख्स के बलवाइयों के हाथों मारे जाने के बाद भी पुलिस के रवैये में कोई तबदीली नहीं हुई और अब तक मजूमों को नहीं पकड़ा गया। इसके बरअक्स अकलीती फिरका के एक शख्स की जमानत अब तक नहीं हुई। मैंने बज़रिया खत और तार वजीर दाखला को सूरतेहाल की इत्तलाह दी लेकिन अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि अब तक मुझे इसकी रसीद भी नही मिल सकी।

ला एण्ड आर्डर की इस जालमाना चश्म-पोशी और बेनियाज़ी के आइश फिरका वाराना और ज़ातपात के रुझानात को मुल्क में तकवीयत मिली और फिरका दाराना, ज़ातवादी नौइयत के हादशात में भी इज़ाफा होने लगा है।

बेलची के मजलूम शहीदों के खून नाहक पर आज पूरे मुल्क का सर शर्म से झुक गया है—लेकिन गैरत किसी को नहीं आती तो वह हमारी वरजात-ए-दाखला और हमारी होम मिनिस्ट्री है—जो वाकयात की तहकीकात के लिये कमीशन के कयाम पर तैयार नहीं है। एक डाकू के मरने पर इस मुल्क में कमीशन कायम हो सकता है और बड़े से बड़े पुलिस आफिसर तक को गिरफ्तार और ज़लील किया जा सकता है लेकिन इन्सान जिन्दा जला दिये जायें हरिजनों, कमज़ोर और अकलीती तबका पर जुल्म हों तो इन्हें इन्साफ नहीं मिल सकता इनके लिए एक कमीशन नहीं कायम हो सकता। अभी आज की रिपोर्ट है कि यू० पी० असेम्बली के अन्दर खुद जनता पार्टी के मेम्बर ने इल्जाम लगाया है कि राम नगर जो गोरखपुर का एक गांव है उसके अन्दर भी बेलची जैसा वाका हुआ है और उसके अन्दर पुलिस शामिल है। अफसोस की बात है मुल्क के मुखतलिफ हिस्सों में हरिजनों पर मज़ालम बढ़ते चले जा रहे हैं—कमज़ोर, पसमान्दा और अकलीती तबकों के दिल दहले हुए हैं। कलैण्डर का कोई दिन ऐसा नही जाता जिसमें इस तरह का कोई न कोई वाका हमारे सामने न आता हो लेकिन होम मिनिस्ट्री शर्मनाक हद तक बेहस है कि वह मजलूमों की दादरसी के लिए एक कमीशन तक को बरदाश्त नहीं कर सकती अलबत्ता हमारे होम मिनिस्टर साहब की इस अज़ीत पसन्दी से दिलचस्पी है कि वे इस मुल्क की अज़ीम तारीख रखने वाली उर्दू जबान की खिलाफ बयान देकर और अपनी नफरत का इज़हार करके मुल्क की इस लसानी इकाई के दिलों पर चरके लगायें जिसने इस मुल्क की आज़ादी के लिये कुरबानी दी है मैं कहता हूं हिन्दुस्तान की जंग आज़ादी की तस्वीर उर्दू को नज़र अन्दाज़ करके हरगिज़ मुकम्मल नहीं हो सकती। मैं ऐलान करता हूं कि इस अज़ीत पसन्दगी का उर्दू दोस्त भरपूर मुकाबला करेंगे और उर्दू जबान और उर्दू तहज़ीब को इस मुल्क में फना नहीं होने देंगे

उर्दू की आबरू और इसकी जिन्दगी के लिये हम हर कुरबानी देने के लिए तैयार हैं ।

मैं यह भी ऐलान करना चाहता हूं कि हरिजनों--कमजोर तबकों और अकलीतों पर किसी भी जुल्म, बर्बरीयत दहशत पसन्दगी और गारतगरी के खिलाफ पूरी कौत से आवाज़ उठायेंगे और अगर जरूरत पड़ी तो इसके खिलाफ हम सोल नाफरमानी से भी दरीग नहीं करेंगे ।

मिस्टर डिप्टी चेयरमैंन--मुझे अफसोस है कि आज सरविसेज को पालिटिकलाइज कर दिया गया है--सरसव्ज़ को सियासी बना दिया गया है और यही वजह है कि आज बहुत बड़ी तादाद में सेक्रेटरीज़ के तबादले किये जा रहे हैं। मै नहीं समझता कि अगर इनका जुर्म यही है कि इन्होंने पिछली गवर्नमेट, पिछली हकूमत की पालिसी के मुताबिक काम किया था अगर इनका यही जुर्म है तो मैं नहीं समझता हूं कि किस जुर्म की पादाश में इन्हें अलग किया जा रहा है यह तरीके-ए-कार तो एक ऐसा रवैया, एक ऐसी कनवेंशन बन जायेगी कि फिर मुल्क के अन्दर सर्विसिज कोई अहतराम और वकार नहीं रह जायेगा और कोई इमानदारी से काम नही कर सकता--क्योकि उसे अपनी बात कहने का खोफ होगा कि पता नही दूसरी गवर्नमेंट अगर आइन्दा आई तो इसके साथ क्या इन्तकाम लेगी । और उसके साथ कैसा सलूक से वह करेगी --यह इन्तकाम की पालिसी बड़ी अफसोस और दुःख की बात है । आज यहां सेन्टर के अन्दर कोई सेक्रेटरी सिख नही है कोई हरिजन सेक्रेटरी नही है दो एक मुस्लमान थे उनको भी आज यहां से निकाला जा रहा है । इल्जाम यह है कि इन पर कोई इल्जाम नहीं--फजल गर्ये --बर्नी गर्ये और बट जा रहे हैं--आगा रिटायर हो रहे हैं । एक हरिजन स्पेशल सेक्रेटरी थे उसको भी छुट्टी दे दी गई है । मैं नहीं समझता यह शक्ल किस हद तक इस मुल्क के लिये मुफीद हो सकती है । इस मुल्क के इन्ट्रेस्ट के अन्दर हो सकती है और दिलचस्प हैरत की बात यह है कि यह ट्रांसफर किसी असूल की बिना पर नहीं किये गये है । एक फसला एडहाक फैसला किया गया है और इन अहम आफीसरों का तबादला हर चीज से बेपरवाह होकर किया गया है। अगर इसी तरीके से तबादले होते रहे तो फिर कोई आफीसर या कोई कारकून हकूमत का ईमानदारी के साथ काम नही कर सकता ।

मैं एक बात और अर्ज करना चाहता हूं कि हरिजन, मुसलमान, सिख, ईसाई और दूसरी अकलीतन इस मुल्क की मुकद्स अमानत हैं--इन पर छुरी तेज करके और इन पर नाइनसाफी करके जनता हकूमत अपनी इज्जत नहीं बढ़ा सकती ।

हमें अफसोस है कि नागालैण्ड की वे अहम सरहदी रियायत जहा जरूरत है अमन व अमान की ओर इस्तहकाम की लेकिन आज वहां हमारी हकूमत उन ताकतों की हिम्मत अफजाई कर रही है । जो वहां पर दगावत फैलाते रहे है जो वहां अनारकी फैलाते रहे हैं और उन हालात में हमारा मुल्क ऐसी सूरत हाल से दो चार हो सकता है जिसके अन्दर अमन नाम की चीज न रह जाये ।

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : हाशमी साहब आप समाप्त करें ।

श्री सैयद अहमद हाशमी : बहराहाल मै आपके हुकम का पालन करता हूं, लिहाज करता हूं लेकिन हकीकत यह है कि होम मिनिस्ट्री की कारगर्दगी एक ऐसी कारर्गदगी है जिसके ऊपर आम शहरियो हिन्दुस्तान के और मुल्क के शहरियों को भरोसा नहीं रह गया है, कोई इत्तमिनान नही रह गया है आज किसी भी शहरी को इत्तमीनान नही है कि वह अपने घर जिन्दा वापस आ सकेगा या नहीं । न हमारे होनहार तबका को यह उम्मीद है और न तालबात को यह उम्मीद है और न किसी शहरी को यह उम्मीद है । मैं समझता हूं कि यह सूरत हाल किसी मुल्क के लिये

[श्री सैयद अहमद हाशमी]

मुफीद नही हो सकती है । इस पर नजरशानी करनी चाहिये और सूरत हाल को बदलने की कोशिश करनी चाहिए ।]

SHRI L. R. NAIK (Karnataka): Mr. Vice-Chairman, Sir, at the outset, I would like to say that I am a new comer to this august House and I am making a maiden speech. I, therefore, pray for the indulgence of this House and request the hon. Members to give me a patient and sympathetic hearing.

After having heard serveral hon'ble Members about the working of the Home Ministry, I also feel very much concerned about the unsatisfactory way the Ministry is working in this country. No doubt the concern expressed is very much true. At this moment, all that I would like to say however is that I agree with what has been said on the floor of the House but I want to highlight one important point so that the hon. Minister for Home Affairs could take connizance of what I say and take necessary action.

As you know , Sir, under article 341 of the Constitution of India, certain castes of Hindu community are specified as Scheduled Castes. Similarly, under article 42, some communities are scheduled as Tribes so that the Government of India and the State Governments could make special afforts for the development of these communities. The Schedules are drawn-up by Presidential Orders of 1950 and they are in respect of the Scheduled Castes, the Constitution (Scheduled Castes) Order 1950 and in the case of Tribes, it is called the Constitutional (Scheduled Tribes) Order. But since then several attempts have been made by the voiceless people of the this country—specially the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other under-dog—to have some other similarly placed communities included in such lists, so that their development could be brought about a speedily as possible. Unfortuntely, action was not taken readily in the past. The Government of India, however for the first time, thought in the year 1964 or 1965 to appoint a Committee called the Lokur Committee to report on this problem. The Lokur Committee went round the country and made a very effective enquiry as to who should be included in such lists and who should be excluded from such lists. And on the submission of that report, the Government of India, after considering several proposals, came forward to introduce a Bill, called the Scheduled Caste Scheduled Tribes (Amendment Order) Bill, 1967. This bill was introduced actually in the Lok Sabha on the 12th August, 7 P.M. 1967. But somehow or other there was a lot of controversy about this Bill with the result that the matter was referred to a Joint Committee of both the Houses headed by Mr. Chanda, Member of Parliament. This Committee, after going through all aspects of the problems, submitted its Report in 1969 together with a draft Bill. The principles laid down in that Report, in my honest opinion, were very well considered and are of a very sound type. For instance, on the question as to who should be in the list of Scheduled Castes, the Committee said that in such cases untouchability should be the main criterion, as regards Scheduled Tribes they said that clanishness of the people or habitat in jungle, etc., should be the criterion. Based on this, a Bill was prepared but, unfortunately, when the Bill was taken up for consideration, in 1970 the Lok Sabha was dissolved and subsequently the Bill also lapsed. Since then several attempts have been made again to see that such an important matter was discussed and some suitable action was taken so that millions and millions of people in this country could be benefited. And with that object in view the Government of India tried to bring forth a Bill but there was again some sort of opposition from some quarters. However, in 1976, the Government of India, with a view to re-

moving certain restrictions, called area restrictions, brought fourth a Bill called the Scheduled Castes and Scheduled Tribes Bill, 1976 and it has been passed by Parliament and has also received the assent of the President. That was on 3rd September, 1876 but since then no further action was taken to the misfortune of millions of people to enforce the Act. If you go through the proceedings of this House it would be found that people who would be affected would be to the tune of six to seven millions in this country. This Bill aims at removal of area restrictions in the sense that in a particular area of a State if one community is considered as a Scheduled Caste, it is not so considered in other parts of the State. Similarly, in the same State the same community is considered as Scheduled Caste whereas in other parts it is called a Scheduled Tribe. In order to remove all such anomalies the area restriction was removed and a community which was considered as a Scheduled Caste in one part began to be called a Scheduled Caste in the whole of the State. But, unfortunately, though nearly a year has lapsed, this Act has not been enforced by the present Government. I therefore urge the hon. Minister for Home Affairs kindly to take into consideration this aspect of the problem and as I myself come from one of such Tribes, I have known the agonies of the student world belonging to this community who are undergoing hardships for want of scholarships, for want of establishment of suitable hostels, for want of books and so on. I, therefore request the Hon. Minister through you, Sir, to see that this Act is enforced at a very very early date.

With these words, Sir, I have done.

श्री चरण सिंह : उपसभाध्यक्ष महोदय, जो माननीय मित्रों ने सवाल उठाये हैं अगरचे उन में से बहुत से दोहराये गये हैं लेकिन फिर भी उन की तादाद इतनी है कि अगर मैं सब का तफसील से जवाब देना चाहूं, जैसा कि मैं अक्सर कोशिश करता हूं, तो उसमें दो घंटे लग सकते है । मैं समझता हूं कि उससे देर भी हो जायगी सभी लोगों को यहां से जाने में (*Interruptions*) और इसके अलावा मेरी तबियत भी अच्छी नहीं है इस लिये मैं केवल घंटे भर में जवाब देने की कोशिश करूंगा ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, पेश्तर इसके कि मैं जवाब देना शुरू करूं मैं अपने इस दु:ख का इजहार करना चाहता हूं . . .

SHRI JANARDHANA REDDY: Sir, since the Minister is not well, he can reply when he is well.

AN HON'BLE MEMBER: It is not possible.

श्री चरण सिंह : मैं जानता हूं कि हमारे माननीय दोस्त इस बात को मानने के लिये तैयार नहीं होंगे, लेकिन कोशिश की गयी है मुझ पर व्यक्तिगत आक्रमण करने की । श्रीमन् डी० पी० सिंह जी इस समय मौजूद नही है, उन्होंने बराबर जिस तरह से 'The hon. Minister is an honourable man' आदि कहा, वह कहने का एक ढंग है, गाली देने का । वर्मा जी इस समय पता नहीं, मौजूद ह या नहीं, उन्होंने पता नहीं क्या क्या कहा और बाद में कहा कि बाहर न मालूम आप की बाबत क्या क्या बातें कही गयी हैं । अगर हिम्मत होती तो यहां कहते और उस को साबित करने की कोशिश करते । इसी तरह मुझे माफ करेंगे, मेरे साथी रह चुके हैं श्री प्रकाशवीर शास्त्री, उनसे भी जितना हो सकता था मेरे पर एक पर्सनल अटैक किया है । मैं पहले भी यह बात कह चुका हूं, ऐसा मेरा ख्याल है । (*Interruption*) सुनिये । अगर आप सुनना नहीं चाहते हैं तो मैं जवाब देने का बहुत उत्सुक नहीं हूं । आप अटैक करें और मैं प्रोटेस्ट भी न करूं और आप सुनने को भी तैयार न हों तो मैं यही कहूंगा कि आप यहां अपनी तादाद के ज्यादा होने का अनुचित लाभ उठाना चाहते हो ।

श्री रणबीर सिंह (हरियाणा) : नहीं हम सुनना चाहते हैं ।

श्री चरण सिंह : मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि मुझ को यह कहने का हक है कि बजाय मेरिट्स पर एक चीज को कहने के मेरी पर्सनैलिटी को इस में लाने की कोशिश की गयी है और जब मैं ने प्रकाशवीर शास्त्री जी का जिक्र किया तो प्रोटेस्ट हुआ । इस तरह से सरदार पटेल नहीं बन सकते हो । किस ने कहा सरदार पटेल बनने के लिये । अगर कुछ अखबारों ने लिख दिया तो उस के लिये आप मुझ पर इल्जाम लगा कर कहे तो यह कहां तक मुनासिब है । विनम्रता से रहना चाहिये । यह भी पर्सनल अटक है । ठीक है, अगर आप को शोभा देता है तो आप कहिये, लेकिन मैं समझता हूं कि इस तरह से डिबेट किसी पार्लियामेट में या पार्लियामेंटरी इंस्टीट्यूशन्स में होती नहीं । पार्लियामेंट शब्द फ्रांसीसी भाषा का शब्द है जिस का मतलब है टांकिंग प्लेस । एक बात करने की जगह और बात करने की पहली शर्त यह है कि आप दूसरे व्यक्ति की नीयत पर हमला न करें । चाहे आप को विश्वास भी नहीं उन की नेकनीयती पर, लेकिन जिस समय तकरीर हो तो कम से कम उस की नीयत पर हमला न करें । क्योंकि अगर नीयत पर हमला किया और दूसरे ने प्रतिक्रिया में कुछ कहा और आप ने और सख्त लफ्ज कहे तो बजाय टांकिंग प्लेस के वह फाइटिंग प्लेस हो सकती है । तो पहली शर्त पार्लियामेंटरी डिबेट्स की यह है । लेकिन मैं फिर अर्ज करना चाहता हूं कि मैं यह नोट कर रहा हूं कई दिनों से कि बराबर कोशिश यह है कि पर्सनल अटैक किया जाय । हो सकता है कि मेरे इतना कहने से भी कुछ साहबान को चोट पहुंची हो । मैं उस के लिये माफी चाहता हूं ।

अब जैसा कि मैं ने कहा मुख्तसर में मैं जवाब देने की कोशिश करूंगा । पहली बात यह कही गयी और ठीक है, कहना चाहिये थी कि पुलिस के जो मेथड्स हैं इंवेस्टीगेशन के, तहकीकात के जो तरीके हैं उन में सुधार होना चाहिए । मैं तसलीम करता हूं । जिन लोगों पर भी जिम्मेदारी इस की रही है और खास तौर से पार्लियामेंट के मेम्बरान पर, जिन पर सीधी जिम्मेदारी है एडमिनिस्ट्रेशन की वह आज से नहीं, अनेक वर्षों से चिल्ला रहे हैं कि यह होना चाहिए । लेकिन यह किस प्रकार हो । क्या इस में कोई दो राय हो सकती है । अध्यक्ष महोदय, माननीय श्याम लाल जी ने यही कहा था जब उधर से बोल रहे थे कि पुलिस का तरीका सुधरना चाहिए । तो कोई तो बताता कि वह किस तरह से किया जाय मुझ से कहने की क्या बात है । सवाल यह है कि कोई रचनात्मक या तामीरी सुझाव दें तो उस से कोई फायदा हो सकता है । पहली बात तो यह है कि जो साइंटिफिक एड्स हैं इंवेस्टीगेशन के लिये उन के लिये कितने रुपयों की जरूरत होगी और क्या यह सदन या जो हमारे स्टेट लेजिस्लेचर्स हैं वह उतना रुपया दे सकते हैं पुलिस के लिये और उन अप्लायेंसेज के लिये उन ऐड्स के लिये । साइंटिफिक तरीकों की बात तो अलग है, आज जो 80 परसेंट कांस्टीबिल्स हैं उन के पास रहने के लिये मकान नहीं हैं । सब-इंस्पेक्टर्स के पास मकान नही है । उन के पास बेहिकिल्स नहीं है । सारे थानों में टेलीफोन्स नहीं है । तो उनकी कठिनाइयां अनेक हैं ।(*Interruptions*) जिस वक्त पुलिस में खामियां बयान करता हूं तो उसे सुनिये । लेकिन इस बात को दृष्टि में रखकर सोचें कि उनकी हालत में अगर दूसरा आदमी हो, हम हों या कोई दूसरा व्यक्ति हो तो उससे बेहतर कर सकता है ।

(*Interruption*)

श्री एन० पी० चौधरी : थर्ड डिग्री इंवैस्टिगेशन मैथ्ड्स को आप समर्थन देते हैं ?

श्री चरण सिंह : जी नहीं । मैं समर्थन नहीं देता हूं, मैं उसे कंडम करता हूं । लेकिन मैं यह उम्मीद करता हूं कि जब आप थर्ड डिग्री मथ्ड्स को कंडम करते है तो अगर चार महीने में कोई थर्ड डिग्री मैथ्ड्स हुए हैं तो मेरी नोटिस में लाइये और कंडम

कीजिए, लेकिन जो थर्ड डिग्री मैथ्ड्स दो साल मे हुए है उनको भी कंडम कीजिए।

(Interruption)

शान्ति से सुनो। थोड़ी सी शान्ति होनी चाहिए। मैंने केवल यह कहा है कि थर्ड डिग्री मैथ्ड्स का मैं हामी नहीं, अगर थर्ड डिग्री मैथ्ड्स चार महीने की तरफ इशारा करते हो तो मैं समझता हूं कि राजनीतिक ईमानादरी का तकाज़ा यह है कि पहले तो थर्ड डिग्री मैथ्ड्स हुए उनको भी कंडम कीजिए। यह कहकर कि आप थर्ड डिग्री मैथ्ड्स की हिमायत करते हैं तो इसका मतलब यह है कि चार महीने में थर्ड डिग्री मैथ्ड्स हुए हैं और पहले नहीं हुए। उनको कौन भला आदमी कर सकता है ? आप कुछ व्याख्यान दीजिए सारा सवाल यह है कि आपके पास इतने फंड्स नहीं हैं साइंटिफिक मैथ्ड्स अप्लायेंसेज और सहूलियतें जो है जिनसे पुलिस बेहतर काम कर सके उसके लिए फंड्स हम नहीं दे सकते हैं। जो स्काटलैंड यार्ड को ब्रिटिश गवर्नमेंट देती है वह हम नहीं दे सकते हैं। जो फेडरल ब्यूरो आफ इंवैस्टिगेशन को अमरीकन गवर्नमेंट दे सकती है वह फंड्स हम नहीं दे सकते। इस सिलसिले में और बातें कही जा सकती है। मैंने लोअर हाउस में, लोकसभा में कहा था कि पुलिस को कितने अधिकार होने चाहिए जो दूसरे देशों में हैं। इन सब बातों पर विचार करने के लिए मैंने लोकसभा में और बाहर भी कह चुका हूं कि हमने एक पुलिस कमीशन नियुक्त करने का इरादा किया है। 10–12 दिन में उसकी नियुक्ति हो जाएगी। हम उसको ज्यादा बड़ा नहीं बनाना चाहते। 10–20 या 11 आदमियों का नहीं बनाना चाहते बल्कि मेरी अपनी राय तो यह है कि दो रिटायर्ड पुलिस आफिसर हों उसमें हाइयेस्ट पासिबुल इंटिग्रिटी और एबिलिटी के और एक क्रिमिनल लायर हो और वह लायर भी सुप्रीम कोर्ट में प्रेक्टिस करने वाला नहीं बल्कि डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में जिसको पुलिस के तरीकों का जाती तजुर्बा हो, इस तरह का मेरा विचार है। लेकिन यह मेरा विचार है, हो सकता है कि पांच से ज्यादा हमको करने पड़ें लेकिन वह पांच से ज्यादा किसी सूरत में नही होंगे। कहने के लिए तो आसान होता है, लेकिन उनको यह कहना कि फलां व्यक्ति हो वह असान बात नही होती है। इसके अलावा उसके टर्म्स आफ रेफरेंस क्या हों, यह भी विचार करने की बात होती है क्योंकि पुलिस कमीशंस कितने ही बैठ चुके है। मुझे नहीं मालूम गवर्नमेंट आफ इंडिया के लेवल पर कोई बैठा कि नहीं, लेकिन स्टेट लेवल पर कितने ही पुलिस कमीशन बैठ चुके हैं और आम तौर पर जितनी वह रिकमंडेशंस करते हैं उनमें से बहुत कम पर अमल हो पाता है। तो देखना है कि क्यों नहीं अमल हो पाया। कौन से टर्म्स आप रेफरेंस रखे जायें यह तय करना जरा मुश्किल काम है। इसलिए हमारे जो स्पेशलिस्ट हैं, होम सेक्रेटरी हैं उनके जो सहयोगी हैं वह इस बात पर विचार कर रहे हैं।

इसके अलावा एक सवाल यह आता है कि गवर्नमेंट आफ इडिया के लेबल पर कमीशन बिठायें तो ला एण्ड आर्डर, पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन यह स्टेट सब्जेक्ट है। उस मामले में उनका मशविरा करना चाहिए क्योंकि उनके बिना मशविरे के हम यहां बैठा देते है तो उससे स्टेट गवर्नमेंट पाबन्द नही हैं। तो उनकी कंसेन्ट लेनी आवश्यक है। हो सकता है कि कोई चीफ मिनिस्टर एग्री न करे। मजबूर तो हम कर नहीं सकते। लेकिन अगर वह उससे सहमत न हो तो शायद फिर हमारी जो रिकमेंडशंस होंगी वह उन पर लागू नही होंगी या वह पसन्द नहीं करना चाहेंगे। एक यह भी समस्या हमारे सामने है।

श्रीमन्, आपके जरिये मैं माननीय दोस्तों से दरख्वास्त करना चाहता हूं कि जितने भी उनके सुझाव हों कस्ट्रक्टिव कि पुलिस का एडमिनिस्ट्रेशन कैसे सुधरे, वह होम सेक्रटरी के नाम भेजने की कृपा करें। बड़ी उनकी मेहरबानी होगी क्योंकि इसमें कोई शक नहीं है कि पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन में बहतरी की और सुधार की गुंजाइश बहुत ज्यादा है और

[श्री चरण सिंह]

अंग्रेजों का राज् जब से यहां से गया तब से बराबर हम हर साल लेजिस्लेचर के लेवल पर, स्टेट लेवल पर या आल इंडिया के लेबल पर यह दोहराते रहे हैं कि पुलिस की ह्यूमन अप्रोच नहीं है लेकिन पुलिस कांस्टेबल और सब-इस्पेक्टर उसी सोसाइटी से, उसी सेक्शन आफ सोसाइटी से आते है जिससे मैं और आप आते हैं। क्यों नहीं ह्यूमन अप्रोच, इसका कोई कारण तो होगा जो मौजूदा स्थिति है इसमें ? ऐसा तो है नहीं कि हम उनसे ज्यादा एक्सपेक्ट करते हैं। ऐसा तो नहीं है कि हम एक्जाजरेट कर रहे हैं तो ह्यूमन टच कैसे नहीं होता। कुछ को होता है कुछ का नहीं होता। लेकिन जैसा मैंने कहा कि कोई जादू तो है नही इस क्षेत्र में कि इन चार महीनों में बहुत कुछ हो सकता है। यह कहा जाता है कि चार महीने में आपने क्यों नहीं कुछ किया तो मैं यही कहता हूं कि पुलिस क्षेत्र में चार महीने में कोई जादू तो है नहीं कि कुछ हो जाए। मैं स्वयं भी नहीं जानता कि पुलिस की जितनी शाखाएं यहां पर हैं उसकी स्ट्रैंथ क्या-क्या है। अगरचे मुझ से यह पूछा जाए कि उनकी क्या डिफिकल्टीज हैं, क्या फर्ज हैं तो पूरी तरह से मैं उनका बयान नहीं कर सकूंगा और फिर हम यह विचार कर रहे हैं कि वहां पर जिस प्रकार से इकोनोमी हो, कहीं ओवर-लैपिंग तो नहीं है, कहीं यह मुमकिन तो नहीं है कि दो संस्थाएं अगर मिल कर काम करें तो उसमें रिट्रेचमेंट हो जाएगा, वगैरह-वगैरह। ये शनल अकाडमी पुलिस की, क्या कहलाती है मुझ को ठीक से मालूम नहीं, सुना है बहुत अच्छा काम कर रही है हैदराबाद में। मैं उसको जाकर देख नहीं पाया। मैं समझता हूं इतने काम मुझे यहां करने पड़ रहे हैं कि उनके काम को देखने के लिये मैं निकल नहीं पा रहा हूं। टकनपुरा ग्वालियर मे एक जगह है वहां पर ट्रैनिंग कैंप है बी०एस०एफ० का। वह भी अच्छा काम कर रहा है। सी०आर०पी० की, सिक्योरिटी रिजर्व पुलिस को, बटालियनों को इलेक्शनों में या और दूसरी जगहों पर भेजना पड़ता है। उनकी भी किस प्रकार की ट्रेनिग है, क्या डिफिकल्टीज हैं मैं ठीक तरह से नहीं जानता। मिलिटरी तो बिल्कुल फ्रंटीयर पर, बार्डर पर पर्दे में पड़ी रहती है वह सामने रहती ही नहीं उनकी भी क्या-क्या कठिनाइयां हैं इन सब का मुझे अध्ययन करना है लेकिन मुझ को मौका नहीं मिल रहा है। जैसे ही समय मिला कमीशन बठाया जाएगा तो मेरे मन पर जो जिम्मेदारी है पुलिस के प्रति वह बहुत कम हो जाएगी। जैसा मैंने पहले कहा और फिर दोहराऊंगा कि मेरे दोस्त इसमें मेरी मदद करेंगे तो पुलिस को एक बटर इंस्ट्रूमेंट आफ पब्लिक सर्विस, जनता की सेवा का एक बैटर सिस्टम बनाने में आसानी होगी।

माननीय बिपिनपाल दास ने आते ही कहा कि एक फलां तरीके से डिक्टेटर की तरह से आपने असेम्बली डिजोल्व कर दी, बिना वजह से, कोई कारण नहीं था, कोई रिपोर्ट नहीं थी गवर्नर की और फिर अपने आप जवाब भी दे दिया कि कस्टीट्यूशन के आर्टिकल 358 में लफ्ज है 'आन ए रिपोर्ट आफ दि गवर्नर आर अदरवाइज'। अगर गवर्नर संतुष्ट है तो ऐसा होगा, असेम्बली डिजोल्व की जाए। यह जरूरी नहीं है कि गवर्नर की रिपोर्ट पर असेम्बली को डिजोल्व किया जाए, यह जरूरी नहीं है कि उनके डाकुमेंट पर डिजोल्व किया जाए क्योंकि अदरवाइज लफ्ज भी इसमें शामिल है। अदरवाइज तो यह है कि बहुत सी हजारों चीजें हैं, जसे अदालत के लिये एविडेंस एक्ट में जुडिशियल नोटिस अदालत लेता है तो किसी गवाही को दस्तावेज पेश करने की जरूरत नहीं है, ऐसा किसी मुकदमे मे नहीं होता है। इसी तरह इलेक्शन के बाद की जो सारी स्थिति थी वह प्रेजीडेंट या किसी और से छिपी हुई नहीं थी तो फिर कहां ब्रेक डाउन हो गया, फिजिकल ब्रेक डाउन हो गया ?

तो कहां पर एडमिनिस्ट्रेटिव ब्रेक डाउन हो गया था? धारा 356 में जो लफ्ज लिखे गये हैं उसका मंशा यह है कि अगर लोगों में और उनके रिप्रेजेंटेटिव्ज में कोई गल्फ पैदा हो जाय तो डेमोक्रेसी का यह सिद्धान्त है कि जो लेजिस्लेचर है जो उसके सेवक हैं, वह जनता के नुमायन्दे हैं, उनको जनता का ख्याल करना चाहिए और जनता की एसपीरेशन्स, विसेज और अर्जेज का ख्याल रखना चाहिए और उन्हीं के मुताबिक अपनी पालिसीज बनानी चाहिए। जब ऐसा नहीं होता है तो It is a constitutional breakdown. फिर यह भी कहा गया कि बाद में अगर हम जीत गये तो इसमें क्या जस्टिफिकेशन है कि एसेम्बलियों को समाप्त कर दिया गया? मेरा कहना यह है कि यह हमारा अनुमान था और वह सही निकला। कहीं दीवार पर तो लिखा हुआ नहीं था कि कांस्टिट्यूशनल ब्रेक डाउन हो गया है। वह तो हमारा अनुमान था कि स्टेट एसेम्बलीज में जो लोग बैठते हैं, They no longer represent the people जैसा मैंने कहा कि यह हमारा अनुमान था और इलेक्शनों ने इसको साबित कर दिया कि हमारा अनुमान सही था . . . *(Interruption)* आप मुझे बोलने की इजाजत भी देंगे या इस प्रकार से बीच में बोलते जायेंगे। मैं यह भी अर्ज करना चाहता हूं कि सुप्रीम कोर्ट में कुछ स्टेट गवर्नमेन्ट्स की तरफ से एक रिट याचिका फाइल की गई जिसमें यह कहा गया कि सेन्ट्रल गवर्नमेन्ट को स्टेट एसेम्बलीज को भंग करने का कोई अधिकार नहीं है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्णय दिया कि सेन्ट्रल गवर्नमेन्ट को और प्रेजीडेन्ट को इस प्रकार का अख्तियार है। यह भी कहा गया कि इसमें पोलिटिकल गैर ईमानदारी से काम लिया गया है। मैं समझता हूं कि ये सब बातें गलत हैं। यह भी कहा गया कि श्री राजनारायण को पार्लियामेन्ट की अपनी सीट से इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि उनकी कांस्टिट्यूएन्सी की पांचों सीटों से जनता पार्टी के उम्मीदवार हार गये हैं और इसी प्रकार से बंगाल के अन्दर भी जनता पार्टी की हार हुई है। इसलिए बंगाल के एक हमारे माननीय मित्र को इस्तीफा दे देना चाहिए। मैं यह कहना चहाता हूं कि हमने इलेक्शन कांस्टिट्यूएन्सीवार नहीं कराये थे। हमने स्टेट को एक युनिट मानकर चुनाव कराये थे। इसलिए हमारे दोस्तों की इस दलील में कोई दम नहीं है। हमने महाराष्ट्र में इलेक्शन नहीं कराये। महाराष्ट्र के अन्दर 28 सीटों पर कांग्रेस की हार हुई थी। वहां से जनता पार्टी के 20 आदमी चुनाव जीते थे। लेकिन हमने यह माना कि वहां पर जनता कांग्रेस को टोटली रिजेक्ट नहीं किया है। हमने वहां पर चुनाव नहीं कराये। *(Interruption)* आप लोग इस तरह से बैठे बैठे बोलते रहे हैं। आप जरा शांत रहिये। मैं यह कह रहा था कि विरोधी दल के सदस्यों के इस आरगुमेन्ट में कोई सार नही है कि राज नारायण जी को अपनी सीट से इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि उनकी कांस्टिट्यूएन्सी की पांचों सीटों पर कांग्रेस की जीत हुई है। इसी तरह से हमारे बंगाल के दोस्त को भी इस्तीफा दे देना चाहिए।

श्री राजनारायण : कांग्रेस से डेढ़ गुना ज्यादा वोट मुझे मिले थे।

श्री चरण सिंह : यहां पर देश की एकता को खतरा है, इस बारे में भी कुछ बातें कही गई हैं। यह कहा गया है कि जनता पार्टी केवल उत्तर भारत के क्षेत्रों से जीत कर आई है। मैं यह समझ नहीं पाया कि किस तरह से देश की एकता को खतरा पैदा हो गया है। क्या कोई पार्टी जब सारे देश में जीतेगी तभी वह देश की एकता को बनाये रख सकती है? अगर कोई पार्टी देश के आधे भाग में या दो तिहाई भाग में या 3/5 भाग में जीत कर आती है तो देश को नहीं कायम रख सकती है? यह कौन सी दलील है। *(Interruption)*

[श्री चरण सिंह]

एक साहब ने यह बात कही है । शायद हमारे दोस्त दास साहब ने यह कही कही है । मैं समझता हूं कि अगर जनता पार्टी रिजनल पार्टी हो गई तो कांग्रेस भी रिजनल पार्टी हो गई क्योंकि वह भी सारे देश से जीत कर नहीं आई है । जहां से जनता पार्टी जीती है वहां से कांग्रेस पार्टी नहीं जीती है । इस तरह से दोनो रिजनल पार्टियां हो गई ।

SHRI BIPINPAL DAS: Sir, may I clarify?

श्री चरण सिंह : मान्यवर, मैं बोल रहा हूं ।

श्री बिपिन पाल दास : मैंने यह नहीं कहा कि हारने जीतने का कोई सवाल है । मैंने यह कहा था कि जनता पार्टी को जनता के अन्दर हिन्दुस्तान के बड़े हिस्से में कोई इन्टरेस्ट नहीं रह गया है, कोई पापुलर इनफ्लुयेस नही रह गया है, कोई पापुलर सपोर्ट नहीं रह गया है । इसलिये यह हमें खतरा है ।

श्री चरण सिंह : अब बात को बोलने के बाद... *(Interruption)*
पहली बात तो यह है कि *(Interruption)*

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : कृपया शांत रहें ।

श्री चरण सिंह : मैं यह अर्ज कर रहा हूं कि यह कहना कि जनता पार्टी का असरन हीं रह गया है, इसका क्या मतलब है ? ऐसे शब्दों का इस्तेमाल क्यों किया जा रहा है । हमारी पार्टी अब बनी है, इसलिये...

श्री बिपिनपाल दास : मेरी हिन्दी माफ कीजिये ।

You cannot take advantage of my wrong Hindi. मेरे कहने का मतलब यह है कि Janta Party does not have popular influence among the large parts of this country.

श्री चरण सिंह : लार्ज पार्ट आफ दिस कन्ट्री, देश के बड़े हिस्से में इसका असर नहीं रह गया है, बड़े सैक्शन में इसका असर नहीं रह गया है, बजाय रीजन के बड़े हिस्से में असर नहीं रह गया है । हिस्से और रीजन में कोई फर्क नहीं पड़ता, इसलिये रीजनल पार्टी हो गई । एक पार्टी है, उसके आल इंडिया प्लान्स हैं, आल इंडिया उसकी एप्रोच हैं, उसका मैनीफैस्टों हैं, आल इंडिया के उसके लीडर हैं, हर सूबे में उसके लीडर है । कहीं लीडर्स से कम काम नही हुआ, कोई कारण होगा । तो केवल किसी हिस्से में नहीं जीतने मात्र से आप यह कहें कि इसका असर सारे देश में नहीं हे, इसलिये यह रीजनल हो गई, तो यह कोई दलील नहीं हुई ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, एक मेरे मित्र ने यह कहा कि जब बादल साहब पर, बीज पटनायक साहब पर और एच० एम० पटल साहब पर इलजामत थे, करप्शन के और अगर आप कांग्रस के लीडरों के खिलाफ करप्शन के तहकीकात कर रहे हैं, कमीशन मुकरलर कर रहे यदि, आदि तो इन लोगों को आपने क्यों शामिल नहीं किया ? मतलब यही उनकी मंशा थी । इन तीन सज्जनों का नाम लेने का मितलब यह था कि करप्शन के उनपर चार्जेज थे तो उनको आपने कैबिनेट में क्यों शामिल किया ? उसमें जार्ज फर्नेन्डीज का नाम लिया गया कि जब उन पर मुकदमा चल रहा था तो आपने उनको इसमें क्यों

ले लिया । यह बात कमीशन के सिलसिले में कही गई है । मैं अर्ज करना चाहता हूं कि ...

श्री बिपिनपाल दास : यह नहीं कहा गया था कि क्यों ले लिया । यह कहा गया था कि केस क्यों वापस लिया ?

श्री चरण सिंह : केस क्यों वापस ले लिया । यह फर्नेंडीज की बात है लेकिन अन्य दोनों पर कोई केस नही चल रहा था । उपसभाध्यक्ष महोदय, हो सकता है कि मैंने सही नहीं सुना हो और कोई गलत बात मेरी जुबान से निकल जाय तो उसको थोड़ा सुनने का प्रयत्न करे । मेरी नीयत साफ है और मैं आपको मिस-रिप्रेजेन्ट भी करना नहीं चाहता । आपने केस रखा है । मैं आपके केस की वकालत कर रहा हूं, केस को बड़ा करके रख रहा हूं और फिर मैं उसका जवाब दूंगा ।

पहली बात यह है कि हम जो लोग वाइलेन्स ब्रैडडे हैं, जो हिंसा में विश्वास करते हैं, उनको छोड़ रहे हैं, केवल इसिलये कि उनका जाति मामला नही था । नक्सलाइट्स लोग कौन हैं ? वे हिंसा में विश्वास करने वाले हैं, हिंसा उन्होंने की है और पुलिस के आफिसर्स के खिलाफ की है । हमको बड़ी परेशानी हुई है, बहुत मैंटेल बैटेल, मेटेल स्ट्रगल रहा है । उन्होंने फोर्सेस आफ लॉ एंड आर्डर जो थे, उनको शूट डाउन कर दिया । परन्तु यह उनका जाती मामला नहीं था, इसलिये हमने उनको छोड़ दिया है । इसका क्या नतीजा होगा ? आगे क्या होगा ? हमारी फोर्सेज डिमोरेलाइज तो नहीं हो जायेंगी ? यह सब जानबूझ कर हमने रिस्क लिया । अभी कल ही मुझ से आंध्र प्रदेश के चीफ मिनिस्टर की मुलाकात हुई उन्होंने एक केस मुझे बतलाया । उन्होंने अखबार दिखाया । अटैक हुआ दो आदमियों पर । मैंने कहा कि अमुक लोगों ने यह किया होगा, अमुक ग्रुप ने यह किया होगा । उन्होंने कहा, हां साहब, उसी ग्रुप का यह काम है । यानी मतलब यह है कि उनका जाती मामला नहीं था परन्तु उनके इन कार्यों से देश को दृष्टि में रखकर, गरीबों के हित को दृष्टि में रखकर, जैसी उनकी दृष्टि थी, उस दृष्टि से हम सहमत नहीं है। परन्तु उन्होंने उस पर अमल किया, उस पर उन्होंने खतरा उठाया, दिन रात मारे मारे फिरते रहे, देश के लिये खतरा बना रहे, हम उस रास्ते को गलत समझते हैं, हम उसके खिलाफ है । लेकिन हमने उनको हमदर्दी की निगाहों से, प्यार की निगाहों से देखा, रिस्क लिया और उनको छोड़ दिया । तो उपसभाध्यक्ष महदय ये तो वायलैंस में विश्वास करते थे । मैंने तो नेक्सलाईटस का लिटरेचर पढ़ा नहीं है, पता नहीं जो तरीका उन्होंने इस्तेमाल किया उससे वे किस प्रकार की सोसाईटी यहां लाना चाहते थे। लेकिन इतना मैं जरूर समझत हूं जो भी सोसाईटी वे लाना चाहते थे, वह डैमोक्रेटिक नहीं होगी । असल में हम जिस प्रकार की डैमोक्रेसी में विश्वास करते ह, उनको भी हमने छोड़ा,हजारों को छोड़ा। अब जार्ज फर्नेन्डीज़ जी का सवाल उठा कि उनको कैसे छोड़ दिया गया । मै तो यह समझता हूं उन्होंने डैमोक्रेसी के लिए, सिविल लिबरटीज के लिए, फरीडम के लिए फाईट किया। अंग्रेजों के जमाने में आप में से बहुत से लोग यहां बैठे हैं जेलों में जाते थे । गांधी जी और वायसराय इरविन का समझौता हो गया और गांधी जी को छोड़ दिया गया और सजा समाप्त होने से पहले ही छोड़ दिया था । अब आप सरदार भगत सिंह को लीजिए जिनके ऊपर अनेक पीढ़ीयों तक देश गर्व करता रहेगा वे देश के लिए शहीद हो गए । उनका कोई सैलफिश मोटिव नहीं था, उनको फांसी लगा दी गयी । महात्मा गांधी जी अपने उसूलों को छोड़ कर कभी किसी से कम्परोमाईज नहीं पया, वे अपने उसूलों पर दृढ़ रहे । जहां तक मुझे याद पड़ता है, (अगर इसमें मैं कुछ गलत बोल जाऊ तो श्री राजनारायण

[श्री चरण सिंह]

जी मुझे दुरस्त करेंगे। उन्होंने यह कहा कि 'यंग मैन शुड नाट बी हैंगड' यह तो मैं सन् 1930 की बात कह रहा हूं। उपसभाध्यक्ष महोदय, श्री जार्ज फर्नेन्डीज को हमने यह मान कर छोड़ा कि वे वाकई दोषी थे, उन्होंने वाकई वायलैस करने का इन्तजाम किया था लेकिन उनका उद्देश्य था डैमोक्रेसी को रैस्टोर करने का, परसनल रूल और डिक्टेटरशिप को समाप्त करने का। वे किसी अनडैमोक्रेटिक गवर्नमेंट को नहीं लाना चाहते थे, इसलिए हमने नउको छोड़ दिया। अब रहा इन तीन दोस्तों की बात, बीजू पटनायक, पटेल साहब और बादल साहब। उपसभाध्यक्ष महोदय, अभी जो मेरे पास छोटे छोटे नोट मेरे विभाग के अधिकारियों ने भेज दिए हैं, पहले भी मैं देख चुका था, लेकिन रिपोर्ट साथ हीं लाया,मैं नहीं समझता था कि इतनी डिटेल में चली जाएगे। जहां तक श्री बीजू पटनायक साहब का ताल्लुक है, जस्टिस खन्ना ने इस संबंध में तहकीकात की। खन्ना कमीशन मुकर्रर हुआ था जिसने यह होल्ड किया कि करप्शन का मामला नहीं है, कुछ इरैगुलरटीज हैं बल्कि एक आध फिकरा श्री बीजू पटनायक जी की तारीफ का भी दिया गया कि उन्होंने उड़ीसा की बहुत सेवा की है। इस तरह के लफ्जों का भी ध्यान रखना चाहिए और एतिहात बरतनी चाहिए... *(Interruptions)*

श्री योगेन्द्र शर्मा : क्या उस रिपोर्ट को पब्लिश किया जाएगा ?

श्री चरण सिंह : मुझे कोई दिक्कत नहीं है। मै कोई जानबूझ कर गलत नहीं कह रहा हूं, अगर कोई गलती हो जाए तो दूसरी बात है। लेकिन जो नोट्स मेरे पास है उनमें बहुत तफसील से लिखा है कि उन्होंने दो केसिज में यह मशविरा दिया कि दो केसिज में पुलिस इन्क्वायरी कराए और वह इनक्वायरी हुई और पुलिस इस नतीजे पर पहुंची कि उनमें कोई ऐसा मामला नही है जो कि जूडिसरी में जाकर कनविक्ट हो सकता हो। यह कब हुआ ? वे चीफ मिनिस्टर नही थे, उनके दोस्त चीफ मिनिस्टर नहीं थे, पापुलर गवर्नमेंट नही थी, प्रेसिडैंट रूल था। तब गवर्नमेंट ने यह फैसला किया होम सेक्रेटरी, चीफ सैक्रेटरी, एडवाइजर ने पुलिस की रिपोर्ट की तहकीकात करने के बाद कि कोई ऐसा मामला नहीं है जिसको एक्शनेबल कहा जा सके। यह फैसला हुआ 13 मार्च सन् 1971 को।

श्री कल्प नाथ राय : एक बात मैं कहना चहाता हूं। 10 मार्च सन् 1965 में श्री लाल बहादुर शास्त्री ने पार्लियामेंट में कहा कि बीजू पटनायक is not worthy of being a Minister. और छागला कमेटी ने जो सब थी उसकी रिपगर्टमें है। 10 मार्च, 1965 को पार्लियामेंट में बहस हुई है और 12 घंटे हुई है। वह रिपोर्ट आप पढ़ लें इसके बाद अपनी जानकारी दें।

श्री चरण सिंह : उस रिपोर्ट की रिकमेंडेशन मेरे पास है। पर रिपोर्ट पढ़ने का वक्त नहीं मिलता है। *(Interruptions)* मैं पढ़ लूंगा। मैं कोई बात छुपाना नहीं चाहता हूं।

श्री कल्प नाथ राय : मैं एक बात कह रहा था कि 1965 की कैबिनेट सब कमेटी की रिपोर्ट आप पढ़ लें यदि आप कहते हैं बीजू पटनायक भ्रष्ट नहीं है तो मैं मान लूंगा।

AN HON. MEMBER: This charge-sheet was made, but later on it was withdrawn ... *(Interruptions)*.

श्री चरण सिंह : उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे कहने दीजिये, आप भी कह चुके और आप भी कह चूके है । कैबिनेट सब कमेटी की रिपोर्ट की जो फाइन्डिग्स है वह मैंने पढ़ी है । श्री लाल बहादुर जी शास्त्री द्वारा 4 मेम्बर अपनी कैबिनेट के मुकर्रर किये गये उस मामले को देखने के लिये और जो उनकी फाइंडिग्ज है उन्होंने कम्प्लीटली इकजोनरेटेड किया । सिर्फ जहां तक मुझ को याद है उसमे सिर्फ इतना लिखा है कि उन्होंने काशन नही लिया ।

कैबिनेट में यह चीज रख देनी चाहिए थी पानी लोगों को मालूम होना चाहिये कि कुल फाइन्डिग्स क्या है । लेकिन उनको देखकर हम किसी मिस कंडक्ट के नतीजे पर पहुंचे । सिर्फ इम्प्रोप्रांइरी बल्कि इम्प्रोप्राइटी से भी हल्का लफ्ज इस्तेमाल किया है । जब मैं पहले, आरम्भ में यहां आया था, लोक सभा में...

(*Interruptions*)

श्री कल्प नाथ राय : आदरणीय राज नारायण, आदरणीय रवि राय और आदरणीय मधु लिमये ने जो बीजू पटनायक के ऊपर भ्रष्टाचार थे उन पर 4 घटे बहस हुई पार्लिया-मेंट में उसको आप पढ़िये यदि समझते हों कि राजनारायण जी गलत अर्थ लगाते है तो फिर कोई बात नहीं है (*Interruptions*)

श्री **चरण सिंह** : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह कह रहा था कि माननीय कल्प नाथ राय जी का नाम मैं बहुत सुनता था । मैंने उनसे कहा कि यह साहब कौन है तो इन्होंने कहा कि श्री कल्प नाथ राय है । तो इनका नाम मैंने सुन ही रखा था । कल्प नाथ जी जब इधर बैठते थे तो माकूल बातें करते थे और उधर बैठ गये है तो जरा सा गैर जिमेदारी की बात करते है । तो कल्प नाथ जी तो एक ही है ...

(*Interruptions*)

यह कोई जरूरी नहीं है, यहां कोई फैसला नही हो रहा है हाई कोर्ट का । मैं कोई बात नहीं सुनूंगा । उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके जरिये उनसे अपील कर रहा हूं । मेरा मतलब यह है कि अब उस वक्त राज नारायण जी ने क्या कहा था मुझे नही मालूम ।

एक माननीय सदस्य : भूल गये ।

श्री चरण सिंह : मैं तो मेम्बर नही था ।

श्री राज नारायण : मैंने खन्ना कमेटी की पूरी रिपोर्ट पढ़ ली है और अगर यह सदन चाहे खन्ना कमेटी की रिपोर्ट पर मैं एक दिन बहस करने के लिये तैयार हूं ।

(*Interruptions*)

श्री कल्प नाथ राय : उपसभाध्यक्ष महोदय, अगर राजनारायण जी कह दें कि बीजू पटनायक भ्रष्ट नहीं हैं तो मैं नहीं कहूंगा ।

श्री राजनारायण : नही है, नही है ।

श्री चरण सिंह : मैं आपकी इजाजत से फिर यह दोहराना चाहता हूं कि किसी माननीय मित्र को किस मामले में क्या राय थी इससे मुझे ज्यादा सरोकार इस वक्त नही है । मैंने जो पढ़ा है, उसकी फाइन्डिंग्स जो मुझे दी गयी हैं, सब कमेटी की, मैं उसकी बेसिस पर कह रहा हूं कि उस वक्त वह दोषी नहीं थे । अब इसमें दो राय हो सकती हैं । अब माननीय कल्प नाथ जी क्या कह रहे थे राजनारायण जी ने क्या कहा था । अगरचे वह मुझ को बता भी चुके मैं उसको गैर मुताल्लिक समझता हूं।

कई माननीय सदस्य : प्वाइंट आफ आर्डर ।

श्री चरण सिंह : प्वाइंट आफ आर्डर मैं नही मानता ।

श्री श्रीकान्त वर्मा : मेरा पोइन्ट आफ आर्डर है। उस हाऊस में... (*Interruption*)

श्री चरण सिंह : मुझ को अधिकार है। मैं यील्ड नही करता। इसमें पौइन्ट आफ आर्डर कुछ नहीं आ सकता है ।

श्री श्रीकान्त वर्मा : नहीं, पौंइन्ट आफ आर्डर है ।

श्री चरण सिंह : अच्छा उपसभाध्यक्ष जी, आप तय करिए कि पौइन्ट आफ आर्डर है या नही ?

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : क्या वे सचमुच पौइन्ट आफ आर्डर पर बोल रहे हैं ? अगर बोल रहे हैं तो उनको इजाज़त दीजिए।

श्री राजनारायण : श्रीमन् पौइन्ट आफ आर्डर हमारा भी है । मंत्री के जवाब के प्रसग मे पौइन्ट आफ आर्डर पर उठकर बोलने की आदत हो गई है । मैं आपसे निवेदन करूंगा आप इस प्रथा को रोकें, यह प्रथा बहुत ही गलत प्रथा चलायी जा रही है । माननीय सदस्य नए सदस्य हैं, उनको आदत सीखनी है।

(*Interruption*)

श्री योगेन्द्र शर्मा : राजनारायण जी पौइन्ट आफ आर्डर नही उठा सकते हैं क्योंकि वे इस सदन के सदस्य नहीं है ।

श्री राजनारायण : उठा नहीं सकता हूं मगर सिखा सकता हूं ।

श्री श्रीकान्त वर्मा : जो मिनिस्टर ने कहा उस समय वह तो मिसलीडिग है और लोकसभा मे जो भी इस पर डिबेट हुई और सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी ने जो बयान किया था कि एक फाइल रखी गयी थी... (*Interruption*) उसको मंगाया जाए, उसको पूरा पढ़ लें।

(*Interruption*)

श्री रबी राय : उपसभाध्यक्ष महोदय, आप कहिए यह पौइन्ट आफ आर्डर है या पौइन्ट आफ डिस्आर्डर है।

(*Interruption*)

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) कृपया शांत रहिए । पौइन्ट आफ आर्डर नहीं है ।

श्री चरण सिंह : आपने कह दिया कि पौइन्ट आफ आर्डर नही है, ठीक है तो, मैं शुरू करता हूं । जो उपसभाध्यक्ष महोदय रही बात बीजू पटनायक साहब की, बादल साहब की...

श्री कल्प नाथ राय : सब पवित्र हो गए ।

श्री चरण सिंह : बादल साहब को अलाहिदा कर के न मालूम किस तरीके से हुआ था—मुझे याद नहीं—एक कमीशन बिठा दिया गया उनको बदनाम करने के के लिए (*Interruption*) और उससे साबित हो जाए कि...

श्री योगेन्द्र शर्मा : मान्यवर, चौधरी साहब को इस तरह की बात नही करनी चाहिए कि उसको बदनाम करने के लिए किया गया है ।

श्री चरण सिंह : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं जिमेम्दारी के साथ कहता हूं । मुझे तो न मालूम क्या क्या कह रहे है माननीय सदस्य। मैं कह रहा हूं कि जो चार्जेज थे—कमीशन की नीयत पर नहीं कह रहा हूं—बदनाम करने के लिए, पोलिटिकल रीजंस से किया और इस से साबित हो गया.

श्री कामेश्वर सिंह (बिहार) : डिपुटी चेयरमैन, आन् अ पौइन्ट आफ आर्डर...

(*Interruption*)

उन्होंने कहा है कमीशन बनाया । क्या गवर्नमेन्ट जो कमीशन बैठा रही है...

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : पौइन्ट आफ आर्डर नहीं बनता; आप बैठिए ।

श्री कामेश्वर सिंह : क्या इसी तरह बदनाम करने के लिए आप भी कमीशन नहीं बना रहे हैं ?

श्री चरण सिंह : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं जिम्मेवारी के साथ कहता हूं । तो मैंने यह कहा कि उन पर जो चार्जेज लागे वे उनकी राय में, फ्रीवालस में और उनके साथ दो मेम्बर लगे थे, उन्होंने उसका बायकाट कर दिया । एक बात यानी, अपील हुई नहीं । और फिर जो कमीशन था उसके सामने जो मेमोरियलिस्ट थे, जिनसे उनके खिलाफ दरख्वास्त दिलाई गई थी, मेमोरेण्डम दिलवाया गया था, वही सिर्फ एप्रूवर हुये कमीशन के सामने । उन्होंने स्वयं अपनी तरफ से कोई इंवेस्टिगेटिंग एजेंसी के जरिए इंवेस्टीगेशन नहीं कराया और फैसला कर दिया गया । गैर हाजिरी में यह हुआ क्योंकि जो लोग एक्यूजर्स थे केवल उनके ब्यान पर जैसा मुझे बतलाया गया कोई अपनी तरफ से कमीशन ने इंक्वायरी या इंवेस्टिगेशन नहीं करायी और 16 चार्जेज थे और उनमें से ज्यादातर छोटे छोटे चार्जेज थे, जो उन्होंने (श्री बादल ने) मुझे खुद जेल में बतलाया जब मैंने पूछा मामला क्या है ? उन्होंने कहा, सबसे बड़ा चार्ज मेरे ऊपर यह है कि एक रोड थी जो कि अन्मेट्ल्ड था, उस पर एक साहब परमिट चाहते थे । अब उन्होंने परमिट की दरख्वास्त दी तो छः महीने हो गए, साल भर हो गया, उसकी तरफ कोई आर्डर आर० टी० ओ० की तरफ से नहीं हुआ है । वह आदमी हमारे पी०ए० के पास आ गया कि साहब, महीनों हो गए । तो पी० ए० ने शायद उनको कहा तो उन्होंने सिर्फ इतना कहा जल्दी फैसला करवाओं, आइदर वे, जैसे चाहें करवाएं । ही वाज दी सोल अप्लीकेन्ट । जो उन्होंने मुझे बतलाया । उस पर चार्ज क्या था कि 20 हजार रुपया लिया और होल्ड कर दिया गया कि 20 हजार रुपया उन्होंने लिया । यह चार्ज था । तो अब उन्होंने वापस नहीं लिया । जिस वक्त गवर्नर रूल था गालिबन उस वक्त की बात है, कम से कम उन का अपना आर्डर नहीं है , न हमारा आर्डर है वापस लेने का । तो 12 चार्जेज थे जो मैं सुनाये देता हूं । जो रिपोर्ट है मेरे सामने उस के अनुसार है कि :

"In respect of four of these allegations, three cases were registered for investigation by the State police. On completion of the investigation, the evidence collected did not disclose any criminal offence. A report to that effect was made to the court which agreed to the closure of the case."

आगे लिखा है कि "In respect of seven allegations, the preliminary enquiry made by the State police did not disclose evidence of criminal misconduct. In respect of the 12th allegation, no action was initiated in view of the legal opinion of the State Law Officer. Action referred to in para 4 was taken by the State Government before the Badal Ministry was installed in Punjab after the State elections."

जो गवर्नर थे उन के रूल में वापस लिया । हम ने नहीं लिया । अब श्री एच० एम० पटेल साहब की बात सुनिये ।

श्री कल्पनाथ राय : मैं एक बात कहना चाहता हूं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : आप सुन लीजिए कृपा करके ।

श्री चरण सिंह :

"A Commission of Enquiry headed by Mr. Justice M. C. Chagla was appointed by the Central Government in the Ministry of Finance to enquire *inter alia* into the affairs of the LIC . . ."

श्री कल्प नाथ राय : जज ने लिखा है कि प्रकाश सिंह बादल ने 5 करोड़ रुपया लिया और फर्टिलाइजर की चोरी करायी ।

(Interruption)

श्री चरण सिंह : जब कल्प नाथ जी बोलते हैं तो शरीर का बोझ गले पर पड़ जाता है और मैं बोल नहीं पाता तो· ··

"LIC relating to purchase of shares in the Mudra concern, propriety of these purchases and the responsibility of the persons concerned. The Commission was appointed in January, 1958. Strictly speaking, it cannot be said to have been appointed against Mr. H. M. Patel." for .... (*Interruptions*) "The idea of Mr. H. M. Patel who was the Principal Finance Secretary at the relevant time came in for some adverse observation by the Commission. Subsequently a Board of Enquiry, headed by Mr. Justice Vivian Bose enquired into the conduct of various officers having regard to all observations of the Chagla Commission." After the advice of the Union Public Service Commission in the case, charges against Mr. H. M. Patel were dropped. Vide Government of India Resolution of 27th May, 1959, the U.P.S.C. came to the conclusion that no blame attaches to Shri Patel in regard to the matters referred to in the charges and advised that 'taking into account all the circumstances of the case, he should be exonerated of the charges framed against him.'

यह एच० एम० पटेल के बारे में है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, कमीशन की बार-बार रट लगी है कि कमीशन एपाइंट कर रहे हैं । बात-बात में कमीशन होते हैं । बात-बात में कमीशन होता है तो घबराहट किस बात की है । अगर गिल्टी नहीं होओगे तो छूट जाओगे और गिल्टी होओगे तो शिकायत नहीं हो सकती । श्रीमन्, मैं आपकी इजाजत से सन् 1760 की ब्रिटिश हिस्ट्री की एक बात बताना चाहता हूं । उनके अर्ल आफ चैटम जो पिट दि एल्डर भी कहलाते थे, जो पिट दि यंगर के फादर थे, वह 1760 में प्राइम मिनिस्टर थे इंग्लैंड के । तो वहां के मिनिस्टर के खिलाफ एक शिकायत हुई । साथियों ने कहा कि ये फुरलेस है इसकी तहकीकात करने की जरूरत नहीं है । चैटम ने एक बात कही है जो कि मशहूर हो गई है ब्रिटिश हिस्ट्री में कि जब हमारे मिनिस्टर के खिलाफ किसी किस्म की शिकायत आयेगी Whenever there is a complaint about his misconduct, we must inquire into it. हमें उसकी तहकीकात करानी चाहिए । अगर वह दोषी साबित होता है तो हम उसको कैबिनेट से निकाल देंगे तो इससे गवर्नमेंट की प्रैस्टिज बढ़ेगी और अगर दोषी साबित नहीं होगा तो जनता को यह पता पड़ जाएगा कि सब लोग ईमानदार थे, इस गवर्नमेंट के जो मिनिस्टर थे, वह ईमानदार थे और एक झूठा चार्ज कोई झूटे कारण से लाया था । Even then our prestige will go up. तो मैं यह अर्ज करता हूं कि यह शिकायत क्यों है कि कमीशन एपाइंट कर रहे हैं, कमीशन एपाइंट कर रहे हैं ?

(Interruption)

श्री देवराव पाटील : हरिजनों के ऊपर जो अत्याचार हो रहे हैं उसके लिये कमीशन क्यों नहीं एपाइंट किया गया ?

श्री चरण सिंह: मैं नहीं सुनने को तैयार हूं ।

(Interruption)

श्री बिपिनपाल दास : आप बार-बार बोलते हैं, यह नहीं चलेगा ।

Sir, this question must be answered. Why should they not appoint a commission to go into the question of atrocities committed on Harijans?

श्री चरण सिंह : पाप तो डेढ़ साल आपने किये हैं, कमीशन किस बात का बैठाना चाहते है ? . . . *(Interruption)*

श्री देवराव पाटील : * * * जिन अफसरों ने रिपोर्ट दी है वह गलत है ।. *(Interruption)*

श्री चरण सिंह : श्रीमन्, मैं पौइंट आफ प्रिविलेज उठाता हूं । उन्होंने कहा है कि आप * * *

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : रेकार्ड देख लिया जाएगा । इन्होंने ऐसा कहा है तो रेकार्ड में नहीं जाएगा ।

श्री चरण सिंह : कमीशन की बात आप करते हैं । यह वाक्य है कि नहीं कि जितने कमीशन एपाइंट हुए हैं, जिनकी शिकायत है उनको मैं जवाब दूं या नहीं, पहले मैं उसका जवाब दे रहा हूं । बेलची के ऊपर हरिजनों के बारे में जिसको आप पोलिटिकल कैंटकल बनाना चाहते हैं, उसको नहीं बना पाओगे, यह मैं बताना चाहता हूं ।

श्री बिपिनपाल दास : मैं. . . *(Interruption)*

श्री चरण सिंह : I refuse to yield.

SHRI BIPINPAL DAS: If this is your attitude, we shall see that you do not remain the Home Minister of this country.

श्री चरण सिंह : मैं नहीं रहूंगा तो आडवाणी हो जायेंगे, राजनारायण हो जायेंगे, आपकी बारी आने वाली नहीं है । It does not depend on you. Who are you to decide it? मैं डिजर्व करता हूं कि नहीं, फिर वह पर्सनल बात होगी । मैं अर्ज करता हूं कि मेरी यह शिकायत कि मैं डिजर्व करता हूं कि नहीं करता हूं यह आपकी राय है, हो सकता है आपकी राय सही हो, लेकिन मेरा डिजर्व करना या न करना फिर पर्सनल बात हो जाती है । वह हीटिड डिबेट हो जाएगी ।

SHRI BIPINPAL DAS: It is not personal. It is not personal. I say, if this be your attitude, we shall have to take our stand.

श्री चरण सिंह : आपको गुस्सा करने का क्या अधिकार है ।

'You do not deserve to be the Home Minister'. Who is he to say it? He should not say it. I would say that you do not deserve to be a Member of the House.

SHRI BIPINPAL DAS: You deserved what I said.

श्री चरण सिंह : क्या बात है । हम सब पढ़े लिखे लोग हैं बहस करने लगे हैं । शांति से एक दूसरे की बात सुननी चाहिये ।

श्री बिपिनपाल दास : शांति से बात कैसे सुनें, आप खुद शांति से बात नहीं करते हैं ।

श्री चरण सिंह : अब अनर्गल बातें हो रही थीं, मैं बिल्कुल चुप बैठा हुआ था । उस वक्त आप बोल रहे थे । आपका हर वाक्य ऐसा लग रहा था जैसे कि एक ईंट डाल दी गई हो । आपके जरिये मैं कहना चाहता हूं कि ये बार-बार क्यों खड़े हो जाते हैं ।

(Interruptions)

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : शांत रहिये श्री कल्प नाथ राय *(Interruption)*

श्री कल्प नाथ राय को न लिखा जाए ।

श्री कल्प नाथ राय :

(Continued to speak)

(Interruption)

SHRI LAL. K. ADVANI: Mr. Vice-Chairman, Sir, I am very sorry to note that on both these occasions there has been a constant and deliberate personal tirade against the Home Minister and the basis of all that is being said is that the Home Minister

***Expunged has ordered by the Chair.

[Shri Lal Advani]

has refused to appoint a Commission. This is basically wrong. This is factually wrong. All along he maintained that he was open to even appointing a Commission on the Belchi episode. All along he maintained that he was open to that idea.

श्री चरण सिंह : मैंने पहले सजेस्ट किया था ।

SHRI LAL K. ADVANI: And he in fact said that he had suggested it to the Chief Minister and had written a letter to the Chief Minister. What he told the House is that when a committee of the Assembly is investigating and inquiring into the matter, it is perhaps not proper for the Central Government to appoint a, Commission of that kind.... (*Interruptions*) Mr.Vice- Chairman. I am not yielding. All that I want to stress is that the Government of India has not said that it is not going to appoint a Commission. It has said that if the need arises.... (*Interruptions*). Please listen to me. We are all Members of Parliament and we know that a Parliamentary Committee can, in certain circumstances, be more effective than a Commission of Inquiry. I do not know what is the composition of the Assembly Committee there, what are the feelings of the MLAs there. Probably they themselves must have insisted on an Assembly Committee. I do not know. What I want to say is that it is not proper for the Government—even for the Government of India or for the State Government—to short curcuit or by-pass a Legistive Committee, an Assembly Committee, and impose a Commission of Inquiry of its own. It is likely that the Chief Minister himself may suggest the Government of India to appoint a Commission of Inquiry.

SHRI N. P. CHAUDHARI: On a point of order...

(*Interruption*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHYAM LAL YADAV): What is the point of order?

SHRI N. P. CHAUDHARI: The demand for a Commission of Inquiry was not for Belchi alone. It was for all the places.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHYAM LAL YADAV): It is no point of order.

SHRI LAL K. ADVANI: What I want to mention categorically is that the Government of India—and the Home Minister—have not declined to appoint a Commission of Inquiry. They have only said that the issue is open. I am saying this because for these two days they have been saying: You have appointed this Commission; you have appointed that Commission. You are not doing this or that.

That is all.

8 P.M.

श्री चरण सिंह : कमीशन के सिलसिले में कई माननीय सदस्यों ने कहा कि आप उसको इंफ्लूएन्स कर रहे हैं। हमने शाह कमीशन मुकर्रर किया । लेकिन इसमें इन्फ्लूएन्स का सवाल कहां पैदा होता है । यह भी कहा गया कि आपने फलां कमीशन मुकर्रर कर दिया । मैं समझता हूं कि इसमें इन्फ्लूएन्स करने का कोई सवाल ही नहीं है . . .

(*Interruption*)

कुछ दोस्तों ने कहा कि हरिजनों पर एट्रोसीटीज बढ़ गई हैं और हम हरिजनों के हमदर्द नहीं हैं, उनके दुश्मन हैं । यह भी कहा गया कि बेलची काण्ड के बारे में कमीशन क्यों नहीं बैठाया गया । मैं इस सवाल पर बाद में आऊंगा, लेकिन मैं अर्ज यह करना चाहता हूं . . . (*Interruption*) मेरा कहना यह है कि उसकी जांच चल रही है । इस वक्त कई कमीशन अपना काम कर रहे हैं। पिछली दफा मैंने कहा था कि शाह कमीशन के पास 9 हजार के करीब शिकायतें आई हैं । आज मुझे मालूम हुआ

कि उनके पास 30 हजार के लगभग शिकायतें आ चुकी हैं । मैं समझता हूं कि अगर माइनर और नौन-सीरियस शिकायतों को निकाल भी दिया जाय और अगर एक हजार शिकायतें भी बच जायें तो उनकी जांच करने में कितना समय लगेगा, यह आप खुद अन्दाजा लगा सकते हैं ।

यहां पर यह भी कहा गया कि जब एक कमीशन काम कर रहा है तो दूसरी कमेटी या इन्क्वायरी कमीशन नहीं बैठाया जा सकता है । यह बात गलत है । लां इसकी इजाजत देता है । मैंने खुद शाह कमीशन से इस बारे में बात की है। शाह कमीशन के परव्यू के सिलसिले में मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि मुजफ्फरनगर की सूटिंग और सुल्तानपुर का काण्ड इसके अन्तर्गत आते हैं, जिसके अन्तर्गत 25 और 48 आदमी मारे गये थे । इसके लिए स्टेट गवर्नमेंट ने भी रिटायर्ड जज जांच के लिए नियुक्त कर दिए हैं ; इसी तरह से श्री बंसी लाल, एक्स-डिफेन्स मिनिस्टर के सम्बन्ध में जांच करने के लिए हरियाणा सरकार ने जांच आयोग नियुक्त कर दिया है । इसके अलावा तुर्कमान गेट पर हुये काण्ड की जांच के लिये एक दो अफसरों की फेक्ट फांइडिंग कमेटी मुकर्रर कर दी है । ऐसी हालत में यह कहना कि इन कामों से शाह कमीशन इंफ्लूएन्स हो जाएगा, उचित नहीं है । इनमें कोई कंफ्लिक्ट नही है । ये सब काम शाह कमीशन के पास जायेंगे । मैं यह भी कहना चाहता हूं कि एक इंसीडेन्ट नहीं, दो इन्सीडेंट नहीं, बल्कि ज्यों ज्यों समय गुजरता जा रहा है यह देखने में आ रहा है कि एनोरमीटीज, एट्रोसीटीज, केसेज आफ डिसआनेस्टी, इंजस्टिस आदि की कोई सीमा ही नहीं है । मैं समझता हूं कि चाहे हम कितने भी कमीशन बैठा दें तो भी जस्टिस नहीं हो सकता है ।

इन बातों के साथ-साथ मैं इस बात का भी जिक्र करना चाहता हूं कि माननीय चौधरी साहब जब यहां पर बैठे थे तो उन्होंने मुझे लिखा था कि इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस की अध्यक्षता में एक जांच आयोग बैठाया जाना चाहिये । वे कागज मेरे पास इस वक्त नहीं हैं, उन्होंने कुछ इसी प्रकार की बात लिखी थी ।

श्री एन० पी० चौधरी : मैं उसमें संशोधन करता हूं कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में कमीशन बैठाया जाना चाहिये ।

श्री चरण सिंह : इनकी यह मांग थी । बाद में त्रिपाठी जी ने कहा कि हरिजनों की सारी समस्याओं के ऊपर विचार करने के लिए एक कमीशन बैठाया जाना चाहिये । इसको उन्होंने इतना बड़ा रूप दे दिया । मैंने यह कहा कि शेड्यूल्ड कास्ट्स की समस्या के ऊपर विचार करने के लिए न मालूम कितने कमीशन और कमेटियां बनाई जा चुकी हैं । यह तो एक जनरल प्रोब्लम बन चुकी है । हम इस समस्या के बारे में जागरूक हैं । अभी इस प्रकार के कमीशन की आवश्यकता नहीं है । असल प्रोब्लम कास्ट वगैरह का है। माननीय प्रकाशवीर शास्त्री जी ने कहा कि एक साहब हैं या कोई दूसरे साहब हैं जो इस काम को कर सकते हैं । मैं तो सोसायटी की बात कर रहा था, मैं किसी व्यक्ति विशेष की बात नहीं कर रहा था । क्या मैं कर सकता हूं कास्ट एबोलिश ? हां, महात्मा जी कर सकते थे, राजा जी कर सकते थे। उनका नाम लेने की क्या जरूरत है । लेकिन नहीं... How to mount a personal attack against a particular man .... (*Interruptions*) यह है प्वाइंट । इस सिलसिले में मैंने कहा कि शेड्यूल्ड कास्ट की यह जो सारी प्राब्लम है, यह हिस्टोरीकल है, सोशल

[श्री चरण सिंह]

है और रिलीजियस है और यहां हर आदमी इस प्राब्लम को जानता है, इसलिए मैंने कहा कि इसका वाइड स्कोप होगा । जहां तक उस कमीशन का ताल्लुक है, हमारे सहयोगी माननीय श्री आडवाणी जी ने पूरी तरह बतला दिया और वह रिकार्ड में मौजूद होगा । 12 जून, 1977 का जो उनका मैसेज है, जिसको मैंने पढ़ कर सुनाया । वह फाइल इस समय यहां नही है । बेलची वाली फाइल अलग है । मैंने पढ़ कर सुनाया था कि वहां के गवर्नर ने यह कहा । 12 जून को गवर्नर का राज था, वहां एडवाइजर थे, नीचे मैंने नहीं देखा कि किसके दस्तखत हैं ।

The 12th June, 1977 message says:

"Reference your suggestion to appoint a judicial inquiry. We think it is not necessary. The District Magistrate and the Superintendent of Police have both been to the spot once and within a week the Commissioner and the DIG have also been to the spot. We also had investigations. Twenty-nine persons have been challaned. Twenty three persons have been arrested. A reward has been declared on the head of one or two absconders. Rupees five thousand each to the members of the familes whose manager or father was murdered have also been granted....".

तो इससे यह साफ मालूम होता है कि जूडिशियल कमीशन के बारे में यहां पर बात का बतंगड़ बनाया जा रहा है । यहां से जो 8-6 लोग वहां गये हैं, वे बाकायदा पार्लियामेंट की तरफ से नहीं गये, प्राइवेट हैसियत से वहां गये थे । लेकिन खैर, उनकी जो फाइंडिंग्स हैं, उनकी जो राय है, मैं फिर भी उसकी कद्र करता हूं । लेकिन वहां, जैसे कि मैंने कहा, लेजिस्लेचर की तरफ से, वहां जो पापुलर गवर्नमेंट है, वहां चीफ मिनिस्टर की रजामंदी से एक कमेटी मुकर्रर हो चुकी है और उस कमेटी की फाइंडिंग्स के बाद अगर जरूरी हुआ तो . . . (*Interruption*) मैं हर चीज का जवाब देने को तैयार हूं । आप कृपया शांत होकर सुनिये और..... (*Interruption*) मैं यह अर्ज कर रहा हूं कि जब देखिए किस तरह से . . .

(*Interruption*)

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव): आप कृपया शांत रहें, कल्प नाथ जी । आप गृह (मंत्री) जारी रखें ।

श्री चरण सिंह : तो मैं आपसे यह अर्ज कर रहा हूं कि मैंने यह कहा कि.... (*Interruption*) मैं कब इन्कार कर रहा हूं इन सब चीजों से . . .

(*Interruption*)

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : वर्मा जी यह न करें । सदन में यह ठीक नहीं कि . . . (*Interruption*) आप मिनिस्टर के पास सदन में इस तरीके से नहीं जा सकते ।

(*Interruption*)

श्री चरण सिंह : माननीय वर्मा जी तो कह रहे थे कि मेरे बाबत न मालूम बाहर क्या-क्या कहा जा रहा है मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आप मुझसे क्या उम्मीद करते हैं, इस मामले मैं, जो कि आप मुझे एक लाश का फोटो दिखा रहे हैं । मैंने यह कभी डिनाई नहीं किया कि एट्रोसिटीज नहीं हुई, मर्डर्स नहीं हुये । आप इससे क्या साबित करना चाहते हैं । उपसभाध्यक्ष महोदय, मैंने यह कहा था कि उनकी रिपोर्ट के बाद अगर वहां की गवर्नमेंट इसकी जरूरत समझती है या हम भी जरूरत समझेंगे तो खुद

एव्वाइंट करेंगे, वरना उनके साथ मशविरा करेंगे कि जूडिशियल इन्क्वायरी करायें। यह जो गलत बात हो गई उससे ऐसा वातावरण बनाने की कोशिश की जा रही है : as if I am the enemy of these poor sections who are our own people, our own blood....

(Interruptions)

यह कोशिश की जा रही है, अतः उसका क्या किया जाये। उसको पोलिटिकल कैपिटल बनाने की कोशिश की जा रही है। An impression is being created as if I am the enemy of these people..

SHRI BIPINPAL DAS: This is the general belief.

SHRI CHARAN SINGH: This is wrong.

अब मैं आपके जरिये, क्योंकि आपने जनरल फीलिंग कहा है, कहना चहता हूं कि जितना मैंने गरीब लोगों के लिए किया है—हालांकि यह कहना मुझे शोभा नही देता, लेकिन जब आप इल्जाम लगाते हैं तो मैं कहता हूं कि—1920 से 1932—39 तक और रेवेन्यू मिनिस्टर की हैसियत से मैंने जितनी जमीन यू० पी० में सब-टेनेन्ट्स और ट्रैसपासर्स को दी, आप उसे 1951 की सेंसस रिपोर्ट में पढ़ें। उसमें लिखा है, एक तिहाई हरिजन हैं। One-third are Harijans who have been conferred the rights of premanency on their lands. उसमें लिखा है। मौलाना जी छोड़िये *(Interruptions)* मैं यह कह रहा था कि वह रिपोर्ट मेरे पास मौजूद है।

(Interruption)

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : कृपया शांत रहिये।

श्री चरण सिंह : दूसरी बात यह कि सात साल तक 1932 से 1939 तक मेरे घर में एक हरिजन लड़का खाना बनाने पर रहा। मैं जानना चाहता हूं 40—45 साल पहले किसने ऐसा किया था। यह कहना इसके पीछे कोई पोलिटिकल रीजन था, आपसे इससे ज्यादा कोई उम्मीद भी नही कर सकता। आप मुखालिफ हो, इसलिए मुखालफत करो। मैं तो जनरल कह रहा हूं पर आप तो मुझ से कह रहे थे। तो मैं अर्ज कर रहा था . . . . *(Interruption)* उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह नहीं कहता कि मुखालफत नहीं होनी चाहिये। आप आपोजीशन में है, अगर हम गलती करेंगे या हमारी आंख मिच जाएगी तो आप हमे पौइन्ट आउट करें। यह तो बहुत जरूरी है। लेकिन एक कम्पैन के तौर पर, विलीफिकेशन के तौर पर फैक्ट्स के खिलाफ बोलने की कोशिश न कीजिये, उसको मैं रोक नहीं सकता। अब रही एट्रोसिटीज़ की बात कि जुर्म बढ़ गये है अब मैं फैक्ट्स और फीगर्स देता हूं तो वे गलत है, आप किस बेसिस पर कह रहे हैं कि गलत हैं? सिर्फ प्रोपेगण्डा के आधार पर जिसका वास्तविकता से कोई वास्ता ही नहीं। जैसे इसका सारा ठेका आपने ले रखा है . . .

(Interruption)

श्री योगेन्द्र शर्मा : मान्यवर, इसी बात का फैसला करने के लिए कि ठीक है या गलत है, कमीशन बैठाना चाहिये। आप कमीशन से क्यों भागते हैं।

श्री चरण सिंह : इसका फैसला तो अभी 16 तारीख को हो चुका है कि कहां तक आप सही कहते है . . .

(Interruption)

श्री योगेन्द्र शर्मा : श्रीमन्, आप कहते हैं नहीं बढ़े हैं, हम कहते है बढ़े हैं । इस बात का फैसला कैसे हो सकता है । आप कमीशन बैठा दीजिये, हो जाएगा ।

श्री चरण सिंह : कहिए, अब इसके लिए कमीशन मुकर्रर करने की जरूरत है । जिन रिसपोन्सिबल पुलिस आफिसर्स ने पहले यह फिगर्स दी है, अब भी वही देंगे और आप उन्हें गलत कह देते है, तो फिर आपको तकलीफ होगी ।

श्री रणबीर सिंह : चौधरी साहब, यह तो सी० पी० आई० के हैं ।

श्री चरण सिंह : मैं तो इन में और आप में कोई फर्क नही मानता ।

श्री योगेन्द्र शर्मा : यह एंटी कम्युनिस्ट के बेसिस पर युनाइटेड करना चाहते हैं ।

श्री चरण सिंह : तमन्ना तो आपको भी होगी इधर आने की अगर मैं सोचूंगा, . . . (*Interruption*) मुझ को बोलने दीजिये । उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह अर्ज करना चाहता था कि फिगर्स मौजूद हैं । जब से यह गवर्नमेंट बनी है, तब से जुर्म बढ़े हैं । पहले की गवर्नमेंट के समय की भी मौजूद हैं । यही केस है । फिगर्स के अलावा कोई तर्क नहीं है । ओथ अगेंस्ट ओथ होगी, आखिर कैसे तय होगा . . . (*Interruption*) मुझे बोलने दीजिये, परेशानी किस बात की है ।

एक माननीय सदस्य : आप कमीशन की बात पर चुप हो जाते है आप एपौइंट कर दीजिये ।

श्री चरण सिंह : उपसभाध्यक्ष महोदय, यह है मर्डर . . .
(*Interruption*)

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : कृपया शांत रहिये ।

श्री कल्प नाथ राय : क्या आप राजनारायण जी को बेलची भेजेंगे कि वे वहां पर जाकर अपनी रिपोर्ट दें ।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : यह कौन सा सवाल है ?

श्री चरण सिंह : उपसभाध्यक्ष महोदय, अब आप कहते है कि कमीशन बैठाओ । लेकिन मैं कहता हूं कि क्या इस बात के लिए कमीशन बैठाया जायेगा कि श्री राजनारायण को छोड़ कर श्री कल्प नाथ राय क्यों चले गये ? मेरे पास एक स्टेटमेंट आफ एट्रोसिटीज आन हरिजन है, मर्डर्स की है । मर्डर प्लस किलिंग । एक तो मर्डर यह है कि एक आदमी निहत्था है, उसका मर्डर कर दिया । एक किलिंग बाकायदा फाइट हो । लीजये मैं पढ़ देता हूं । 1974–75 को छोड़ देता हूं । 1976 में पहले क्वार्टर में 27 मर्डर हुये । मर्डर्स हुये 28 और फिर 25, नही 27, 25, 26, 17, 27, 25 और ——मैं गलत पढ़ रहा हूं . . (*Interruption*) अब इसी में कोई प्वाइंट बनाना चाहते हों तो जरूर बनाइये (*Interruption*) पहले क्वार्टर में 27, दूसरे में 25, तीसरे क्वार्टर में 36 और चौथे क्वार्टर अक्तूबर से दिसम्बर तक 36 । अब की बार हुये है जनवरी से मार्च तक जब आपकी गवर्नमेंट थी, तब 32 और अप्रैल से ले कर जून तक हुये हैं 29 । मेरी कोई तसल्ली नहीं है इस बात से कि 3 कम हुये । . . . (*Interruption*) पहले डेमोक्रेटिक प्रोसीजर्स नही थे । अब दुनियां मानेगी कि डेमोक्रेटिक प्रोसीजर्स है । . . . (*Interruption*) अब आप सब घबड़ाते हों या कुछ करना चाहते हों तो पहले ज्यादा घबड़ाते थे बनिस्बत आज के । (*Interruption*) फिगर गलत पढ़ रहा

हूं तो किसी आदमी को कुछ यह हुआ है कि हमारा ख्याल गलत था ।

अब जो फायरिंग थी, जो आग में डाल दिये गये। फायरिंग, मकान जलाने के जो इसीडेन्ट्स हैं वह भी मेरे पास मौजूद हैं. . . (*Interruption*) तो ठीक है हमारे बोलने की जरूरत क्या है जो जी में आये कह दीजिये फिर हम सब चले जाते हैं। तो पिछले साल के पहले क्वार्टर में हुए हैं 62 केसेज, दूसरे में भी 62, तीसरे में 40, चौथे में 37 और अब की बार जनवरी से मार्च तक 56 और अप्रैल से जून तक 28। ठीक आ गये । अब इसे बढ़ा हुआ कह लीजिए । (*Interruptions*) अगर सच्चाई पर पहुंचने की कोशिश से मतलब नहीं है तो बेशक चाहे जो कुछ कहिए । These are the hard facts. जब से जनता पार्टी की गवर्नमेंट आयी है मारे जा रहे हैं, कत्ल हो रहे हैं, यह हो रहा है वह हो रहा है, उपसभाध्यक्ष महोदय, हम तो चाहते हैं कि एक भी कत्ल न हो और किसी गरीब आदमी को कोई तकलीफ न हो। यह अपना स्वप्न है लेकिन कभी भी किसी के स्वप्न पूरे नहीं होते हैं। लेकिन हमारा स्वप्न, जनता पार्टी को लीडर्स का स्वपन, उसके वर्कस का स्वप्न, गरीबों और दुखियाओं के आंसू पोंछने का स्वप्न है। अब आपने ठेका ले रखा है कि नहीं साहब, आप ही ऐसा कर सकते हैं, हम मजालिम ढायेंगे अपने लोगों पर--ठीक है मुबारक है--चाहे आप जो कुछ कहिए लेकिन इस पर कोई यकीन करने वाला नही है, हिस्ट्री यकीन नहीं करेगी। हमारा जो अमल है आज आप उसमें राख डालने की कोशिश करे, लेकिन 3 महीने के बाद मालूम हो जायगा। उपसभाध्यक्ष महोदय, अब मुझे एक-दो और बातें कहनी शेष रह गयी हैं. . . (*Interruption*) हमारे मायने कुछ नहीं होता है तो फिर गाली दीजिए, हम चुप हैं. . .

(*Interruption*)

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव): माननीय सदस्य, कृपया शांत रहें। . . .

(*Interruption*)

श्री चरण सिंह: मैं यह अर्ज कर रहा था. . . चलो अच्छी बात है कुछ दोस्त सीखें तो. . .

(*Interruption*)

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव): आप जारी रखें।

श्री चरण सिंह: ऐसे में जारी तो फिर नहीं हो सकता है. . . (*Interruption*) प्वाइंट यह उठाया गया था--वह शायद शुरू में जिन सज्जन की तकरीर हुई क्या आधार था आपके पास जो यह कह दिया गया कि कांग्रेस पार्टी का या उंदिरा जी का इरादा वक्त पड़ने पर, जरूरत जब समझें, यह उनका विचार चल रहा था--इरादा लफ्ज नही--अपोजीशन के लीडर्स को शूट करने का. . .

कई माननीय सदस्य: किसने उठाया ?

(*Interruption*)

श्री चरण सिंह: अब उसमें इस तरह खड़ होने की क्या बात है ? श्री बी० पी० दास ने उठाया। मेरे पास लिखा रखा है, ये जो मेरे पास नोट्स हैं, डीटेल्स हैं, जो शुरू में बी० पी० दास की तक़रीर हुई उसके-- basis of my statement about the PM's intention to kill leader. मैं अर्ज करता हू मेरा अनुमान था और अनुमान के लिए मेरे पास आधार था। वह यह कि प्रेसिडेन्शियल आर्डर सस्पेंड कर .ा है आर्टिकल 21 को और आर्टिकल 21 यहां के सिटिज़न्स को देता है राइट टू लाइफ एण्ड लिबर्टी। लिबर्टी का आप राइट ले लीजिए, जेल में डाल दीजिए हमेशा के लिए, जब तक आपका प्रेसिडेन्शियल आर्डर कायम है, लेकिन राइट टू लाइफ कैसे ले लिया है ? राइट टू लिबर्टी ले लिया गया है, हम जानते हैं जल में जाने के बाद वह राइट ले

[श्री चरण सिंह]

लिया गया है। यह बात समझ में आ सकती है लेकिन राइट टू लाइफ क्यों ले लिया गया? अगर, जो अधिकार आपको मिल गया, राइट टू लाइफ को ले लेने का ऐसा आपका इरादा नहीं था तो Why was it taken at all, for God's sake, can anybody tell me? मान लीजिए, आपसे फारगैटफुलनैस में वह प्रेसिडेन्शियल आर्डर निकल गया, आर्टिकल 21 को पूरी तौर से सस्पेंड करने का, लेकिन जब आपके एटार्नी जनरल सुप्रीम कोर्ट में बहस करते हैं कि:

"Today, according to the Presidential Order, as it is, nobody in this country has even the right to life."

और सुप्रीम कोर्ट के जज उनसे बहस करते हैं और वह बराबर जवाब देते हैं और खन्ना साहब अपने जजमेन्ट में एटार्नी जनरल की इस बहस का जिक्र भी करते हैं. . .

श्री कल्प नाथ राय: क्या यह जजमेन्ट आपने पढ़ा है?

श्री चरण सिंह: हां, मैंने पढ़ा उतना पोर्शन। अखबार में निकला है। अगर मैंने उसको नहीं भी पढ़ा होता लेकिन हमारी बहिन प्राइम मिनिस्टर जो थीं, इन्दिरा जी, वे उसका इम्प्लीकेशन नहीं समझती थीं तो गोखले समझता था, वह भी इन्टेलिजेन्ट था। आखिर बिना इन्टेलिजेन्स के इन्दिरा जी भी प्राइम मिनिस्टर हो नहीं गई थीं। हेड्लाइन्स थ्रू आउट द वर्ल्ड थे कि हिन्दुस्तान के किसी नागरिक को आज जीने का अधिकार नहीं है। आपका इरादा लोगों की जिंदगी लेने का नहीं था तो:

Why was the Presidential Order not amended immediately.

क्यों नहीं उसका संशोधन किया? मैंने वह बात सदन में भी कही थी और . . .

श्री कल्प नाथ राय: उपसभाध्यक्ष महोदय, पौइन्ट आफ आर्डर है. . .

श्री चरण सिंह: मैं आपसे कहना यह चाहता हूं, आपके जरिए माननीय सदस्य से फिर यह कहना चाहता हूं, मुझ को अधिकार है कहने का (*Interruptions*) कोई मुकद्दमा चलता है तो चलने दीजिए आप क्यों कहते हैं. . .

श्री कल्प नाथ राय: पौइन्ट आफ प्रिविलेज है। मैं पौइन्ट आफ आर्डर रेज कर रहा हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव): पौइन्ट आफ आर्डर हो क्या सकता है?

श्री कल्प नाथ राय: मैं आपको कह रहा हूं कि भारत के गृह मंत्री को—

We should not attribute motives to the intelligence of...

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव): यह पौइन्ट आफ आर्डर नहीं है।

श्री चरण सिंह: उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं तो यह अर्ज कर रहा हूं . . .

श्री बिपिन पाल दास: पौइन्ट आफ आर्डर. . .

श्री चरण सिंह: अब कोई पौइन्ट आफ आर्डर नहीं हो सकता। मैंने हाउस में कहा इसका कोई जवाब नहीं हो सकता है. . .

SHRI BIPIN PAL DAS: Sir, it is not a point of order that I want to raise. What I mean to say is that the hon. Home Minister is repeating once again the far-fetched interpretation of what Mr. Niren De tried to say in the Court by way of interpreting the law. Did he mean to say that the Government was planning to shoot the leaders of the Oppisition in jails? We

take a strong objection to it and, if you insist on it, we shall have to walk out from the House. We cannot tolerate this nonsense. If you insist on it, we shall have to walk out of this House.

(Interruption)

श्री चरण सिंह : उपसभाध्यक्ष महोदय, अब देखिए मैं बैठ गया और जनाब की बातें सुनी. . .

श्री कल्प नाथ राय : यह अच्छी बात नही है।

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : आप शांत रहिए। सुनिए तो उनकी बात।

श्री राजनारायण : सत्य बात की पुनरावृत्ति होगी।

श्री चरण सिंह : हो सकता है, गलत बात हो लेकिन डेमोक्रेसी में मुखालिफ की गलत बात सुनने की भी जिम्मेदारी है. . .

श्री बिपिनपाल दास : गलत नही, बेसलैस एण्ड बूट। आउटरेजियस है।

श्री चरण सिंह : मैंने सही बात कही है।

(Interruption)

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : कृपया शांत रहिए।

श्री चरण सिंह : उपसभाध्यक्ष महोदय, जरा इनको रोकिए।

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : कृपया गृह मंत्री को जवाब देने दीजिए।

श्री चरण सिंह : उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे नही मालूम आप उस रोज तशरीफ रखते थे कि नही रखते थे, जब माननीय बी० पी० दास स्पीच दे रहे थे। बावजूद इसके कि मैं अटरली डिफर करता था, वे गलत स्पीच कर रहे थे, लेकिन मैं जरा भी नही उठा। ये तीन दफा उठ चुके है और मै आज हाउस में वहां कह चुका हूं और फिर रिपीट करना चाहता हूं,

It is not so far-fetched interpretation. It is a very simple interpretation. I have just...

(Interruption)

AN HON'BLE MEMBER: It is not that. Please stop that.

SHRI KALP NATH RAI: This is a figment of imagination of the hon. Home Minister.

श्री चरण सिंह : अगर यही रहा तो आप को कुछ ऐक्शन लेना पडेगा। इस तरह से तो हम भी खडे हो सकते हैं और कल से यही होगा। *(Interruption)* अब मैं कैसे बोलूं जब तक कि आप उनको न रोकें।

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : आप सुन लीजिए।

(Interruption)

श्री चरण सिंह : आप बार बार इस तरह से खडे हो जाते है।

श्री राजनारायण : काफी इनाम मिल चुका है आप को। अब तो सुन लो।

श्री चरण सिंह : मैं फिर कहना चाहता हूं कि छोटा सा एक सेंटेंस है आर्टिकिल 21 में। जो फंडामेंटल राइट्स गिनाये गये है उसमे है राइट टु लाइफ एंड लिबर्टी। वह सस्पेंड हुआ। मैं यह कह रहा हूं कि इसके सस्पेंशन की क्या आवश्यकता थी। अगर उस पर अमल करने का कभी कोई स्वप्न मे भी ख्याल नही था।

श्री कल्प नाथ राय : यह बीजू पटनायक . . .

(Interruption)

श्री चरण सिंह : यह बीजू पटनायक कहां से आ गये। यह तो इसी तरह की बात है कि किसी आदमी ने किसी लडके से पूछा कि पांच भैंसे थीं। उनमें से अगर तीन गायें

[श्री चरण सिंह]

मर गयीं तो कितनी भैंसें बचेंगी। अब पटनायक साहब आ गये बीच में। मैं एक बात और कहता हूं। एक अखबार ने निकाल दिया, एक वीकली है उसमें एक स्टेटमेंट है एक लायर का इन्वर्टेड कामाज मे, कि एक आदमी को पकड़ा गया और उससे कहा गया कि फलां जनता पार्टी के लीडर को अगर तुम शूट कर दो तो रिलीज हो जाओगे और बीस लाख रुपया दिया जायगा और एम०एल०ए० का टिकट दिया जायगा।

(*Interruption*)

मै तो अखबार की बात कह रहा हूं।

(इस समय अनेक सदस्य सदन त्याग कर चले गये।)

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : कृपा करके शान्त रहिये।

श्री चरण सिंह : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके जरिये रणबीर सिह जी और दूसरे माननीय सदस्यों से कहूंगा कि वे मेरी बात सुनें। यही नहीं, श्री चव्हाण, एक्स चीफ मिनिस्टर महाराष्ट्र ने अपने इलेक्शन कंपेन मे खुल कर जो एक स्पीच दी है और जो सारे पेपर्स में निकली है उसमे उन्होंने कहा है कि :

"The Opposition leaders should thank themselves that they were not shot dead but were only confined."

एक और बात मै कहना चाहता हूं। 5 जनवरी, 1975 को जो मीटिंग हुई थी कंडोलेन्स की श्री एल० एन० मिश्र की डेथ के सिलसिले में, उसे होना चाहिए था। उसके बारे मे मेरे पास कई बयान हैं मेरी बहिन की चार कटिंग रखी हैं पर्सनल डेलीज है वे, उसमे उनका बयान यह है कि दरअसल वह तो गलती से मारे गये, श्री एल० एन० मिश्र। दि शाट वाज ऐम्ड ऐट मी। गोली का निशाना मैं थी। यह प्राइम मिनिस्टर कह रही हैं। अध्यक्ष महोदय, प्राइम मिनिस्टर तो हम पर यह चार्ज लगा सकती हैं कि हम उनको कत्ल करना चाहते थे और वह हमारा वार चूक गया और हम यह भी नही कह सकते उस प्रेसीडेंशियल आर्डर के बारे में और यह उनके वकील का इंटरप्रेटेशन है, अगर किसी इंटर-प्रेटेशन की आवश्यकता है तो। राइट टु लाइफ तो ले लिया गया। मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि किसी कांग्रेस-मैन ने मुझे नहीं बतलाया कि ह्वाट वाज दि रीजन बिहाइन्ड इट। क्या रीजन था इसका अगर वे ढाका को यहां रिपीट नही करना चाहती थीं तो। (*Interruption*) अब हो गया। छोड़ देता हूं।

श्री योगेन्द्र शर्मा : चौधरी साहब, आप मीसा के बारे में कहिये। उसको क्यों छोड़ देते है।

श्री चरण सिंह: हम ने यह तय किया है कि मीसा माननीय मित्र के खिलाफ या इनमें से किसी के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होगा। मीसा जो नवम्बर, 1973 में इन-एक्ट हुआ था, उस वक्त अपोजीशन भी उसमें शामिल थी। लेकिन वह एक एश्योरेंस चाहती थी जो उन्होने फ्लोर आफ दि हाउस में दिया कि it will not be used against political workers हम उसे पोलिटिकल वर्कर्स के खिलाफ इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। अगर इस्तेमाल हुआ है तो उन लोगों के ऊपर जहां कोई और कानून नहीं हैं, जैसे काश्मीर में 124 आदमी और 5-7 और आदमियों को उसमें लाया गया इलेक्शन के दिनों में और जैसे ही पोलिंग खत्म हुई तो वह छोड़ दिये गये। हमने वायदा किया था प्रेसिडेंशियल एड्रेस के जरिये कि हमारा इरादा यह है कि किसी आदमी को कोई सजा न मिले जब तक उसको अदालत में अपनी सफाई देने का मौका न मिले। Nobody's liberty shall be taken away except under the due process of law.

हमारा इरादा यह था और यही है। हम रिव्यू कर रहे हैं सारे लाज को। हमारी एक्सपार्ट कमेटी बैठी हुई है। मैं अपने आपको एक तरह से गिल्टी महसूस करता हूं कि और मैं सेक्रेटरी साहब से दो तीन दफे कह चुका हूं कि काम हो रहा है कि नहीं। उन्होंने कहा कि काम हो रहा है, कई मीटिग्स हो चुकी हैं। तो हम आपको यह बताना चाहते है कि हमारा इरादा था और हमारा इरादा है कि हम किसी आदमी को जेल मे नहीं डालना चाहते हैं जब तक कि अदालत में उसको अपनी बात को कहने का मौका न मिले। इस वक्त हमने वह नहीं किया इसलिए कि वह पुराना ला है। इसमें जो 16ए है जिसमें लोगो को बिना ग्रांउड बताये बोर्ड के सामने पेश किया जाए वह तो पहले रिपील हो चुका है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, एक बात यह कही जाती है--माननीय श्याम लाल यादव जी ने कही थी--कि यह कोई रेवोल्युशन नहीं था इस इलेक्शन में। श्रीमन्, वह रेवोल्युशन था इस माने में कि कहीं इतिहास में सेंट परसेंट विक्ट्री या सेंट परसेंट डिफीट किसी पार्टी की नही होती। इलेक्शन होते रहते हैं और इलेक्शन भी एक रेवोल्युशन है। रेवोल्युशन एक दम और सडन और कंप्लीट था। गवर्नमेंट तो बदलती है। तो इस माने में हमने कहा कि यह रेवोल्युशन है। और हमने ही नही बल्कि इस इलेक्शन के नतीजे को वैस्टन कंट्रीज के जर्नलिस्ट्स ने भी यही संज्ञा दी है।

श्रीमन्, आपने फरमाया था--नो एचीवमेंट्स ड्यूरिंग थ्री मंथ्स। आप जानते हैं, आप स्वयं मिनिस्टर रह चुके हैं, अब मैं क्या अर्ज करूं। आप जानते हैं कि चार महीने में क्या एचीवमेंटस हो सकती हैं ? आते ही हम को रेस्टोर करना था लिबर्टीज को। फिर उसके लिए इसको रिपील करो, उसको रिपील करो। दूसरे कमीशन की तकरुरी कोई मामूली चीज नहीं है। टर्म्स आफ रेफरेंस हमको तय करने पड़ते हैं। उसके लिए मैटीरियल चाहिए। मैटीरियल हम मांग नहीं सकते जब तक कमीशन खुद न हो। जब तक टर्म्स आफ रेफरेंस नहीं हो जायें तब तक कमीशन एपाइंट नही हो सकता। जो मैटीरियल हमारी फाइलों में था उससे हमको टर्म्स आफ रेफरेंस ऐसा करना था कि जो बाद में गलत न हो जाये कि खाली हम विच हंटिंग कर रहे थे। उसमें बहुत टाइम लग जाता है। हमने यह तय किया था कि जज आफ दि सुप्रीम कोर्ट हो या रिटायर्ड जज आफ दि सुप्रीम कोर्ट हो या रिटायर्ड या सर्विंग न मिले तो उसमें चीफ जस्टिस हो रिटायर्ड हाई कोर्ट का तो ऐसे लोग बहुत नही हैं। कुछ की उम्र ज्यादा हो गई। कुछ ने खुद लिखा कि हमारे लड़के की फलां आदमी के लड़के से दोस्ती है, आपको कुछ कठिनाई हो सकती है, आपको भी एम्बरैसमेंट हो सकता है। तो उसमें हमको देर लगी। आप खुद ही देखिये, 15 दिन तक पार्लियामेंट रही। 26 या 27 से 12 तारीख तक और 11 से अब यह पार्लियामेंट रही, डेढ महीने इसको हो गये। डेढ़ और 15 दो हो गये। अब दो महीने रह गये, दो महीने में यह कमीशंस और असेम्बलीज का इलेक्शन हो गया। श्रीमन्, बात जरा पर्सनल हो जाती है, लेकिन मेरे और मेरे साथियों का यह हाल है कि हमें कोई समय मिलने मिलाने का नही है। माननीय मित्र शिकायत कर रहे थे, मुमकिन है इन्होंने टेलीफोन किया होगा, मैं उनकी बात सही मान लेता हूं, लेकिन हालत यह है कि बड़े-बड़े पदाधिकारी, पब्लिक मैन, बड़े-बड़े आफिसर्स, गवर्नर्स वगैरह उनसे भी अगर हम सब से मिलें तो यह समझ लीजिए कि सुबह से शाम तक यह होता रहता है। उनमें से बहुत से लोग हैं। हम सभी का यह हाल है कि जब हम घर जाते हैं या घर से निकालते हैं तो पचासों गांवों के लोग वहां बैठे होते हैं। उनको समझाते-समझाते थक जाते हैं। हम को वक्त ही नहीं मिल रहा है। सबसे बड़ा एचीवमेंट तो हमारा है इकोनोमिक अपलिफ्ट और इट विल टेक इयर्स एंड इयर्स। मसलन प्राइसेज के घटाने की बात है और वह बढ़ रही है। प्राइसेज के बढ़ने का मुख्य कारण

[श्री चरण सिंह]

यह है कि पिछले साल जो मनी सप्लाई हुई वह 19 परसेंट हो गई । पिछले साल का असर अभी तो होगा । लोगों की जेब में परचेजिंग पावर ज्यादा हो गई, कोरेसपोडिंगली 19 परसेंट इंक्रीज इन प्रोडक्शन नही हुआ तो हम क्या कर सकते हैं ? क्या समझाएं लोगो को ? फिर उन्हीं के दिये हुए लाइसेंस हैं वैजिटेबुल घी के जिसकी परचेजिंग सबसे ज्यादा बढ़ी है । उन इम्पोर्टर्स ने गैर-ईमानदारी से काम किया है इसकी हम तहकीकात कर रहे हैं । उन्होने वैजिटेबल घी ले लिया है शायद इसी करण यह प्रोब्लम पैदा हो गई । मेरे कहने का मतलब यह है कि हम लोग अधिकतर अपने जीवन की सांझ मे हैं, इन द इवनिंग आफ अवर लाइफ । यह उलाहना देना, यह शिकायत करना कि ईमानदारी से नेकनीयती से लोग काम करते हैं, ठीक है । लेकिन उसमें बल नहीं है । आपको बात समझनी चाहिये, इसमें देर लगेगी। फ्राम द सक्रैप (?) आप देश को ठीक कर सकते हैं लेकिन जो चीज बिगड़ गई है, नेगेटिव में चली गई है उसको सुधारना आसान नही है । जो करेक्टर का ह्रास हुआ है इसको सुधारने में दो जनरेशन लगेंगे । मैं यह कोई और साथी मिल कर जो करैक्टर की लूट हुई है उसको ठीक कर सकते हैं और करैक्टर के मायने केवल मोरेलिटी या फाइनेंशियल नहीं है । कही कोई आदमी अपनी ड्युटी कर रहा है ? कही कोई आदमी कर्त्तव्यणील है । सब आदमी खाली बैठे है । सब स्वार्थी है, बडे से बड़ा और छोटे मे छोटा । हमारी खुशकिस्मती होगी, देश की खुशकिस्मती होगी कि अगर हम 10 साल में कुछ कर पायेंगे ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, एक बात और कहना चाहता हूं कि हमारे देश में कुछ ज्यादतियां हुई हैं । हमारे कुछ भाई कहते हैं कि जनता पार्टी में जनसंघ हावी है । मैं कहना चाहता हूं

Where is Jan Sangh? Jan Sangh is dead.

कुछ भाई कहते हैं भारतीय लोक दल–हावी है मैं कहना चाहता हूं वह कहां है ।

We are an entirely new party.

जो हम पहले थे उसको हमें भूलना होगा और उसको हम भूल रहे हैं । ठीक है कुछ वीकनेसेज हैं जो नहीं होनी चाहिये । लेकिन जो सिच्युएशन है उसमें हम एक हैं । पार्टी जब एक बन जाती है उसमें जो ग्रुप्स होते हैं, वे एक हो जाते हैं । पहले हम ग्रुप्स मे थे अब हमारी एक पार्टी बन गई है । हमारा जो माइंड है वह पास्ट की तरफ प्रिवेल करता है । गलतियां हो जाती है, लेकिन सर्कमस्टांसेज ऐसे हैं देश में कि हमें उन गलतियों को दूर करना ही पड़ेगा । हम सब लोगों ने यह तय किया है कि हमारे किसी भी व्यक्ति के स्वार्थ के कारण पार्टी को नुकसान न पहुंचे ।

We will sacrifice ourselves, we will retire from public life, but will not allow the Janata Party to suffer.

और बातें मैं छोडे देता हूं । आखिर मे मैं यह बात कह कर खत्म कर देना चाहता हूं कि हमारे कांग्रेस के दोस्तों ने, अंग्रेज तो चले गये लेकिन अंग्रेजों की नकल करना नही छोड़ा । उनकी जो पालिसी थी डिवाइड एंड रूल की, बांटो और शासन करो, वही हमारे दोस्त कर रहे हैं । कहा जाता है कि हम हरिजनों के दुश्मन हैं । यह गवर्नमेंट हरिजनों की दुश्मन है, खास कर यह चरण सिंह तो बहुत ही दुश्मन है । इसकी बिरादरी के लोग हरिजनों के दुश्मन हैं । हां, बिरादरी की बात आई है तो मैं कहना चाहता हूं यह हमारी बदकिस्मती है कि इसी वजह से इतना नुकसान उठाना पड़ रहा है । शास्त्री जी चले गये, वह भी बहुत बोल रहे थे और श्री राकेश यहां नहीं हैं वह इस सदन के सदस्य भी नही हैं उन्होंने भी स्पीच दी । उनकी स्पीच मैं सुना देता हूं ।

SHRI N. P. CHAUDHARI: There is no quarum in the House. The proceedings cannot go on.

श्री चरण सिंह : मैं सिर्फ यह कहना चाहता था कि ...

SHRI SANAT KUMAR RAHA: How can he spoke when there is no quorum?

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : ठीक है, कोरम की घंटी बज रही है। चौधरी साहब, आप अपना भाषण जारी रखिये।

श्री चरण सिंह : मैं यह अर्ज करना चाहता था कि जो आरोप लगाये गये हैं उनकी जांच करने में समय लगेगा ही। गृह मंत्रालय से संबंधित ये बातें है। यह इनके बारे में अपनी रिपोर्ट मगाएगा। मैं इस बात को मानता हूं कि जो सारी रिपोर्ट होती हैं वे सदेह से परे नहीं होती है। मेरे चुनाव क्षेत्र में जो घटनाएं होने की बात कही गई है उनकी तरफ भी मैं थोड़ा ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। माननीय प्रकाशवीर शास्त्री जी ने कहा कि गृह मंत्री के चुनाव क्षेत्र बागपत में या उसके आस-पास 1 अप्रैल और 15 मई को 5 हरिजन लड़कियों को जाटों ने दिन-दहाड़े पकड़ लिया और उनके साथ बलात्कार किया और दो लड़कियों की हत्या कर दी। इस बारे में डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ने जो कुछ मुझे लिखा है उसको मैं आपके सामने संक्षेप में या सारांश रूप में कह देना चाहता हूं। शास्त्री जी ने कहा कि 13 गांवों में इस प्रकार की घटनाएं हो रही हैं। लेकिन मेरी जानकारी के अनुसार केवल एक गांव में एक घटना हुई है और उसमें डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट मौके पर गया है। उसने कहा है कि इस प्रकार की कोई घटना नहीं हुई है। जिसका जिक्र किया गया है वह कोई घटना नहीं है। यह एक जमीन का डिसप्यूट है और इस बारे में मुकद्दमा चल रहा है। इस मामले में 25 हजार रुपये दाखिले के रूप में ले लिये गये हैं। ये बातें मेरे हल्के की हों या किसी अन्य हल्के की, ये सब गलत बातें हैं।

इन बातों के साथ-साथ यहां पर हरिजन और नौन-हरिजन का भी काफी सवाल पैदा किया गया। इसके साथ ही हिन्दी और अहिन्दी भाषियों का सवाल पैदा किया गया, नार्थ-साउथ का सवाल पैदा किया गया और जनसंघ और गैर-जनसंघ की बात कही गई। इन लोगों की यह कोशिश है कि किसी तरह से यह बख्तर टूट जाय। ये लोग कहते हैं कि बे पढ़े-लिखे लोग हैं, सीधे-साधे हैं, इसलिए अगर होम मिनिस्टर को निकालो कहेंगे तो हो सकता है कि होम मिनिस्टर को निकाल दिया जाय। यह भी इन लोगों ने कहा कि मैं हरिजनों का दुश्मन हूं। ठीक है, अगर आप यह बात कहते जाएंगे तो हो सकता है कि कुछ लोग इस पर यकीन करने लगें और आपका पोलिटिकल कैपिटल प्राप्त हो जाय। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि यह जनता पार्टी जो बनी है, यह उसी प्रकार से बनी है जिस प्रकार से कांग्रेस पार्टी नेशनल इंडिपेन्डेन्स के लिए लड़ने के फलस्वरूप बनी थी। इंडिविजुअल फ्रीडम और डेमोक्रेसी को कायम करने लिये लड़ी गई लड़ाई के फलस्वरूप जनता पार्टी का उदय हुआ है। यह पार्टी धधकती भट्टी में से निकल कर बनी है और अब किसी भी तरह से यह मिटने वाली नहीं है।

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : चूंकि कोरम नही है, इसलिए अब सदन की कार्यवाही कल 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

The House then adjourned at forty-four minutes past eight of the clock till eleven of the clock on Tuesday, the 26th July, 1977.

GMGIPMRND—LS II—686 RS—1-9-77—595.